


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 जो हिंदू-मुस्लिम के बीच दुश्मनी फैलाते हैं, वे हिंदू नहीं हो सकते: उद्धव ठाकरे....

महिला बिशप की ट्रंप से अपील- समलैंगिकों पर दया करें..... 12



वर्ष : 12 | अंक : 281 | पटना, शनिवार, 25 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## सीएम नीतीश ने जयंती पर जननायक को किया नमन

प्रात: किरण



पटना। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, विधायक अनिल कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, बिहार गीत एवं जननायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों का गायन किया गया। इसके पश्चात देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, विधायक अनिल कुमार, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री श्याम रजक, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, जननायक कर्पूरी ठाकुर के परिजन सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जदयू पार्टी कार्यालय में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित पार्टी के अन्य वरीय नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा : धनखड़



नई दिल्ली /एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत रत्न डॉ. कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का मसीहा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने कभी भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को बिहार के समस्तीपुर में डॉ. कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में कहा कि डॉ. ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे और उन्होंने आरक्षण लागू कर एक बड़ी आबादी के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोले। उन्होंने कहा, भारत के ये महान सपूत कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं। संक्षिप्त काल में कर्पूरी ठाकुर जी ने सामाजिक और राजनीतिक कायाकल्प का नया इतिहास लिखा ...... सदियों की जड़ता को तोड़ दिया और बड़ी आबादी के लिए संभावनाओं के अपार द्वार खोल दिये। उप राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. ठाकुर ने समता युग की नई शुरुआत की। उनका त्याग, उनका समर्पण, परिवारवाद को कभी बढ़ावा नहीं दिया। वह एक ऐसे राष्ट्रीय नेता थे जिन्होंने जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर समानता को दृष्टिगत रखते हुए, विकास संपन्न करते थे। श्री धनखड़ ने कहा कि डॉ. ठाकुर स्टेट्समैन थे। वर्तमान में काम करने के साथ-साथ भविष्य का भी चिंतन करते थे। उन्होंने आरक्षण लागू किया। किसी विरोध की परवाह नहीं की। ये एक नया अध्याय लिखा। उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया। सरकारी दफ्तर में हिन्दी कामकाज को बढ़ावा दिया। उनका उपहास भी हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा के उप सभापति डॉ. हरिवंश, कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राज्यसभा रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनके कारनामे हम सभी को प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य देखभाल आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समान रूप से दृढ़ हैं कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो।


### उत्तर प्रदेश दिवस पर मुर्मू, मोदी, योगी ने दी बधाई


लखनऊ। जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के लोगों को शुभकामनायें प्रेषित की हैं। राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में लिखा यूपी के सभी निवासियों को मेरी शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश की देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह राज्य आध्यात्मिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।श्री मोदी ने एक्स पर लिखा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के अपने सभी भाई-बहनों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है। मुझे पूरा भरोसा है कि जनकल्याण के लिए समर्पित सरकार और यहां के लोगों की अद्भुत प्रतिभा एवं अथक परिश्रम से हमारा यह प्रिय प्रदेश विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगा। मुख्यमंत्री योगी ने पोस्ट किया रघुकुलनंदन प्रभु श्री राम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, बाबा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत का ग्रोथ इंजन नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है।

# वक्फ विधेयक संबंधी संसदीय समिति की बैठक में हंगामा, 10 विपक्षी सदस्य निलंबित

## समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

प्रात : किरण





नई दिल्ली /एजेंसी। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल 10 विपक्षी सदस्यों को अध्यक्ष जगदंबिका पाल के खिलाफ विरोध जताने तथा प्रक्रियाओं को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाए जाने के बाद शुक्रवार को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सदस्यों ने पाल पर कार्यवाही को एक तमाशा बनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह सरकार के निर्देशों पर काम कर रहे थे। पाल ने बैठक को बाधित करने के उद्देश्य से उनके आचरण की आलोचना की। समिति के अध्यक्ष पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि उन्होंने बैठक को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, इसे दो बार स्थगित किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया। निलंबित सदस्यों में बनर्जी और नदीम-उल हक तृणमूल कांग्रेस, मोहम्मद जावेद, इमरान मसूद और सैयद नासिर हुसैन कांग्रेस, ए राजा और मोहम्मद अब्दुल्ला द्रमुक, असदुद्दीन ओवैसी एआईएमआईएम, मोहिबुल्लाह सपा और अरविंद सावंत शिवसेना-यूबीटी शामिल हैं। विपक्षी सदस्यों का निलंबन उस दिन हुआ जब मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर का एक प्रतिनिधिमंडल वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के समक्ष मसौदा कानून के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करने के लिए उपस्थित हुआ। समिति की बैठक हंगामेदार ढंग से शुरू हुई और विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष पर कार्यवाही में बाधा डालने और मनमानी से बैठक का एजेंडा बदलने का आरोप लगाया। एक संक्षिप्त स्थगन के बाद दोबारा बुलाई गई समिति की बैठक में विरोध और हंगामा जारी रहने के कारण 10 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। बनर्जी ने कहा, 21 जनवरी को हमारी बैठक के बाद, अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया था कि अगली बैठक 24-25 जनवरी को होगी। विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया और ए राजा ने भी पत्र लिखकर 30 या 31 जनवरी के बाद बैठक निर्धारित करने का अनुरोध किया। लेकिन अध्यक्ष ने हमारी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की बैठक का एजेंडा गुरुवार देर रात बदल दिया गया और आधी रात के करीब सदस्यों को सूचित किया गया। बनर्जी ने कहा, सभापति विपक्षी सदस्यों के साथ घरेलू सहायकों की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उन्हें इधर-उधर जाने का आदेश दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही में तेजी लाई जा रही है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि जब बैठक चल रही थी तो पाल को कई फोन आए और उन्होंने आरोप लगाया कि वह कार्यवाही के संचालन के लिए सरकार से आदेश ले रहे हैं। भाजपा सदस्य अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इससे पहले, संसदीय समिति की बैठक में हंगामा हुआ और विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि मसौदा विधेयक में प्रस्तावित बदलावों के अध्ययन के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि समिति 29 जनवरी को अपनी अंतिम रिपोर्ट स्वीकार करेगी। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गत आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया था और इसके बाद इसे संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। समिति की बैठक से पहले मीरवाइज ने संवाददाताओं से कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा तथा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जो मुसलमानों को महसूस कराए कि उन्हें शक्तिहीन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वक्फ का मुद्दा बहुत गंभीर मामला है, खासकर जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए। क्योंकि यह एक मुस्लिम बहुल राज्य है। कई लोगों को इस बारे में चिंताएं हैं और हमने इन चिंताओं के बिंदुवार समाधान के लिए एक विस्तृत ज्ञापन तैयार किया है। हम चाहते हैं कि सरकार वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने से बचे। मीरवाइज ने कहा, हमारा मानना है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे जम्मू कश्मीर में माहौल खराब हो। इससे पहले मीरवाइज, पाल से उनके आवास पर मिलने वाले थे। यह पहली बार है जब लगभग निष्क्रिय हो चुके अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी से बाहर कदम रखा है।

## बिहार के किसानों को दी जाएगी और ज्यादा राशि: शिवराज

### पीएम बिहार के भागलपुर पहुंचेंगे और वहां किसान सम्मान निधि का करेंगे वितरण



प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर पहुंचेंगे और वहां किसानों को किसान सम्मान निधि वितरण करेंगे। इस हेतु कार्यक्रम से पूर्व पीएम के आगमन को लेकर समीक्षा के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को बिहार दौरे पर पहुंचे। शिवराज सिंह चौहान, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और कृषि मंत्री मंगल पांडेय की प्रस्तावित भागलपुर यात्रा मौसम में खराबी के कारण रद्द हो गई। इस उपरांत पटना स्थित पुराना सचिवालय में ही पीएम के आगमन को लेकर समीक्षा बैठक की गई। जिसमें दिल्ली, पटना एवं भागलपुर से कई वरिष्ठ अधिकारी जुड़े। भाजपा प्रदेष अध्यक्ष सह मंत्री दिलीप जायसवाल भी वर्चुअल माध्यम से भागलपुर से जुड़े। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार कृषि के मामले मे विकास कर रहा है। हमने तीसरी बार समीक्षा की है। बिहार के किसानों के लिए भारत सरकार से और ज्यादा राशि मिलेगी। मखाना, मशरूम, शहद, लीची की फसल अच्छी हो रही है तथा इसमें और अनुसंधान की जरूरत है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम का आगमन बिहार के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। भागलपुर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

### बिहार की खेती के लिए दी जाएगी रिसर्च की टीम: मंगल

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तैयारियों का वर्चुअल जायजा लिया है। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। 24 फरवरी को भागलपुर में किसानों के लिए प्रधानमंत्री कई योजनाओं की शुरूआत करेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी के बिहार दौरे से राज्य में उत्साह है। खासकर कृषक समुदाय उत्साहित है। यह दौरा बिहार के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुझे केंद्र सरकार से आश्वासन मिला है कि बिहार के किसानों के लिए अनुसंधान की टीम दी जाएगी, ताकि फसल को लेकर अनुसंधान किया जा सके। साथ ही तकनीकी के आधार पर बिहार में किसान खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि पीएम के कार्यक्रम के दौरान बिहार की कृषि में उन्नति से संबंधित कार्यों की प्रदर्शनी लगेगी, जिससे अन्य किसान भी लाभान्वित होंगे। समीक्षा में यह भी निर्णय लिया गया कि कृषि रोड मैप की उपलब्धि से संबंधित वीडियो माननीय प्रधानमंत्री को दिखाया जाए। इस बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, डीजीपी विनय कुमार, प्रधान सचिव वित्त आनंद किषोर, भागलपुर डीएम नवल किशोर चौधरी एवं वर्चुअल माध्यम से भारत सरकार के सचिव समेत कई अन्य मौजूद रहें।

## बिहार में बेलगाम हो चुके हैं अपराधी : तेजस्वी

### बोलें- बिहार में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण



पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए एक बार फिर कहा कि वे अचेत हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। वहीं, भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है। बिहार में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। यह वही बिहार है, जहां 200 से ज्यादा राउंड गोलियां चलती हैं और दोनों पक्ष मीडिया को बुलाकर इंटरव्यू भी देते हैं और बिहार की पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है। इतना कुछ होने के बावजूद पुलिस सब कुछ चुपचाप देख रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस घटना में शामिल अपराधियों के घर भी जाया करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि केंद्रीय मंत्री के साथ भी इन लोगों का उठना-बैठना है। उनका लोग स्वागत किया करते हैं। बिहार में रूह कंपाने वाली बातें अब मामूली बन चुकी हैं। पूरी तरीके से बिहार में अपराधियों को बोलबाला हो चुका है। पूरे बिहार में अपराध के अलावा भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है। आप देखिए एक शिक्षा विभाग के डीईओ के घर से करोड़ों रुपये नकदी बरामद की गई है। बेलगाम हो चुके अपराधियों को बिहार की सरकार द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। इतने राउंड गोलियां चलने के बाद अभी तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर अभी हम लोगों की सरकार होती तो बिहार से लेकर दिल्ली तक हिलाते रहते ये लोग। कहते चलते देखो बिहार में जंगलराज और अभी कोई बोलने को भी तैयार नहीं है, क्योंकि अभी तो यहां मंगलराज राज चल रहा है। तेजस्वी ने कहा कि जो भी अपराधी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह कोई भी क्यों न हो। गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव कपूर्री ठाकुर जयंती समारोह में शामिल होने मधुबनी जिला के फुलपरास जाने के दौरान दरभंगा में बीती रात से ही रुके थे। आज फुलपरास जाने से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सरकार को घेरते हुए कहा बिहार में अपराधियों को सरकार के द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। जिस कारण अपराधी 200 राउंड की फायरिंग करने के बाद मीडिया को इंटरव्यू देते हैं और पुलिस प्राथमिकी तक दर्ज नहीं करती है।

## तेजस्वी को याद करना चाहिए लालू यादव का शासनकाल: गिरिराज



बेगूसराय /एजेंसी। पूर्व विधायक अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर हमले की घटना पर सियासत तेज हो गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में जंगलराज का आरोप लगाया, तो केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू राज की याद दिला दी। गिरिराज सिंह ने कहा, तेजस्वी यादव को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बात करना अच्छा नहीं लगता। तेजस्वी यादव लालू यादव के लड़के हैं। उन्हें अपने पिता जी के शासनकाल को याद करना चाहिए। उन दिनों नवविवाहित पति और पत्नी को दिन में निकलने में डर लगता था। सीएम नीतीश कुमार के राज में कोई भी अपराधी बचेगा नहीं, उसे सजा देने का काम किया जाएगा। इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है। वहीं गिरिराज सिंह ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को लेकर भी राय दी। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जो जेपीसी बनी है, वह अपनी रिपोर्ट देगी तो इस पर किसी को क्या ऐतराज है। इसको लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है। तमाम पक्षों ने अपनी बात रखी है। देश में सैकड़ों उदाहरण हैं कि कैसे वक्फ बोर्ड ने जमीन को हड़पने का काम किया है। सरकारी जमीन को हड़पा गया और निर्दोष लोगों पर जुल्म किया गया। स्वाभाविक है वक्फ बोर्ड को लेकर जेपीसी जो रिपोर्ट देगी, संसद में उस पर बहस होगी फिर संसद निर्णय करेगी। आम लोगों की राय है कि वक्फ बोर्ड के अधिकार को सीमित किया जाए। ऐसे बोर्ड की ताकत को सीमित करना, जनता के हित और देश के हित में होगा। गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में हुई मजबूत वृद्धि : रिपोर्ट

नई दिल्लीभारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह नए निर्यात ऑर्डर में इजाफा होना है। यह जानकारी एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई रिपोर्ट में शुक्रवार को दी गई। 100 एक्टिविटीज इंडिकेटर्स के एनालिसिस के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर के अंत में समाप्त होने वाली तिमाही में 65 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। वहीं, इससे पहले की तिमाही में 55 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। यह दिखाता है कि वृद्धि दर में तेजी आई है। एचएसबीसी ने बयान में आगे कहा कि जनवरी में सर्विस पीएमआई पिछले महीने के मुकाबले कमजोर रही है। रिपोर्ट में बताया गया, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज में अंतर टैरिफ लगने के डर के कारण है। हमने पाया कि मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े नए निर्यात ऑर्डर में तेजी से वृद्धि हुई है। यह घरेलू या सर्विस ऑर्डर में वृद्धि से भी अधिक तेजी से बढ़े हैं। हमें लगता है कि इसका श्रेय नए संभावित टैरिफ लागू होने से पहले दुनिया भर में तेजी से स्टॉक भरने को दिया जा सकता है।

## आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में मिल सकती है छूट : रिपोर्ट

टैक्स

### केन्द्र सरकार उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए इनकम टैक्स स्लैब में कर सकती है बदलाव





नई दिल्ली /एजेंसी। ग्लोबल फाइनेंसियल सर्विसेज कंपनी नोमुरा ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार आगामी 2025-26 के आम बजट में उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव कर सकती है। साथ ही इस नोमुरा द्वारा यह अनुमान भी लगाया गया कि बजट में सरकार द्वारा राजकोषीय समेकन और विकास का समर्थन करने वाले उपायों दोनों पर ध्यान केंद्रित करेगी। फाइनेंसियल सर्विसेज फर्म को उम्मीद है कि भारत वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पार कर जाएगा और घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पहले के 4.9 प्रतिशत के पूवानुर्मान से थोड़ा कम है। यह बदलाव पूंजीगत व्यय कैपेक्स खर्च में कमी के कारण हुआ है। वित्त वर्ष 2026 के लिए नोमुरा का अनुमान है कि पूंजीगत व्यय जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहेगा, जो भारत के मध्यम अवधि के लक्ष्यों के अनुरूप है। नोमुरा यह भी उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2026 में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। नोमुरा ने सोने पर आयात शुल्क में वृद्धि, बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा में विस्तार और रुपये को समर्थन देने के लिए पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाने की संभावना जताई है। इसके अलावा, वित्तीय फर्म ने कहा कि भारत की सकल बाजार उधारी वित्त वर्ष 26 में मामूली वृद्धि होगी और यह 14.4 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, शुद्ध बाजार उधारी गिरकर 11.03 लाख करोड़ रुपये रह जाएगी, जो कि वित्त वर्ष 25 के मुकाबले 60,000 करोड़ रुपये कम है। इसके अतिरिक्त, नोमुरा का मानना है कि बजट में सरकार एक बैलेंस रुख अपनाएगी। इससे भारतीय रिजर्व बैंक को फरवरी में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट को कम करने में मदद मिलेगी।

## महाराष्ट्र की भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के एलटीपी सेक्शन में हुआ। विस्फोट के समय एलटीपी सेक्शन में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया और एक की मौत हो गई। अग्निशमन दल और एंबुलेंस को मौके पर भेज दिया गया है। छत ढह गई है, जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है।

### हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही: फडणवीस

हादसे की खबर आते ही फडणवीस ने दुख जताया। उन्होंने कहा, ह्यभंडरा जिले में आयुध फैक्टरी में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 श्रमिकों के फंसने की खबर है। अब तक मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्भाग्य से एक श्रमिक की मौत हो गई है। कई श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

फतुहा। शुक्रवार को वाणी पुस्तकालय में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा जननायक भारतरत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जननायक भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने जननायक भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर के बारे में बताया कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार के दो बार पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनकी ईमानदारी के किस्से पूरे देश में आज भी सुनाए जाते हैं। वह हमेशा अपने सिद्धांतों पर चलते थे और एक अलग ही पहचान देश में बनाई थी। वह सादगी भरा जीवन व्यतीत करते थे। कार्यक्रम में राजद के नगर अध्यक्ष दयानंद यादव, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, शिक्षाविद् प्रो. अवधेश यादव, श्यामनंदन यादव, मो फुद्दूस और नागेंद्र कुमार मौके पर मौजूद रहे।

### अज्ञात पुरुष का शव रेल पुलिस ने बरामद किया

दानापुर खगौल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1ए के पूर्वी छोर पर पोल संख्या 552/18 के निकट यात्री शेड में एक अज्ञात पुरुष का शव रेल पुलिस ने बरामद किया। मृतक देखने से भिखारी प्रतित होता है। ठंड लगने के कारण मौत होना प्रतीत होता है। इस संबंध में उप स्टेशन प्रबंधक दानापुर के प्राप्त मेमो के आधार पर रेल पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। पुलिस ने रात होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित निगरानी मे रखा है।

### पेयजल आपूर्ति से परेशान लोगों ने दानापुर गांधी मैदान मार्ग को जाम कर विरोध प्रकट किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को पेयजल आपूर्ति से परेशान लोगों ने गाभतल में दानापुर गांधी मैदान मार्ग को जाम कर विरोध किया। वार्ड 36 के गाभतल स्थित राउंड टेबल नगर के महादलित मुहल्ले के बच्चे और महिलाएं बांस बल्ले लेकर सड़क पर पहुंचे। सड़क को दोनों तरफ घेराबंदी कर सड़क पर बाल्टी, प्लास्टिक का डर्म आदि बजाकर विरोध किया। महिलाओं ने बताया कि दस बारह दिनों से हमलोगों के यहां पेयजलापूर्ति नहीं हो रहा है। पानी के लिए इधर-उधर जाना पड़ता है। पार्षद भी हमलोगों की परेशानी नहीं सुनते हैं।हम सभी गरीबों के पास पेयजल के लिए अपना कोई साधन नहीं है। हमलोगों सरकारी बोरिंग के भरोसे है।वहीं लोगों ने बताया कि त्रिभूवन पार्क स्थित बोरिंग से वार्ड 36 औरआसपास के वार्डों के कुछ भागों में पानी जाती थी।जो पिछले दस बारह दिनों से आपूर्ति ठीक से नहीं हो रही है। बताया कि पानी का लेयर नीचे चला गया है। जिससे थोड़ी देर चलने के बाद पानी आपूर्ति स्वत बंद हो जाता है। बताया कि उक्त बोरिंग से वार्ड 36 के गाभतल,पंचशील नगर मोड़, तकिया पर मोड़,डीफेंस कालोनी, बैंक कालोनी, राउंड टेबल नगर समेत अन्य मुहल्ले है।

### अंजान व्यक्ति की गलती से आये खाते में दो करोड़ रूपए

दानापुर। नगर के अंतर्गत साईबर अपराधियों की कमाल कहे या किसी अंजान व्यक्ति की गलती राहुल गोस्वामी कोकरोड़पति बना दिया।बावजूद राहुल इन सब बातों से अंजान था। बात की जानकारी शुक्रवार को उस समय हुई यूपी पुलिस मामले की छानबीन करने पहुंची।बताया जाता है कि दानापुर के पाचुचक निवासी दिलीप गोस्वामी का सदर बाजार में पटहेरी चुड़ी,बिंदी,सिंदूर का चुड़ी मंडी में फुटपाथ पर छोटा सा दुकान है। पुत्र राहुल गोस्वामी का पढ़ने के दौरान बैंक में खाता खुला था। पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं रहने से खाता में रूपए जमा निकासी बंद था। बताया जाता है कि उसके खाते पर दो करोड़ रूपए कब,कहां से आ गया।इसकी भी जानकारी नहीं थी।जब यूपी पुलिस राहुल के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने पहुंची तो बात की जानकारी हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि साईबर फ्राड के एक मामले की जांच पड़ताल करने यूपी पुलिस आई थी।

### जननायक कूर्परी ठाकुर की मनी जयंती, किया नमन

पटना सिटी (प्राकि)। जननायक व पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती शुक्रवार को मनाई गई। अत्यंत पिछड़ा वर्ग चेतना महामंच के प्रदेश अध्यक्षत अरुण स्टार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में रामजानकी चौराहा मुहल्ले में मनी जयंती में सच्चिदानंद प्रसाद, अमन दीप, संजीव कुमार, रामनाथ यादव, नरेश चौधरी, विनीता देवी, उषा देवी आदि शामिल हुए। इधर राजद की ओर से मानस पथ में डॉ एकबाल अहमद की अध्यक्षता व पूर्व निगम पार्षद बलराम चौधरी के संचालन में आयोजित जयंती में मोहम्मद जावेद, अजीत सिंह कुशवाहा, मुन्ना जायसवाल, मो साबिर अली, शारीफ अहमद रंगरेज, मो फिरोज अंसारी, भूषण माली, मो सलीम आदि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्व कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय एवं समता मूलक समाज को मजबूती के साथ बिहार में आगे बढ़ाने का काम किया है। अति पिछड़ी जाति की ओर से जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी की अध्यक्षता में भी जयंती मनाई गई।

# स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ विपिन पहुंचे एनएमसीएच

**● नर्सिंग स्कूल में पहुंच कर संसाधन एवं भवन का लिया जायजा**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ विपिन कुमार सिंह शुक्रवार को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार से मुलाकात की। इसके बाद वह नर्सिंग स्कूल का निरीक्षण करने निकल गए। यहां डॉ विपिन के पहुंचने पर प्राचार्य कुमारी वीणा ने उनका स्वागत किया। हालांकि परिसर में प्रवेश करने के साथ ही उन्होंने पश्चिम की ओर जलजमाव के साथ जमे काई और गंदगी पर नाराजगी का इजहार किया। इसके बाद यहां के अध्यापन कार्य से लेकर अन्य बातों की जानकारी ली। प्राचार्य ने उन्हें बताया कि फिलहाल 66 छात्राओं का यहां तीन-तीन बैच एनएमसीएच और पीएमसीएच का चल रहा है। छात्रों को छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। हालांकि कहा गया कि कुछ संसाधन और ट्विटर की कमी है। छात्राओं और ट्विटर का अनुपात 10-1 का होना चाहिए, जो उक्त मापदंड के अनुसार नहीं है। परिसर में प्रवेश करने के साथ ही जलजमाव और जम काई वगंदगी के बारे में प्राचार्य ने उन्हें बताया कि बगल में नाला के पानी की निकासी होती थी। मगर बगल में मेडिकल छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण हो जाने से नाला के पानी का निकास बंद हो चुका है। बीच-बीच में इसकी सफाई कराई जाती है। इसके लिए कार्यालय को सूचित किया गया है। साथ ही इसका स्थायी समाधान कराए जाने के बाबत पत्र भी लिखा गया है और मौखिक तौर पर भी कहा गया है। निदेशक प्रमुख डॉक्टर विपिन कुमार सिंह ने प्राचार्य एवं मौजूद अन्य ट्विटर से बात करने के बाद संसाधन और ट्विटर की कमी को दूर करने का आश्वासन देने के साथ ही वह लौट गए। दरअसल स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ विपिन कुमार सिंह पूर्व में नालंदा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग से जुड़े थे। निदेशक प्रमुख का प्रभार लेने के बाद वह नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहली बार पहुंचे थे। औपचारिकतावश उन्होंने अधीक्षक और उपाधीक्षक से मुलाकात की और पुरानी यादों को ताजा किया। उन्होंने कॉलेज और अस्पताल में चल रही गतिविधियों एवं विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

## स्किल लैब प्रशिक्षण के लिए विभिन्न उपकरण व मेनीक्विन से सुसज्जित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएचएफआई) के संयुक्त तत्वावधान में नवनिर्मित स्किल लैब का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। उद्घाटन नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह, गायनी की विभागाध्यक्ष डॉप्रो दीप्ति राय एवं पीएचएफआई के टीम लीडर डॉ प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। एनएमसीएच एवं पीएचएफआई के संयुक्त प्रयास से दो दिवसीय (24 एवं 25 जनवरी) को डॉक्टर मेंटरिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसके लिए स्किल लैब को पूर्ण रूप से स्किल एवं क्वालिटी ट्रेनिंग के लिए विभिन्न उपकरणों एवं मेनी क्विन से सुसज्जित किया गया है। इसमें गुणवत्तापूर्ण एवं छोटी से छोटी क्लीनिकल बातों के बारे में जिला स्तर से आए चिकित्सकों को यहां प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला को हमेशा के लिए एनएमसीएच के द्वारा अडॉप्ट भी किया जाएगा। इसमें उक्त जिले से आए प्रशिक्षक को जब भी जरूरत हो, वह एनएमसीएच के चिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इस दो दिवसीय मेंटरिंग प्रोग्राम में बेगूसराय जिला को गोद लिया गया है। वहां से छह प्रशिक्षु यहां प्रशिक्षण लेने के लिए आए हैं। समारोह का आयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ वीणा कुमारी सिन्हा ने किया एवं मॉनिटरिंग डॉ प्रतिमा एवं डॉ बबीता रहीं। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक शिशु रोग के डॉप्रो एके जायसवाल एवं गायनी की डॉ हिमाली हेदी सिन्हा सलाहकार के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो बीपी जायसवाल, एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉप्रो बिजॉय कुमार, डॉ आरती, डॉ तबस्सुम अहमद, डॉ संगीता, डॉ प्रतिमा, डॉअभिलाषा, डॉ राजरानी, डॉ कविता आदि उपस्थित रहीं।

## सुबह टहलने के दौरान स्टेडियम में ठंड लगने से गिरा युवक, हुई मौत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब स्थित मनोज कमलिया स्टेडियम में सुबह टहलने के दौरान एक युवक अचानक गिर गया। जब तक लोग कुछ समझते और उसके पास पहुंचते, उसने दम तोड़ दिया। घटना शुक्रवार की सुबह हुई। यहां दौड़ने, टहलने व योगा करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

लोग मृतक के पास जुट गए। फिर चौक थाना की पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि मौजूद लोगों का कहना था कि प्रथम दृष्टया ठंड लगने से मौत की बात कही जा रही थी। मृत युवक की पहचान मधुबनी जिला के पंडौल थाना क्षेत्र के करहगोरिया गांव के रहने वाले अशर्फी राउत के पुत्र संजय राउत के रूप में हुई है। वह पटना साहिब स्टेशन के सामने ही किराए के मकान में रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करता था। उसके मित्र प्रभात राज ने बताया कि संजय राउत दारोगा भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इसी कारण से वह प्रतिदिन सुबह मनोज कमलिया स्टेडियम में दौड़ने और जॉगिंग के लिए आया करता था। इस दौरान सूचना पर पहुंचे चौक थाना के परि एसआई गौरव कुमार ने बताया कि ठंड लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिजन की ओर से सौरभ कुमार ने लिखित में आवेदन दिया है कि वह शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। संजय राउत की मौत को लेकर उन्हें किसी से कोई शिकायत नहीं है। उनके भाई ने भी पोस्टमार्टम कराने से मोबाइल पर बातचीत के दौरान मना किया। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम नहीं करा शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को लेकर मधुबनी चले गए। वहीं उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## प्रभारी परिचारिका तीन दिनों के अंदर सिर्फ वार्ड सिस्टर की ही जिम्मेवारी सौंपेंगी, न कि पूर्ण प्रभार




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अंततः अधीक्षक को 23 जनवरी को जारी आदेश में संशोधन करना पड़ा। इस संबंध में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा 25 सितंबर, 24 को आदेश संख्या 1261(6) एवं 20 दिसंबर, 24 को 1696 (6) जारी किया गया था। इसमें उनके द्वारा परिचारिकाओं को वार्ड सिस्टर के पद पर नवप्रोन्नत किया गया था। इसके बाद नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह एवं प्रभारी मातृका सुशीला कुमारी के द्वारा 23 जनवरी, 25 को पत्रांक 81 जारी किया गया। इसमें प्रभार से संबंधित निर्गत आदेश को संशोधित किया गया है। इसमें आदेशित किया गया है कि वार्ड सिस्टर एवं प्रभारी परिचारिका भारतीय नर्सिंग परिषद के निहित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेंगी। एनएमसीएच के अधीक्षक के 21 जनवरी, 25 को जारी आदेश संख्या 230 पूर्ववत यथावत माना जाएगा। आदेश दिया जाता है कि वार्ड सिस्टर/प्रभारी परिचारिका अपने-अपने विभाग के तहत निम्नांकित दिशा-निर्देश के अनुरूप अपना कार्य संपादन करेंगे। साथ ही प्रभारी परिचारिका पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर सिर्फ वार्ड सिस्टर की ही जिम्मेदारी सौंपेगी। प्रभारी परिचारिका पूर्ववत अपना कार्य संपादन करती रहेंगी। इस हद तक पूर्व का आदेश संशोधित समझा जाए। बाकी सब यथावत रहेगा। जारी पत्र में सिस्टर इंचार्ज और वार्ड सिस्टर की कानूनी ड्यूटी को भी बताया गया है। विदित हो कि अधीक्षक और प्रभारी मातृका के द्वारा जारी पत्र के बाद सिस्टर इंचार्ज और वार्ड सिस्टर के बीच संशय की स्थिति मची हुई थी। इसे लेकर शुक्रवार को पूरे दिन अधीक्षक, उपाधीक्षक और किरानी के कार्यालय में नर्सिंग स्टाफ का जमावड़ा बनी रही। हालांकि अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह शिशु विभाग में परीक्षा लेने के लिए लगी रहीं। इस बीच स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख का आगमन भी हुआ। अपराह्न में संशोधित आदेश पत्र को जारी किया गया।

## 32वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से किया आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत मुख्यालय पटना भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, नवादा, फुलवारी शरीफ, पटना में हिमवीर वाइब्स वैलफेयर एसोसिएशन का 32वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। आईटीबीपी महानिदेशालय से जारी वार्षिक हावा कैलेण्डर 2025 में दिए गए निदेर्शानुसार हिमवीर वाइब्स वैलफेयर एसोसिएशन का 32वां स्थापना दिवस क्षेत्रीय मुख्यालय पटना में ऑफिसर वाइब्स, हिमवीर परिवार की सदस्याओं एव हिमवीरांगनाओं की उपस्थित में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ पैटन हावा उषा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। उच्चस्थ कार्यालय के निदेर्शानुसार हिमवीर परिवार की सदस्याओं के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन पीरामल फाउंडेशन ग्रुप पटना की बीना कुमारी जी द्वारा किया गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 31.01.2025 को 12:00 बजे पूर्वाहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 01.02.2025 को 01:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 01.02.2025 को 03:30 बजे अपराहन से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय।
(ख) कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय।
(ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–01,02,03 गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक–5 के अनुसार।
7. प्रत्येक ग्रुप हेतु अलग–अलग आवेदन देना अनिवार्य होगा। दो या दो से अधिक ग्रुप के लिए एक साथ आवेदन को आमान्य समझा जायेगा।
8. **कार्य का विवरणी**

| S. No. | Work Name | Estimate Rate ( Rs.) | Earnes Money ( Rs.) | B.O.Q. Rate ¼Rs.½ | Work completeion date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Day to Day work in Amlatola section 3 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 75000.00 | 1500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 2 | Repair of Stair, all toilet, doors, windows and other works of Saryug ward east in the campus of AKK Beur. For the year -2024-25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 3 | Repair of boundary wall of Amlatola section 3 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 75000.00 | 1500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 4 | Repair of boundary wall around the Saryug/tarun ward in the campus of AKK Beur. For the year - 2024-25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 5 | Repair of section office of Amlatola section 3 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 6 | Repair of roof, APP, Outer side area, water supply and other works of Administrative building in the campus of AKK Beur. For the year -2024-25 | 422400.00 | 8500.00 | 750.00 | 10 Days |
| 7 | Repair of roof, Kitchen, toilet, PHE, Shed, Doors, Windows and other work for B-Type 03 to 06 quarter in the campus of AKK Beur. For the year - 2024-25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 8 | Repair and painting of rooms, Kitchen, toilet, PHE, Shed, Doors, Windows and other works for B-Type 19 to 20 quarter in the campus of AKK Beur. For the year-24-25 | 176000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 9 | Repair of flooring and other works for outer Barrack No.(7) in the campus of AKK Beur. For the year-224-25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 10 | Supplying and installation of Name Plate Sinage stainless steel 3D letter and sign board work in 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 400000.00 | 8000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 11 | Day-to-day work for Civil Work and PHE Work in the campus of AKK Beur, Patna. For the year 24-25 (Part-A) | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 12 | Repair of all Submersible motor at difference place in the campus of AKK Beur. For the year -2024-25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 13 | Renovation of Telephone booth shed of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 350400.00 | 7100.00 | 750.00 | 10 Days |
| 14 | Renovation of main building, campus development and C/Wall of resi. Jailor-2 of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 211200.00 | 4300.00 | 500.00 | 10 Days |
| 15 | Renovation of main building, campus development work of resi. No. Doctor-1 of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 588400.00 | 12000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 16 | Provision of santary shed near entrance gate of guest house of AKK Beur, Patna for the year 2024 - 25 | 165440.00 | 3400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 17 | Provision of Parking shed near guset house of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 211200.00 | 4300.00 | 500.00 | 10 Days |
| 18 | Repair of all cage toilet in yamuna ward (North) (12 unit) of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 19 | Jungle cutting work in 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024 -25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 20 | Repair and painting in internal compound wall of yamuna ward of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 70400.00 | 1500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 21 | Campus cleaning work in 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024 - 25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 22 | Repair and painting in internal compound wall of godawari ward of AKK Beur, Patna for the year 24- 25 | 70400.00 | 1500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 23 | Pathway in park work in 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024 -25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 24 | Drain repair and cover work in 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024 - 25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 25 | Repair and painting in internal compound wall of Single cell of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 26 | Repair and painting work in community hall of 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 27 | Repair and painting of outer police barrack-4, AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 28 | Repair and painting work in Police barrack of 20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 29 | Renovation of flowerbed, grill in side of approach road in the campus of superintendent residence(outer side) of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 563200.00 | 11400.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 30 | S/R to grill work and flowerbed work beside waiting hall in the campus of AKK Beur, Patna for the yeaar 2024-25 | 246400.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 31 | Roof Cleaning and repair of roof, Cleaning of water tank 1/20 to 20/20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024 -25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 32 | Repair and painting and other work of Outer PWB Single Quarter No.(3/223-Single) in the campus of residencial area Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024-25 | 70400.00 | 1500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 33 | Renovation of compound wall in North-East corner (Barrack-7 to 16) in campus of camp jail section, Patna for the year 2024-25 | 294272.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 34 | Boring work with submersible Motor pump (1Nos) in campus of camp jail, Patna for the year 2024-25 | 199900.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 35 | Construction of Septic tank and Chamber in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 36 | Provision of Anti Termite work in different Government building under camp jail section Phulwari, Patna for the year-2024-25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 37 | Construction of Drain in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 24- 25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 38 | Jungle cutting work around the in the campus of Govt. Women Polytechnic Phulwari, Patna for the year-24-25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 39 | Repair of Establishment office, Record Room, Doctor Rest room, all toilet, doors, windows and other works in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 24-25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 40 | Construction of RCC Slab in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 70000.00 | 1400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 41 | Renovation of Magazine and Checking room (west of mulakati) in the Campus of camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024 -25 | 246400.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 42 | Boring work in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 275000.00 | 5500.00 | 750.00 | 10 Days |
| 43 | Renovation of superintendent chamber of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 (Part-A) | 737700.00 | 14800.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 44 | Construction of P.C.C work in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 45 | Repair of yamuna khand kitchen in campus of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 281600.00 | 5700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 46 | Repair of ganga khand kitchen in campus of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 176000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 47 | Soil filling work in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 48 | Renovation of Parking Shed behind Palna ghar in campus of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 (Part-B) | 492800.00 | 9900.00 | 750.00 | 10 Days |
| 49 | Paver Block work in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 50 | Day-to-Day work in Gardanibag Building division office Patna for year 2024-25 | 240000.00 | 4800.00 | 500.00 | 10 Days |
| 51 | Day-to-Day and PHE work in flat no 101 to 404 (16 Flats.) D -Type Block - 8 of Offices enclave gardanibagh Patna for year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 52 | Repair of approch road from main building to north-west new shed building in front of main building in the campus of Govt. Women Polytechnic Phulwari, Patna for the year-2024-25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 53 | Cleaning of terrace water tank and roof at A-Type Block campus Staff's housing Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | 146400.00 | 3000.0 | 500.00 | 10 Days |
| 54 | Repair and painting and other work of Outer Barrack No.(11) at left side of Jailor Residence in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024-25 | 70400.00 | 1500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 55 | Day-to-Day and PHE work in flat no 101 to 404 (16 Flats.) D -Type Block - 5 of Offices enclave gardanibagh Patna for year 2024-25. | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 56 | Campus development of ward No-01 camp jail phulwarisharif, Patna for the year 2024 -25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 57 | Day-to-Day and PHE work in flat no 501 to 804 (16 Flats.) D -Type Block - 5 of Offices enclave gardanibagh Patna for year 2024 -25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 58 | Repair and painting due to change of occupancy for residence of Jail Superintendent in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024-25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 59 | Day-to-Day and PHE work in 20 nos. Ftals A -Type Block- 1 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25. | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 60 | Renovation of outer toilet, Septic tank, footpath left side of section office in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024 -25 | 246400.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 61 | Day-to-Day and PHE work in 16 nos. Ftals A -Type Block- 3 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25. | 120000.00 | 2400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 62 | Repair and Painting work inside and other works for A-Type Quarter in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024 -25 | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 63 | Day-to-Day and PHE work in 24 nos. Ftals A -Type Block- 4 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 64 | Day-to-Day and PHE work in 16 nos. Ftals A -Type Block- 5 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 65 | Repair and Plinth protection, PHE and other work for Compounder Residence in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024 -25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 66 | Day-to-Day and PHE work in 20 nos. Ftals A -Type Block- 6 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 67 | Day-to-Day and PHE work in 20 nos. Ftals A -Type Block- 7 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25. | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 68 | Renovation of water supply to all ward in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 24-25 | 105600.00 | 2200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 69 | Day-to-Day and PHE work in 16 nos. Ftals A -Type Block- 8 at Gardanibagh Patna for year 2024 -25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 70 | Day-to-day work for Civil Work and PHE Work in the campus of Camp Jail Phulwarisarif, Patna. For the year 2024-25 (Part-A) | 140800.00 | 2900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 71 | Repair of outer RCC barrack No-2 (South of Palna Ghar) in campus of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 176000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 72 | Repair and painting back side & Bath in the campus of qtr No-09 & 10 Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 73 | Renovation of suerintendent residence of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 983100.00 | 19800.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 74 | Renovation of PCC road in suprintendent residence at AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 478900.00 | 9600.00 | 750.00 | 10 Days |
| 75 | Renovation of compound wall in North of Parivahan office near camp jail, Phulwarisharif, Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 76 | Renovatoin of compound wll back of police barrack No-9 & 10 outer of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 77 | Paver laying in front of B-Type residence No-11 to 18 in outer of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 120000.00 | 2400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 78 | Repair and painting of Garriage of AKK Beur patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 79 | Cleaning of chamber and sever line at A-Type block campus staff's housing Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 80 | Repair and painting in outer side of sarsawati ward (North) of AKK Beurs, Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 81 | Paver laying in side of approach from A-Type block-B to A-Type Block E & F in out of AKK Beur, Patna for the year 2024-25 | 120000.00 | 2400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 82 | Paver laying in campus of B-Type Res. 3 to 10 out side of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 83 | Renovation of compound wall south of B-Type Res. No-15 to 18 of AKK Beur, Patna for th year 2024 -25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 84 | Repair and painting work in outer surface of Tarun ward of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 85 | Paver laying in outer side of North perimeter wall of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 86 | Repair and painting of Police barrack east side of main gate camp jail phulwarisharif, Patna for the year 24-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 87 | Paver Laying in side of approach near A-Type staff qtr at camp jail phulwarisharif, Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 88 | Renovation of compound wall in back of A-Type block E out of AKK Beur Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 89 | Repair of outer compound wall (Right side) of AKK Beur, Patna for the year 2024 -25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 90 | Day to Day and PHE work and repair work due to change of occupancy in flat No-A5-307, A6-316 and A8-207 (3 flats) A-Type Block at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 149600.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 91 | Day to Day and PHE work and repair work due to change of occupancy in flat No-A1-119,208, A2-111 and A3-402 (4 flats) A-Type Block at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 185500.00 | 3800.00 | 500.00 | 10 Days |
| 92 | Cleaning of terrace water tank,chamber and sewer line at D-Type campus officer's enclave Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | 97,200.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |

निविदा के साथ स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी iv में निबंधन प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रति सभी अद्यतन कागजात की सुस्पष्ट स्वहस्ताक्षरित या राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। वैसे संवेदक जिनके यहाँ कार्य पूर्व से लंबित है, की निविदा मान्य नहीं होगी।

**विशेष सूचना के लिए वेबसाइट www.state.bihar.gov.in/ prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में संपर्क करें।**

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

PR- 018048 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कर्पूरी ठाकुर की सोच को आगे बढ़ाने की जरूरत : वशिष्ठ

# न्याय के साथ विकास की धारा को मजबूत करना कर्पूरी ठाकुर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता





जदयू प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जननायक कपूरी ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्मिलित होकर कर्पूरी ठाकुर की तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, मंच का संचालन रमेश ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महासचिव डॉ धर्मेन्द्र चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 19 वर्षों के कार्यकाल में हमारे नेता नीतीश कुमार ने अपना एक-एक दिन और एक-एक पल शोषितों व वंचितों के लिए समर्पित किया है। वर्ष 2005 में सत्ता का बागडोर संभालने के बाद नीतीश सरकार ने वर्ष 2006 में अतिपिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया। साथ ही पंचायती राज और नगर निकाय संस्था में अतिपिछड़ा वर्ग को आरक्षण देकर उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज इस कार्यक्रम से हमें न्याय के साथ विकास की धारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेकर बाहर निकलना है और 2025 में 225 - फिर से नीतीश के संकल्प को साकार करना है, यही जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कपूर्री ठाकुर के विचारों एवं आदर्शों को सरजमीं पर उताराने के काम में दिनरात जुटे हुए है। पार्टी के राष्टीय उपाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा जननायक कपूरी ठाकुर के बताए रास्ते पर चलने का काम किया और उनकी सोच को आगे बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कपूरी ठाकुर की सोच को आगे लेकर जाने की आवश्यकता है, यह देशहित में होगा। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि कपूरी ठाकुर के विजन एवं सोच को आगे बढ़ाते हुए नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा को पंचायती राज में आरक्षण देने का काम किया। मंत्री शीला मंडल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि फुलपरास विधानसभा जननायक कपूर्री ठाकुर की कर्मभूमि रही है और आज हमें वहाँ सेवा का मौका मिला है। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा वर्ग को समाजिक व राजनीतिक पहचान दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सिर्फ व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार हैं, उनके व्यक्तिव और जीवनशैली से हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी स्वयं के लिए नहीं सोचा और आज हमारे नेता भी उन्हीं के रास्ते पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की प्रगति और उन्नति के लिए हमें नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना है। उक्त मौके पर मंत्री लेसी सिंह, मंत्री सुमित कुमार सिंह,

विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधानपार्षद सह राष्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा, माननीय विधानपार्षद संजय सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री श्याम रजक, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व सांसद अशफाक करीम सहित पार्टी के कई नेतागण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनते होगी पूर्वांचल मंत्रालय की स्थापना: अखिलेश

दिल्ली/पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह लगातार दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के लिए कैंपेन कर रहे हैं। आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी में आयोजित विशेष संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा किया कि दिल्ली में कांग्रेस का सरकार बनते ही पूर्वांचल मंत्रालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही उन्होंने एक सब स्कीम की भी घोषणा की। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को आम आदमी पार्टी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहेंगे कि 500 का टिकट कटाकर पूर्वांचल के लोग 5 लाख का इलाज दिल्ली में करा कर चले जाते हैं और दृष्टि तरफ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा पूर्वांचल के लोगों की तुलना बांग्लादेशी घुसपैठियों से करने लगते हैं। जबकि दिल्ली के विकास में पूर्वांचल के लोगों का बेहद अहम योगदान रहा है, चाहे वो मजदूर के रूप में हो या छात्र या कामगार के रूप में हो। इसलिए पूर्वांचल के लोगों का विकास करने की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी पूरी जिम्मेदारी से ले रही है और यह दावे के साथ कह रही है कि हम सरकार बनते उनके लिए बेहतर काम करके दिखाएंगे क्योंकि बिहार और उत्तर प्रदेश के गांवों में भी इससे बेहतर स्थिति में आम लोग रहते हैं लेकिन देश के राजधानी में ऐसे जीवन स्तर देने को आम आदमी पार्टी ने हमारे लोगों को मजबूर कर दिया है और इस स्थिति को बदलने का काम कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतते ही करेगी। इस संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा, कन्हैया कुमार, अभय दुबे, राजेश राठौड़ सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए सजग रहकर काम करना होगा: लालू

## राजद कार्यालय में जयंती के अवसर पर जननायक को दी गई श्रद्धांजलि




पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में समाजवादी नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयन्ती समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थिति हुए। इस जयंती समारोह की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जी सहित उपस्थित सभी नेताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों के अनुरूप हासिये के समूहों के उत्थान के लिए काम करने का आह्वान किया और उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। आगे कहा कि हम लोग जननायक कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को गाँव-गाँव और सभी घरों तक पहुंचाएंगे। इन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवनपर्यंत गरीबों, किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों एवं वंचित समाज के बड़ी समूहों के लिए संघर्षरत रहें। श्री लालू प्रसाद ने आगे कहा कि जब तक समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को हक और अधिकार नहीं मिल जाता है, तब तक राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे। शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, महिलाओं और अल्पसंख्यको के साथ हर वर्गों के हक और अधिकार के प्रति हमें सजग रहना होगा। इस अवसर पर लोकसभा सांसद डॉ मीसा भारती, बिहार विधान परिषद के पूर्व उप सभापति डॉ रामचन्द्र पूर्वे, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन सहित सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित नेताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

# सशक्त पंचायत, विकसित बिहार के लिए स्वास्थ्य और कृषि की योजनाएं अहम: मंगल

## स्वास्थ्य व कृषि सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम

- राज्य के 69 प्रखंड के 1200 पंचायत के मुखिया से मंत्री ने किया सीधा संवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने शुक्रवार शाम वर्चुअल माध्यम से 4 जिलों सिवान, सारण, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर के 69 प्रखंड के 1200 पंचायत के मुखिया से सीधा संवाद किया। इस संवाद का उद्देश्य साल 2047 तक सशक्त पंचायत, विकसित बिहार की दिशा में स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में समग्र विकास को सशक्त बनाना है। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सभी मुखिया के सुझावों को माननीय मंत्री ने सुना और अपनी बातें सबके सामने रखीं। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसके तहत आर्थिक समृद्धि, सामाजिक उन्नति, पर्यावरण स्थिरता और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्रमुख घटक हैं। श्री पांडेय ने कहा कि पंचायत स्तर पर सामुदायिक भागीदारी और नेतृत्व इन लक्ष्यों की प्राप्ति में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य सरकार बिहार को स्वस्थ बिहार, समृद्ध बिहार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें मुफ्त एंबुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, बाल हृदय योजना, बाल थैलेसीमिया योजना, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएं और आशा कार्यकताओं, एएनएम, सीएचओ जैसे स्वास्थ्यकर्मियों को अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए सभी को बधाई दी। श्री पांडेय ने कृषि क्षेत्र में नवाचार और सुधार पर भी चर्चा करते हुए कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था में कृषि का बड़ा योगदान है और इसे सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाएं हैं। कृषि यांत्रिकरण योजना के तहत किसानों को 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। पंचायत स्तर पर कृषि यंत्र बैंक स्थापित किए जा रहे हैं। जल संरक्षण और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कृषि रोडमैप 2023-28 के तहत कृषि शक्ति उपलब्धता को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मूल्य समर्थन योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाकर किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जा रहे हैं।

# राजद और कांग्रेस ने संविधान को कुचला है: सम्राट

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय संविधान और लोकतंत्र विषय पर सेमिनार आयोजित

- राहुल गांधी को सभी संवैधानिक संस्थाओं के फैसले फर्जी लगते हैं



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज विधि प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय संविधान और लोकतंत्र विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई दिग्गजों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस सेमिनार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज कांग्रेस और राजद भले ही संविधान बचाने की बात कर रहे हों, लेकिन हकीकत है कि राजद और कांग्रेस ने संविधान को कुचला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर मौके पर संविधान को किनारे रखा। उन्होंने कहा कि अगर आज देश में वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा है, तो कांग्रेस ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर चुनी गई सरकार को हटा दिया और चुनाव की तारतम्यता को तोड़ दिया। जबकि पहले लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ में होते थे। यही नहीं, देश में आपातकाल लगाकर संविधान की ऐसी की तैसी कर दी। उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले राहुल गांधी खुद संविधान के लिए खतरा बन गए हैं। उन्हें बिहार की जातीय जनगणना ही नहीं, देश का चुनाव आयोग, ईवीएम, संसद और विधान सभाओं के फैसले तक फर्जी लगते हैं। सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि कर्नाटक की जातीय जनगणना यदि फर्जी नहीं है, तो राहुल गांधी उसे जारी कराने का साहस क्यों नहीं दिखाते? उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार के आरोपी भी संविधान की बात करते नजर आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्र, भीम सिंह, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विंध्याचल राय, सह संयोजक मनोज कुमार सिंह, संजय राय, प्रभारी अवधेश पांडे, हरेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार, प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी शत्रुघ्न पांडे, रणविजय सिंह, कौटिल्य प्रसाद, संतोष कुमार, कृष्ण मुरारी प्रसाद, सुनील कर्ण, रंजना श्रीवास्तव, पूनम सिंह, चंदन कुमार, मंटू पांडेय सहित सैंकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# असाधारण प्रतिभा के मनीषी विद्वान थे पं राम नारायण शास्त्री : पूर्व राज्यपाल

- स्मृति-पर्व पर सुप्रसिद्ध चिंतक देवव्रत प्रसाद और पत्रकार हृदय नारायण झा को दिया गया स्मृति सम्मान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



असाधारण प्रतिभा के मनीषी विद्वान थे पं राम नारायण शास्त्री । वे एक महान हिन्दी सेवी ही नहीं, संस्कृत के महापंडित और प्राच्य साहित्य के महान अन्वेषक भी थे। वे साहित्य, समाज और राजनीति में भी अपना विशिष्ट स्थान रखते थे। उनकी सरलता और विनम्रता अनुकरणीय थी। उनका संपूर्ण जीवन समाज को अर्पित था। वे राष्ट्रभाषा परिषद के निदेशक और उच्च कोटि के वक्ता भी थे। यह बातें शुक्रवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में पं राम नारायण शास्त्री स्मारक न्यास के तत्त्वावधान में आयोजित स्मृति-सह-सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए सिक्किमके पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। इस अवसर पर उन्होंने सुप्रतिष्ठ विचारक देवव्रत प्रसाद तथा संस्कृतिकर्मी-पत्रकार हृदय नारायण झा को अक्षर-पुरुष पं राम नारायण शास्त्री स्मृति सम्मान से अलंकृत किया। शास्त्री जी की विदुषी भार्या पुण्य-ऋचा ईश्वरी देवी की स्मृति में प्रतिवर्ष दिया जाने वाला ईश्वरी देवी सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ छात्रा पुरस्कार किशनपुर, सुपौल की छात्रा दीपिका कुमारी को प्रदान किया गया। उसे २५५१ रु की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। समारोह के मुख्य अतिथि और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि पुण्य-श्लोक शास्त्री की स्मृति में विगत ४६ वर्षों से हो रहा यह यज्ञ अत्यंत प्रेरणास्पद है। अपने पिता की स्मृति में जो कार्य अभिजीत कश्यप जी ने किया है, वह श्रवण कुमार की भाँति आदरणीय है। अभिजीत जी को श्रवण कुमार सम्मान से विभूषित किया जाना चाहिए। साहित्य सम्मेलन को यह कार्य अपने हाथ में लेना चाहिए। सभा की अध्यता करते हुए, सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि शास्त्रीजी एक प्रणम्य साहित्यिक साधु-पुरुष थे, जिनका अवतरण और लोकांतरण एक ही दिन, २४ जनवरी को हुआ। ऐसा सुयोग ईश्वरी कृपा-प्राप्त विभूतियों के जीवन में ही घटित होता है। यह भी अद्भुत संयोग है कि उनकी पत्नी का नाम ईश्वरी देवी था और उनका भी तिरोधान २४ जनवरी को ही हुआ। पं शास्त्री के पुत्र और न्यास के प्रमुख न्यासी अभिजीत कश्यप ने न्यास की गतिविधियों के संबंध में अपना प्रतिवेदन पढ़ा तथा सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। सभा के अंत में कुछ पलों का मौन रख कर पं शास्त्री के सद्यः दिवंगत पुत्र स्मृति-शेष अमिताभ कश्यप को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर, अधिवक्ता विवेकानन्द प्रसाद सिंह, सुषमा साहू, अभिनव तथागत, प्रभुदत्त शर्मा, मुरारी प्रसाद सिंह, विवेक कुमार गुप्ता, मो नकी इमाम,समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# अब्दुर्रज्जाक अंसारी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : रहमानी

पटना । ऐसे लोग कम होते हैं जो बगैर किसी शोहरत की तमन्ना किए खामोशी से समाज सेवा का अपना काम किए जाते हैं. ऐसी ही शख्सियतों में एक नाम अब्दुर रज्जाक अंसारी का है। उक्त बातें कहना है कांग्रेस नेता सह सुपौल से विधायक प्रत्याशी रहे मिन्नत रहमानी का । स्व० अब्दुर्रज्जाक अंसारी साहब की जयंती के अवसर पर उनको याद करते हुए रहमानी ने कहा कि ये वही अब्दुर रज्जाक अंसारी हैं, जिनके पास कभी पढ़ने के लिए पैसे ही नहीं थे। दस साल की उम्र में अपने परिवार के लोगों के बुने कपड़ों को करीब 20 किलोमीटर दूर बाजार में ले जाकर बेचते थे। कपड़ों को बेचने के बाद वे खान बहादुर हबीबुर रहमान के खोले गए एक स्कूल के गेट पर खड़े हो जाते थे, ये सिलसिला लगातार चलता रहा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, भवन निर्माण विभाग, पटना

बिहार सरकार

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-17/2024-25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक 05/ 02/2025 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक 06/02/2025 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समयः– दिनांक 06/02/2025 को 3:30 बजे अपराह्न से ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर,पटना। (3) संबंधित सहायक अभियंता, अवर प्रमंडल सं0–1/2/दानापुर, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः– क्रमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply, Fixing and Fitting of different types of additional portable fire extinguishers at Sardar Patel Bhawan, Nehru Path, Patna | 10,06,870.00 | 20200.00 | 2500.00 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 017899 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता

पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,दानापुर, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 30.01.2025 को 12:00 बजे पूर्वाहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 31.01.2025 को 01:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 31.01.2025 को 03:30 बजे अपराहन से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय। (ख) कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय। (ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–01,02,03 गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक–5 के अनुसार।
7. प्रत्येक ग्रुप हेतु अलग–अलग आवेदन देना अनिवार्य होगा। दो या दो से अधिक ग्रुप के लिए एक साथ आवेदन को आमान्य समझा जायेगा।
8. कार्य का विवरणी।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) में। | अग्रधन की राशि (रू0) में। | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) में। | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Repair and painting outer work in Resi No-09 to 12 of Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 2 | Repair and painting work in Resi No-01N Road No-09 in campus of khestriy Director pashupalan central zone under BVC Patna for the year 2024-25 | 180000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 3 | Repair and Painting of DAHO office under BVC Patna for the year 2024-25 | 170000.00 | 1400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 4 | Repair and painting work in Resi No-03 in campus of DAHO office under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 5 | Repair and Painting in internal surface of Gavya Shodh office under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 6 | Repair and painting work in Residence of Sri Mithilesh Paswan at Polo Road campus of Semen frozen bank Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 7 | Repair and Painting in outer surface of Gavya Shodh office under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 8 | Repair of Butch of LRS building under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 9 | Repair and painting work in chara vikash pdadhikari of DAHO Campus under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 10 | Repair and painting work in LRS first floor 3 Lab and Bathroom under BVC Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 11 | Anti Termite treatment work of Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 12 | Repair and painting work of BLDA building under campus of BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 13 | Repair and painting work in Veterinary section office under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 14 | Repair and painting work in Resi No-07 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 15 | Repair and painting work in Resi No-06 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 16 | Repair &amp painting work in Resi No-11 and 12 of Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 17 | Repair and painting work in Resi No-06 of Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 180000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 18 | APP work on the roof of LRS office under BVC Patna for the year 2024-25 | 400000.00 | 8000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 19 | Repair of water supply, Sanitary system &amp installation, drainage chamber &amp other P.H. work in LRS building under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 20 | Repair and painting in internal surface of Distric Gavya vikash office building under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 21 | Repair and painting in outer surface of Distric Gavya vikash office building under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 22 | Repair and Painting in Director chamber of LRS under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 23 | Special repair and Day to Day work for LRS Bathroom &amp Toilet under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 24 | Repair and painting work in Res. No-01 and 02 under DAHO campus BVC Patna for the year 2024-25 | 360000.00 | 7200.00 | 750.00 | 10 Days |
| 25 | Repair and painting work in back side of LRS under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 26 | Repair and painting work of compound wall of Gosala office in campus of Local Nideshak Pasupalan kendriye Zone under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 27 | Renovation of Bathroom work in Resi No-07 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 28 | Repair and painting work of main building of Local Nideshak Pasupalan kendriye Zone under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 29 | Repair and painting work of compound wall and guard room of LRS under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 30 | Repair and painting work in LRS back side building under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 31 | APP work in the roof of Gavya shodh office under BVC Patna for the year 2024-25 | 190000.00 | 3800.00 | 500.00 | 10 Days |
| 32 | Repair and painting behind qtr in Resi. No-5 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 33 | APP work on the roof of Resi. No-5 to 8 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 34 | Granite tiles work in stair of Resi. No-5 to 8 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 35 | Repair and painting in Resi. No-2 N of Road No-09 in campus of Khestriye Director Pashupalan central zone under BVC Patna for the year 2024-25 | 180000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 36 | Repair and painting in Resi. No-01 and 02 of BMP Road in campus under BVC Patna for the year 2024-25 | 310000.00 | 6200.00 | 750.00 | 10 Days |
| 37 | Repair and painting in Radhey krishan singh and Jay Prakash Narayan Sharma in campus of DAHO office under BVC Patna for the year 2024-25 | 310000.00 | 6200.00 | 750.00 | 10 Days |
| 38 | Repair and painting in Resi. No-05 of Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 100000.00 | 2000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 39 | Repair and painting outer work in Resi No-05 to 08 of Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 40 | Boring work in Resi. No-01 and 02 of BMP Road in campus under BVC Patna for the year 2024-25 | 180000.00 | 3600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 41 | Repair and painting work in Garrage of Resi. No-5 to 8 of Road No-01 under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 42 | Repair and painting work in Doctor Chamber and Bathroom of LRS under BVC Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 43 | Repair and painting work of 3 No. shed of back side of LRS office under BVC Patna for the year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 44 | Repair of compound wall qtr No-1-7 BMP road under BVC Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 45 | Repair &amp Painting in internal surface of Dashrath Manjhi building on ground floor, Patna for the year 24-25 | 600000.00 | 12000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 46 | Repair &amp Painting in internal surface of Dashrath Manjhi building on First floor, Patna for the year 2024-25 | 600000.00 | 12000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 47 | Construction of Drain in the campus of Amlatola section 04 at Gardaibagh, Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 48 | Repair &amp Painting in internal surface of Dashrath Manjhi building on Second floor, Patna for the year 2024-25 | 600000.00 | 12000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 49 | Repair and painting work of boundary wall (North) of Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 50 | Repair &amp Painting in Outer surface of Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 600000.00 | 12000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 51 | Repair & painting work of compound wall back side of B-Type quarter (15) to B-type quarer (22) to B-type quarter (3) at AKk Beur Patna for the year 2024-25 | 126000.00 | 2600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 52 | Day to Day in civil work for Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 53 | Day to Day in PH work for Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 54 | Construction of PCC work in the campus of Amlatola section 04 at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 55 | Laying of Mirror glass in all bathroom of Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 56 | Repair and painting work 3rd floor in Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 400000.00 | 8000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 57 | Repair and painting work Audotorium in Dashrath Manjhi building, Patna for the year 2024-25 | 250000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 58 | Day-to-Day and PHE work in 20 nos. Ftals A-Type Block- 6 at Gardanibagh Patna for year 2024-25 | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 59 | Renovatoin of shed Qtr No-1N under BVC Patna for the year 2024-25 | 294600.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 60 | Renovatoin of shed Qtr No-11 & 12 Road No-10 under BVC Patna for the year 2024-25 | 156700.00 | 3200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 61 | Day-to-Day and PHE work in 20 nos. Ftals A-Type Block- 7 at Gardanibagh Patna for year 2024-25. | 200000.00 | 4000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 62 | Renovatoin of shed in the roof qtr No-1N & 2N under BVC Patna for the year 2024-25 | 277700.00 | 5600.00 | 750.00 | 10 Days |
| 63 | Renovation of Bathroom in Qtr No-1N BVC Patna for the year 2024-25 | 163300.00 | 3400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 64 | Curtain work qtr No-13, 17,18 and 19/20 sets Minister Enclave at Gardanibagh Patna for the year 2024-25 | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 65 | Renovation of Shed Qtr.NO.1N Under BVC Patna for The Year 2024-25 (Part-B) | 322900.00 | 6500.00 | 750.00 | 10 Days |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.18045 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### मनाई गई जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के तरुनिया मैदान के प्रांगण में समारोह पूर्वक जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। समारोह के अध्यक्षता अमरजीत ठाकुर एवं संचालन राम प्रवेश राय ने की। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके फोटो पर पुष्प अर्पित किया। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह को उपप्रमुख सुजीत चौधरी, जिला परिषद ममता कुमारी, सत्यनारायण महतो, रामदेव राय, संजय कुमार, अविता कुमारी, शंभू दास, नन्नू लाल राय,नीलकमल, राम नंदन, रंजन कुमार, रामनारायण पंडित, संजीत शर्मा,शिलवंत राय आदि ने संबोधित किया।

### कुमार कपिलेश्वर सिंह करेंगें संस्कृत विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन

दरभंगा।कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय 25 जनवरी को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दरबार हॉल में शनिवार को कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता होंगे राज परिवार के कुमार कपिलेश्वर सिंह और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 संजय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। इसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भी फोकस रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकान्त ने बताया कि अपराह्न दो बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन डीएसडब्ल्यू डॉ शिवलोचन झा करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन करेंगे कुलसचिव प्रो0 ब्रजेशपति त्रिपाठी जबकि स्वागत भाषण वेद विभाग के डॉ विनय कुमार मिश्र देंगे। इस अवसर पर विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। साथ ही ,मतदाता जागरूकता शपथग्रहण भी किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के संयोजक होंगे एनएसएस समन्वयक डॉ सुधीर कुमार झा एवं मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ रामसेवक झा को सौंपी गई है।

### दो दिनों तक उत्तर बिहार में ठंढ बने रहने की सम्भावना

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार में अगले दो दिनों तक ठंढ से निजाद मिलने की सम्भावना नहीं है। दरभंगा समेत तराई के जिलों में कोल्ड डे जैसी स्थिति बन सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 25 से29 जनवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी गई है ।मौसमीय बेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 17.2 एवं 10.9 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 97 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 80 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.6 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 1.0 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.7 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 16.6 एवं दोपहर में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में हल्के से मध्यम कुहासा देखा गया। पूवार्नुमानित अवधि मे अधिकतम तापमान 17 से 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 08 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। औसतन 5 से 10 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है किपिछात बोयी गई गेहूँ की फसल में खर-पतवार नियंत्रण के कार्य को प्राथमिकता दें। फसल में जिंक की कमी के लक्षण (गेहूँ के पौधों का रंग हल्का पीला हो जाना) दिखाई दें रहें हो तो 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट, 1.25 किलोग्राम बुझा हुआ चुना एवं 12.5 किलोग्राम युरिया को 500 लिटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से 15 दिन के अन्तराल पर दो बार छिड़काव करें। आलू के अगात प्रभेद की तैयार फसलों की खुदाई कर लें। बीज वाली फसल की ऊपरी लत्ती की कटाई कर लें तथा खुदाई के 15 दिनों पूर्व सिंचाई बन्द कर दें। पिछात आलू की फसल में कटवर्म या कजरा पिल्लू की निगरानी करें। आलू की फसल में शुरूआती अवस्था से कंद बनने की अवस्था तक यह कीट फसल को नुकसान पहुँचाती है। उपचार हेतु क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 2.5 से 3 मि0ली0 प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।गरमा मौसम की अगात सब्जियों जैसे-भिन्डी, कद्दू, कदिमा, करेला, खीरा एवं नेनुओं की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर के पदचिन्हों पर मिलकर चल रही केंद्र और राज्य सरकार : उपराष्ट्रपति

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती समारोह में भाग लेने पहुंचे थे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह को लेकर 24 जनवरी जिले के कर्पूरी ग्राम स्थित जननायक के पैतृक गांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। गोकुल कर्पूरी फुलेश्वरी डिग्री महाविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति की पत्नी सुदेश घनखड़, बिहार राज्यपाल अरीफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय कृषि एवं कल्याण राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम में उपस्थित नही रहें। वह उपराष्ट्रपति के जाने के बाद पहुंचे थे। सबसे पहले वह जननायक के पैतृक स्थान स्मृति निवास पर पहुंचकर वहां माल्यार्पण किया। इसके बाद वह गोकुल कर्पूरी फुलेश्वरी डिग्री महाविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वहां भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध था। उपराष्ट्रपति के सभास्थल पर 11:17 बजे पहुंचने पर कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। वहीं इसके बाद उपराष्ट्रपति सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। जिसके बाद भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र और केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने सभी अतिथियों का चादर और कपूरी ठाकुर की जीवनी पर आधारित पुस्तक भेंट किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 11:44 बजे में अपना सम्बोधन शुरू किया। उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के संघर्ष के दिनों को याद कर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कपूर्री ठाकुर की जन्म भूमि कपूर्रीग्राम है, लेकिन देश उनकी कर्मभूमि रही है। उन्हें भारत रत्न से नवाजा गया है। जब उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा हुई तो ग्रामीण वर्ग में एक अलग ही खुशी देखने को मिली थी। यह सम्मान उन्हें पहले क्यों नहीं मिला। अब देश में बदलाव आ रहा है, सही समय में उनको यह सम्मान दिया गया। उनके पदचिन्हों पर चलने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और शिवराज सिंह चौहान भी हैं। कपूर्री ठाकुर कभी विधानसभा चुनाव नहीं हारे और आज केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उनके पदचिन्हों पर चलने का काम कर रही है। उन्होंने कभी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। समाजवाद के मसीहा को केंद्र से लेकर बिहार सरकार उनके सपने को आज बढ़ा रहा है। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उनके सपने को सरकार रहे हैं। तभी तो हर घर जल, हर घर गैस सिलेंडर कनेक्शन, भारत ने 10 वर्षों में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। आने वाले समय में देश विश्व के तीसरे अर्थव्यवस्था वाला देश बनने वाला है और आते-आते 2047 में विकसित भारत बन जाएगा। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वो सरकारी नौकरी के पीछे नहीं, अपनी मेहनत से आत्मनिर्भर होकर अपना स्टार्टअप शुरू करें। उन्होंने करीब 15 मिनट तक सभा को सम्बोधित किया और 11:59 में उन्होंने अपना सम्बोधन समाप्त किया। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम समापन राष्ट्रगान के बाद 12:01 बजे हुआ। उसके बाद उपराष्ट्रपति व अन्य अतिथि प्रस्थान कर गए।

## डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका सराहनीय : भगीरथ चौधरी



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भगीरथ चौधरी ने मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया और भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भारत की एक महान विभूति की प्रतिमा के अनावरण का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ पांडेय के नेतृत्व में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को जो भी जरूरत होगी उसको पूरा करने का वे प्रयास करेंगे ताकि और अच्छा काम हो और माननीय प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय सराहनीय भूमिका निभा रहा है जिसकी हर ओर चर्चा है। उन्होंने कहा कि मीडिया सेंटर डिजिटल एग्रीकल्चर में एक और महत्वपूर्ण कड़ी है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में मीडिया सेंटर अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत 89.5 एफ एम चैनल का भी प्रसारण किया जाएगां जो किसानों को कृषि एवं इससे संबद्ध जानकारी उपलब्ध करवायेगी। मीडिया सेंटर के अंतर्गत टीवी स्टूडियो भी बनाया गया है जिसमें आडियो वीडियो रिकॉर्डिंग की जायेगी और किसानों को विश्वविद्यालय के यू ट्यूब, फेसबुक एवं अन्य माध्यमों के जरिए प्रसारित किया जाएगा। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ मयंक राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में चल रहे कृषि पत्रकारिता एवं अन्य छात्रों के लिए यह सेंटर एक लैब का कार्य भी करेगा जिसके माध्यम से छात्रों को विडियो प्रोडक्शन तथा पत्रकारिता के प्रैक्टिकल स्किल सिखाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह , डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर राम सुरेश वर्मा, निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी, डॉ महेश कुमार , डॉ सी के झा, डॉ शिवपूजन सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक, वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोरियों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक्शन एड व महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में बंदरा प्रखंड के नुनफारा पंचायत के नाथ बाबा मंदिर परिसर में पीरापुर, बड़गांव व नुनफारा पंचायत की किशोरियों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, बंदरा, आमना वसी,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, जयश्री, अरविन्द कुमार जिला समन्वयक एक्शन एड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, महिला विकास निगम,तमशील आबिदा, ज्योति कुमारी, केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, कुमारी आरती , विकास मित्र, नुनफारा, राजगीर कुमार, प्रखंड समन्वयक एक्शन एड, रामसुंदर राम, मानव अधिकार रक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, चन्दन कुमार,प्रिंस कुमार, अजित कुमार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कबड्डी प्रतियोगिता में चार किशोरी समूह प्रतिज्ञा,बंधन, संकल्प,दुर्गा व लक्ष्मी समूहों ने भाग लिया। इसमें दुर्गा व बंधन किशोरी समूह विजित हुई। टीम के सभी सदस्यों को स्कूल बैग प्रखंड विकास पदाधिकारी आमना वसी के हाथों प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत सभी किशोरियों के साथ पदाधिकारियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में विषय प्रवेश अरविन्द कुमार जिला समन्वयक एक्शन एड ने किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस क्यों मनाया जाता है। जिला में बालिकाओं की स्थिति जिसमें विषम लिंगानुपात, बालिका शिक्षा, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना आदि पर प्रकाश डाला। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने साई और खेल में अपना कैरियर का चुनाव कैसे करें इसपर प्रकाश डाला। प्रखंड विकास पदाधिकारी आमना वसी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बाल विवाह, बाल श्रम को प्रखंड से समाप्त करने के लिए किशोरी समूह के सशक्तिकरण पर बल दिया और ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए ऐसे ओपन डोर खेल कार्यक्रम अधिकाधिक कराने की बात कही।

## झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम पंडित नेहरू स्टेडियम में

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला प्रशासन की ओर से झंडा तोलन का मुख्य कार्यक्रम इस बार पंडित नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। पिछले कुछ वर्षों से यह आयोजन शहीद खुदीराम बोस मैदान में हो रहा था। इस बार पंडित नेहरू स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। इसमें आकर्षक झांकियों के माध्यम से लोग मुजफ्फरपुर जिले के विकास से रूबरू होंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नौ विभागों द्वारा झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसके लिए विभागवार विषय तय हो गया है जिसे लेकर विभाग झांकियों की तैयारी में जुटा हुआ है। सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस बार के गणतंत्र दिवस के अवसर पर नौ विभागों के द्वारा झांकी निकाली जाएगी। सबसे पहले डीआरडीए के द्वारा मनरेगा के अंतर्गत बने खेल मैदान और स्टेडियम निर्माण कि झांकी होगी तो दूसरे नंबर पर पंचायती राज विभाग द्वारा महिला ग्राम सभा और ई-ग्राम कचहरी, तीसरे नंबर पर उत्पाद विभाग की झांकी में शराब सेवन का दुष्परिणाम तथा ब्रेथ एनालाइजर से जांच होता दिखेगा, चौथे नंबर पर शिक्षा विभाग कि झांकी में 10+2 की बच्चियों के लिए संचालित होने वाले हॉस्टल का मॉडल और आईसीटी लैब के माध्यम से अध्ययनरत बच्चे दिखेंगे, पांचवें नंबर पर स्वास्थ्य विभाग कि झांकी में हेल्थ वेलनेस सेंटर का संचालन और सेंटर पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं ,एनसीडी के अंतर्गत हाइपरटेंशन, डायबिटीज एवं कैंसर का अर्ली डिटेक्शन का डिमॉन्स्ट्रेशन होगा। छठे नंबर पर जीविका की झांकी में महिला सशक्तीकरण और सामाजिक आर्थिक उन्नयन को प्रदर्शित किया जाएगा।

## अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय सेमीफाइनल में पहुंची लनामिवि महिला कबड्डी टीम

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। गुरु काशी विश्वविद्यालय, पंजाब में 22 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित हो रहे अखिल भारतीय अंतर -विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी की टोली ने अपने शानदार प्रदर्शन द्वारा सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर लिया है। टोली प्रबंधक डॉ प्रियंका राय से मिली जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय की टीम अपने पूल की विनर टीम बनीं और दूसरे पूल की विनर टीम मदर टेरेसा विश्वविद्यालय, तमिलनाडु के साथ मैच हुआ। इस मैच को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की टीम ने 50-15 के बड़े अंकों के अन्तराल से जीता है। मैच की बेस्ट रेडर लनामिवि की दीप्ति रहीं। दीप्ति ने अकेले ही खेल के मैदान में कई रेड डाल कर ढेर सारे जीत के अंक हासिल किए। डॉ राय ने बताया कि इस मैच की विनर टीम ही सेमीफाइनल में जाएगी। इस लिहाज से यह मैच बेहद अहम रहा। कल के सेमी फाईनल मैच में हमारे विश्वविद्यालय की भिड़ंत मेजबानी कर रही गुरु काशी विश्वविद्यालय,पंजाब की टीम से होगी। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने टेलीफोन के माध्यम से सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और प्रबंधकों को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी ।विश्वविद्यालय खेल पदाधिकारी प्रो अजय नाथ झा ने भी महिला कबड्डी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर खुशी व्यक्त करते हुए आगामी मैच में सफलता की शुभाकांक्षा दी। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने भी मैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए टीम को शुभाषीश दिया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में कई कार्यक्रमों का हुआ अयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नगर भवन मधुबनी में आयोजित समारोह में कई कार्यक्रमो का अयोजन किया गया ।जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे समाज में नारी का सम्मान हमेशा से होता आया है,परन्तु बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी घटनाएं आज भी देखने को मिलती हैं जो अत्यंत खेदजनक है। उन्होने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियो को दूर करने के लिए सरकार के द्वारा इसे प्राथमिकता में रखकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कुरीतियो के विरुद्ध कानून पहले से मौजूद है परंतुजन जागरूकता द्वारा इसे प्रभावी तरीके से दूर किया जा सकता है। उन्होने कहा कि बालक और बालिकाओं में समानता की शुरूआत हमे अपने परिवार से करनी होगी। बालिकाओ को भी पढ़ने और आगे बढ़ने के समान अधिकार मिले ये आवश्यक है। आज इस परिप्रेक्ष्य में जन चेतना में सुधार देखने को मिल रहा है। परंतु इस दिशा में और भी प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होने उपस्थित बालिकाओ को एक अविभावक के रूप में उनके सवार्गीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण बाते भी बताई। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रश्मि ने भी अपने संबोधन के क्रम में उपस्थित बालिकाओ का काफी हौसला बढ़ाया। उन्होने कहा कि आज पुलिस विभाग द्वारा जारी डायल 112 पर फोन कर बालिकाएं एवं महिलाएं अपने विरुद्ध किसी भी प्रकार के उत्पीड़न लिए त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती है। बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में कविता पाठ,भाषण मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता,स्कूल बैग वितरण हस्ताक्षर अभियान शपथ ग्रहण के साथ-साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने भावना कुमारी श्रुति झा मनीषा कुमारी अर्चना कुमारी मोनिका कुमारी शालिनी कुमारी सदफ सुल्ताना सहित कई बच्चियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया ।बच्चियो के बीच स्कूल बैग का वितरण भी किया गया। उपविकास आयुक्त दीपेश कुमार एवं उपनिदेशक जनसंपर्क परिमल कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त दीपेश कुमार उप निर्देशक जनसंपर्क परिमल कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला कृषि पदाधिकारी प्रभारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस आशीष अमन जिला मिशन समन्वयक जिला आईसीडीएस कार्यालय के सभी कर्मी एवं विद्यालय के छात्रा उपस्थित थे।

## सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने सीमावर्ती गांव मझौरा में लगाया निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समवाय जानकीनगर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाव मझौरा में 24 जनवरी 2025 को गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निर्देशानुसार निशुल्क पशु-चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया ।इन पशु चिकित्सा शिविर में सशस्त्र सीमा बल के डा॰ एस.एन. सिंहकमांडेट पशुचिकित्सक द्वारा गाव मझौरा एवं उसके आस-पास के गांवो के लोगों के मवेशियो की जांच कर आवश्यक तानुसार दवाइयो का वितरण किया एवं उन्हें बदलते मौसम में पशुओं की देखरेख संबंधी जानकारिया दी गयी । इस पशु चिकित्सा चिकित्सा शिविर में 45 ग्रामीणो के 115 मवेशियों का इलाज किया गया । पशु चिकित्सकों के द्वारा पशुपालकों को पशुओं की उन्नत नशलों के बारे में भी जानकारी दी गयी । स्थानीय लोगो द्वारा सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमाक्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यो हेतु बल की प्रशंसा की जा रही है एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के शिविरो का आयोजन करने हेतु आव्हान भी किया गया है । सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार के तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है ।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर डीएम व एसएसपी ने किया माल्यार्पण

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जननायक कर्पूरी ठाकुर 101वीं जयंती के अवसर पर कपूर्री चौक अवस्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर जिलाधिकारी राजीव रौशन व वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार दास,अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार प्रशांत, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद,डीसीएलआर सदर संजीत कुमार द्वारा भी जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जीवन आदर्श है,इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नमन व श्रद्धांजलि देता हूं ।दरभंगा जिला के सभी नागरिकों से अनुरोध करता हू कि उनके आदर्श से प्रेरणा लेकर अपने राज्य और ,देश के विकास में योगदान दें।

## बीडीओ ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना का हो रहे सर्वे का जांच किया

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा) ।पूर्वी बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु ने शुक्रवार को उजुआ सिमरटोका पंचायत अन्तर्गत उजुआ के वार्ड नंबर एक एंव दो में प्रधानमंत्री आवास योजना का हो रहे सर्वे का जांच किया। इस दौरान लोगो से पूछताछ करने पर पता चला कि पंचायत रोजगार सेवक प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे करने नही आते है। जिस कारण इन दोनों वार्ड के महादलित परिवार का अभी तक सर्वे नही हो पाया। बीडीओ श्री जिज्ञासु ने मौके पर मौजूद आवास पर्यवेक्षक को सर्वे से वंचित लोगो का नाम लिखकर सर्वे करने का निर्देश दिया। वहीं अब तक सर्वे का काम प्रारंभ नहीं करने वाले रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण पूछे जाने की बात कही। बीडीओ श्री जिज्ञासु ने कहा कि सर्वे में किसी को एक भी रुपए नहीं देना है। यह काम मुफ्त में किया जा रहा है। लोगों को किसी बिचौलिया के झांसे में नहीं आने की सलाह दी। सर्वे कार्य एक मार्च तक चलेगा। सभी पात्रता रखने वाले परिवारों के नाम सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जबतक रोजगार सेवक आपके फोटो खिंचकर जियो टेग नहीं कर लेता तब तक समझिएगा कि आपका नाम सूची में नहीं जुड़ा है। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर एक और दो के मध्य चल रहे सड़क निर्माण कार्य का भी जांच करते हुए मौके पर उपस्थित ठिकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इस बाबत बीडीओ श्री जिज्ञासु ने बताय कि सर्वे कार्य प्रारंभ नही करने वाले पंचायत रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। मौके पर जितेन्द्र ठाकुर, पंचायत के सरपंच मिथिलेश राय, ग्रामीण गणेश प्रसाद राय, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जनवादी संघर्ष मोर्चा का गठन, ब्रजवासी बने संरक्षक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर माननीय विधान परिषद सदस्य बंशीधर ब्रजवासी के संरक्षण में जनवादी संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सभा की शुरूआत की गई । एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने उपस्थित संघर्ष के साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनहित के सभी क्षेत्रों में जनवाद को कुचलने के कुत्सित प्रयास के विरुद्ध लड़ाई का प्लेटफार्म अब तैयार हो चुका है ,सड़क से सदन तक अशिक्षित बिहार,शिक्षितबेरोजगार बिहार एवं अस्वस्थ्य बिहार ह्ल को बदलने और आवाज बुलंद करने के लिए शिक्षा ,शिक्षक ,रोजगार और स्वास्थ्य के मुद्दों पर पूरे तिरहुत प्रमंडल में एक हलचल का आगाज कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार , विश्विद्यालय की कुव्यवस्था , स्नातक एवं स्नातकोत्तर भाइयों की व्यथा और दर्द का त्वरित निवारण, लचर स्वास्थ व्यवस्था के विरुद्ध लड़ाई को और धारदार तरीके से लड़ा जाएगा । पूरे देश में एक समान शिक्षा के अधिकार को स्थापित करना हमारा लक्ष्य होगा । विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले गैर राजनीतिक संगठनों एवं राजनीति दलों से आए करीब तीन दर्जों सक्रिय कार्यकताओं ने अपना परिचय देने के बाद अपना विचार व्यक्त किया । आरटीई व आरटीआई एक्टिविस्ट फोरम बिहार के संयोजक मोहम्मद इश्तेयाक ने कहा कि पूरे तिरहुत स्नातक क्षेत्र के स्नातकों एवं प्रगतिशील जनवादी , संघर्षशील संगठनों के साथियों का अप्रैल में एक महासम्मेलन बुलाया जाए । मोहम्मद इश्तेयाक ने कहा पूरे तिरहुत प्रक्षेत्र के जन समस्याओं को समझने और इसके निवारण हेतु जनवादी संघर्ष मोर्चा को एक मजबूत प्लेटफॉर्म बनाया जाए ।प्रभात कुमार प्रभाकर ने विश्विद्यालयों में व्याप्त कुव्यवस्था से निपटने के लिए एक बैठक रखने का सुझाव दिया। बैठक की अध्यक्षता वरीय समाज सेवी आनंद पटेल ने किया । बैठक का संचालन और संयोजन दीनबंधु क्रांतिकारी ने किया ।उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी एवं कमिटी का गठन बहुत जल्द कर दिया जाएगा इस संदर्भ में जनवादी इव संघर्षशील साथियों का साथ एवं मार्गदर्शन का स्वागत है । मोहम्मद इश्तेयाक ने बताया कि बैठक में उपस्थित एवं जो किसी कारण से उपस्थित नहीं है उन सभी प्रगतिशील एवं जनहित के मुद्दों पर काम करने वाले साथियों का सुझाव आमंत्रित किया जाएगा ।

## जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करें अधिकारी:डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियो से मुलाकात कर उनकी शिकायतो को सुनते हुए संबंधित अधिकारियो को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैऔर उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते है इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार 24 जनवरी को कुल 61 परिवादी अपनी शिकायतो के साथ जिलाधिकारी से मिले.प्रखंड बेनीपट्टी निवासी बेचन राम के द्वारा खतियान जमीन बेलगान होने से उसका लगान निर्धारित करने से संबंधित आवेदन दिया गया।प्रखंड रहिका निवासी लाल दाई देवी द्वारा उनके जमीन पर उनके परिजन द्वारा घर बनाने से मना करने से संबंधित आवेदन दिया।प्रखंड झंझारपुर निवासी बलदेव मुखिया के द्वारा उनके निजी जमीन पर उनके परिजन के द्वारा कब्जा किए जाने ओर जान से मारने की धमकी देने संबंधित शिकायत किया।प्रखंड बेनीपट्टी निवासी प्रियंका कुमारी द्वारा राशि वापसी से संबंधित आवेदन दिया।प्रखंड मधवापुर में मुखियापट्टी पंचायत के मुखिया के द्वारा मुखियापट्टी पंचायत में सरकारी भूमि होने के बावजूद ग्राम पंचायत से दूर पंचायत भवन बनाने सा संबंधित शिकायत किया गयाजिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी-बारी से शिकायते सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियो को आवश्यक निर्देश भी दिए गए. जिलाधिकारी ने कई प्राप्त शिकायतों के आलोक में संबंधित पदाधिकारियो को फोन कर जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।-उक्त अवसर पर उपविकास आयुक्त दीपेश कुमार अपर समाहर्ता शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंगेर विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव एक ख्वाब बनकर रह गया है : पूर्व छात्र नेता मनीष कुमार

मुंगेर। पूर्व छात्र नेता मनीष कुमार ने प्रेस वायान जारी कर कहा है कि मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के द्वारा आगामी छात्र संघ चुनाव दो बार तिथि निर्धारित किया गया था लेकिन एक बार भी चुनाव नहीं हो सका है। उस समय मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ श्यामा राय तिथि को निकाली थी लेकिन चुनाव कराने में असफल रही लेकिन विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में छात्रों का नेतृत्व करने वाला कोई अध्यक्ष नहीं बन पाया है जिससे कि छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। संजय कुमार के रुप में मुंगेर विश्वविद्यालय को नए कुलपति मिल गया है। देखना यह है कि वर्तमान कुलपति क्या अब छात्र संघ चुनाव करवाने में सफल होते हैं या फिर विफल होते हैं। इसके अतिरिक्त कुलपति को छात्रों की तमाम समस्याएं एवं विश्वविद्यालय मैं सीनेट का चुनाव भी कराने होगें।

### कर्पूरी के सपना को साकार कर रहे नीतीश : मिथिलेश

मुंगेर। जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश मंडल के अध्यक्षता में बरियारपुर बस स्टैंड दुर्गा स्थान के पास कर्पूरी जयंती आयोजित की गई। उपस्थित पंचायत अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैल्या चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर मिथिलेश मंडल ने कहा कि भारत रत्न प्राप्त जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे। 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे। राजनीति में इतना लंबा सफर बिताने के बाद जब वो मरे तो अपने परिवार को विरासत में देने के लिए एक मकान तक उनके नाम नहीं था। वहीं कर्पूरी के सपनों को साकार करने को लेकर नीतीश कुमार लगातार काम कर रहे है। यही वजह है कि आज बिहार की जनता को नीतीश कुमार में कर्पूरी ठाकुर की छवि दिखाई पड़ती है। कार्यक्रम में जिला सचिव प्रफुल कुमार, प्रखंड प्रवक्ता मनोज सिंह एवम विजय भारती, प्रखंड उपाध्यक्ष कुमार रजनीकांत एवम चंद्र दिवाकर शर्मा, पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार, विनय कुमार मिंटू, पंकज मंडल, अवधेश मंडल, मनोज चौधरी, रिंकू देवी, मणिभूषण कुमार, बहादुर मंडल, शकलदेव मंडल, अमर कुमार अमर, सुमित कुमार सहित दर्जनों लोगो ने कर्पूरी के विचारों पर अपनी बात रखा।

# जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग जरिए बीडीओ, सीओ को निलाम पत्र वाद से संबंधित किया समीक्षात्मक बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने शुक्रवार 24 जनवरी को समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से नीलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों की विभाग वार प्रगति को लेकर गहन समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें सम्बंधित जिला स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से ससमय भाग लिए। बैठक में जिलाधिकारी महोदया ने वीडियो कान्फ्रेंसिग के जरिए नीलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों के संबोधन में कहा कि प्राथमिकता के आधार पर प्रतिमाह अधिक से अधिक ऋण वसूली की कार्रवाई भी करे ' उन्होंने अपने अधीनस्थ न्यायालय में प्राप्त अधियाचना एवं अभिलेख का मिलान सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी को निर्गत वारंट, प्राप्त आपत्तियां, नोटिस तामिला के लिए लंबित मामले आदि के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होने नीलाम पत्र वाद के निष्पादन संबंधी प्रतिवेदन जिला नीलाम पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश जिला, अनुमंडल एवं अंचल स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारी को दिया। साथ ही अग्रणी बैंक प्रबंधक को जिला के सभी बैंकों को बड़े बकाएदारों की सूची संबंधित नीलाम पत्र न्यायालय के संबद्धता के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया, ताकि ऐसे मामलों का प्राथमिकता के तौर पर निष्पादन हो सके। बैठक में जिला, अनुमंडल एवं अंचल के नीलाम पत्र पदाधिकारी शामिल थे। डीएम ने नदी व तटबंधों पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को कितने वादों प्रथम नोटिस एवं द्वितीय नोटिस के है, की संख्या (नये आवंटित केस सहित) के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का कहा। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी महोदया ने द्वारा नीलाम पत्र वाद के त्वरित निष्पादन एवं प्रगति को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नीलाम पत्र वाद का निष्पादन में तेजी लाना सुनिश्चित करें। बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करें। नोटिस तमिला संबंधित थाना के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया। एलडीएम को निर्देशित किया गया कि जिस वाद का निष्पादन हो जाता है उसकी सूची संबंधित विभागीय पदाधिकारी को पंजी में मिलान कर उपलब्ध कराएं। साथ ही साथ सभी पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर नीलाम पत्र वाद के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। यदि बैंकों द्वारा रुचि नहीं लिया जाता है तो उनके वरीय पदाधिकारी को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। एलडीएम को निर्देशित किया गया कि जिस बाद का निष्पादन हो जाता है उसका निर्धारित फीस नियमानुसार जमा कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सुभाषचंद्र मंडल अपर समाहर्ता, मो० तारिक रजा भूमि सुधार उप समाहर्ता, नीलाम पत्र प्रभारी, जिला योजना पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारीयों द्वारा भाग लिया गया।

# कर्पूरी के विचारों को अपनाकर सीएम पूरा कर रहे उनके सपने : विधायक

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र स्थित कर्पूरी चौक पर स्थित कर्पूरी प्रतिमा स्थल पर शुक्रवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राकेश दास की ओर से किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए क्षेत्रीय विधायक व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री दामोदर रावत एवं अन्य उपस्थित लोगों ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा व तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। विधायक ने कर्पूरी ठाकुर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा उनका जीवन सत्य और सादगी का एक प्रतिमूर्ति है। उन्होंने अपनी जीवन काल में हमेशा गरीब शोषित वंचित के हक और उनके अधिकार के लिए आवाज बनकर लड़ते रहे। अपने जीवन के अंत तक में भी विरासत के रूप में अपने परिवार को देने के लिए एक मकान भी नहीं था। कपूरी ठाकुर देश के सच्चे लाल थे। वह सच्चे समाजवाद के प्रणेता रहे। सबों को उनकी जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। विधायक ने आगे कहा की कर्पूरी ठाकुर अपने सागदीपूर्ण जीवन के कारण जननायक के नाम से मशहूर थे। वहीं अपनी लोकप्रियता और गरीबों की आवाज बनने के कारण उन्हें जीते जी जन नायक की उपाधि मिली थी। कपूरी ठाकुर कई दशकों तक बिहार की राजनीति का अहम हिस्सा रहे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों और सिंद्धातों को अपने जीवन मे उतारकर आज बिहार में उनके द्वारा जो सपना देखा गया था उन सपनों को पूरा कर रहे है। कार्यक्रम में भैया लाल माथुरी, गोपाल बरनवाल, सुबोध केशरी, मुन्ना सिन्हा, परमेश्वर यादव आदि शामिल रहे।

# सकारात्मक पत्रकारिता पर कार्यशाला: पीरामल फाउंडेशन ने जमुई में की पहल

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई। शुक्रवार को पीरामल फाउंडेशन ने पत्रकारिता में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में प्रमुख मीडिया हाउस के पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता में आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान और सकारात्मक पत्रकारिता (सोल्यूशन जर्नलिज्म) पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पीरामल फाउंडेशन के शैलेन्द्र सिंह ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पाठक अब प्रेरणादायक और सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। यदि पत्रकार इस दृष्टिकोण को अपनाएं, तो न केवल उनकी खबरें अधिक प्रभावी बनेंगी, बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। कार्यशाला में उपस्थित पत्रकारों ने भी इस विचार का समर्थन किया कि नकारात्मक खबरों की अधिकता के बीच पाठकों को सकारात्मक कहानियों की तलाश है।

फाउंडेशन की सुपर्णा टाट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और नीति आयोग के सूचकांकों के आधार पर जिला और प्रखंड स्तर पर चल रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज को बेहतर बनाना और समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। स्वास्थ्य पर चर्चा के दौरान पीओसीडी राकेश कुमार ने फाइलेरिया जैसे संक्रामक रोग पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जमुई जिले में फाइलेरिया से लगभग 3700 लोग प्रभावित हैं, जिनमें 981 लोग हाइड्रोसिल और 2662 लोग हाथीपाँव से ग्रसित हैं। राकेश कुमार ने फाइलेरिया से बचाव के उपायों पर जोर दिया, जैसे मच्छरदानी का उपयोग, साफ-सफाई और सामूहिक दवा सेवन अभियान में भाग लेना। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से शुरू होगा और इसके लिए व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन के गुंजन किशोर चौधरी और अभिषेक द्विवेदी ने भी अपने विचार साझा किए। पत्रकारों ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे पत्रकारिता में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यशाला ने यह संदेश दिया कि सोल्यूशन जर्नलिज्म न केवल पाठकों को प्रेरित करेगा, बल्कि समाज में बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम भी बन सकता है।

# एमयू के परीक्षा नियंत्रक के लगातार गलतियों के कारण विद्यार्थी को करना पड़ा रहा है परेशानी का सामना

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। आर डी एण्ड डी जे कॉलेज मुंगेर के पूर्व छात्र संघ उपध्यक्ष सुमित कुमार यादव ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा हैं कि मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के परीक्षा नियंत्रक के लगातार गलतियों के कारण यहां के विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीएसई पर आधारित स्नातक सेमेस्टर 1 सत्र 2024-2028 की परीक्षा के शेड्यूल में समय सारणी में हिंदी की परीक्षा को 3 घंटे का होगा ऐसा नोटिस जारी किया गया था। लेकिन परीक्षा के लिए छात्रों को मात्र 2 घंटे का ही समय मिला है। इस वजह से हजारों छात्र परीक्षा में प्रश्न हल नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत टक्छ की परीक्षा को 2 घंटे में ही लेना है लेकिन प्रश्न का पैटर्न बदलाना चाहिए या ओएमआर शीट पर परीक्षा लेनी चाहिए। लेकिन मुंगेर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा लगातार लापरवाही बरतते जा रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी एक परीक्षा लेने के बाद रद्द किया गया है। कई बार परीक्षा का शेड्यूल जारी करने के बाद भी समय सारणी में विश्वविधालय क द्वारा दलाव किया जाता रहा है तो कभी परीक्षा की तिथि तो कभी विषय ही बदल दिए जाते हैं। विश्व विधालय के इन सब नितियों की वजह से सैंकड़ों छात्रों का हर सत्र में परीक्षा छूट रहा है। परीक्षा विभाग की लापरवाही की वजह से ड्रॉप आउट का भी केस बढ़ता जा रहा है इस के साथ ही छात्रों का सेशन भी लेट हो रहा है छात्र नेता ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय अपनी गरिमा और विश्वसनीयता को अपने ही छात्र और छात्रों के बीच खोते जा रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व में परीक्षा नियंत्रक पर अपने पद का दुरुपयोग कर अपने परिवार को फायदा पहुंचने का आरोप कई बार लग चुका है ऐसे परीक्षा नियंत्रक पर कार्रवाई नहीं होना मुंगेर विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ छल करने जैसा है पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष सह छात्र नेता एवं मुंगेर कि तमाम छात्र यह मांग करते है कि ऐसे परीक्षा नियंत्रक पर अविलंब मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन कार्रवाई करें अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इसकी सारी जिम्मेवारी मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

### जयंती समारोह का आयोजन

मुंगेर। नगर के सिंहपुर स्थित सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी की अध्यक्षता में जननायक पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम उनके तैल्य चित्र पर पुषांजलि अर्पित कर भाजपा कार्यकताओं ने उनके कृतित्व एवम व्यक्तित्व को नमन किया। नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी इनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आचरण का अनुकरण करने की बात कहा। इस मौके पर मुख रूप से तारापुर विधानसभा के संयोजक शंभू केशरी, पूर्व नगर अध्यक्ष रजनीश झा, अजीत साह, ओमप्रकाश साह, माधव ठाकुर, गौतम कुमार, सुभाष चंद्र सह, मनोज कुमार चौधरी, शिव दयाल शर्मा, संजय मांडल कुंदन चौधरी, शशि भूषण राय, इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मधुबनी पेंटिंग के एक दिवसीय कार्यशाला एवं क्रेता-बिक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्म निर्भर भारत एवं महात्वाकांक्षी योजनाओं को गतिरूप देने के लिए गया के ऐतिहासिक गाँधी मैदान में संयुक्त राज्य स्तरीय पीएमईजीपी एवं विपणन प्रदर्शनी ह्लखादी और ग्रामोद्योग महोत्सव-2024-25ह्व का संचालन किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी का उदघाट्न जीतन राम मांझी, माननीय केन्द्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया था। ह्लखादी और ग्रामोद्योग महोत्सव-2024-25ह्व में बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र के साथ-साथ देश के कई राज्यों से आये हुए 105 पी.एम.ई.जी.पी. इकाई तथा खादी संस्थाओं द्वारा उत्पादित सूती, रेशमी एवं ऊनी उत्पादों के साथ अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शन सह बिक्री का कार्य किया जा रहा हैं। प्रदर्शनी में चरखे के माध्यम से कपास से धागे का निर्माण, इलेक्ट्रिक चाक के माध्यम से तरह-तरह मिट्टी के बर्तन एवं खिलौने का निर्माण, स्वचालित अगरबत्ती मशीन के माध्यम से अगरबत्ती का निर्माण, घानी तेल मशीन के माध्यम से शुद्ध सरसों के तेल पिसने का जीवन्त कार्य का भी संचालन किया जा रहा है। साथ हीं प्रदर्शनी प्रांगण में प्रत्येक संध्या 5.00 से 8.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। खादी और ग्रामोद्योग महोत्सव 2024-25 में विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों के बच्चों के बीच मधुबनी पेंटिंग को बढ़ावा एवं जन-जन तक जानकारी हेतु प्रदर्शनी प्रांगण में राज्य पुरस्कार विजेता श्रीमति अंजू मिश्रा आर्ट एवं म्यूचिक, श्रीमति निशा लाच सारंग के निर्देशन में मधुबनी पेंटिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही साथ संध्या में खादी संस्थाओं एवं पीएमईजीपी इकाईयों का व्यापार की बढ़ोतरी एवं बाजार उपलब्ध कराने हेतु केता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण बिहार चैम्बर ऑफ कामर्स श्री अनुप केडिया जी, डीडीएम, नाबार्ड, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला अग्रणी प्रबंधक तथा सभी बैंको के आंचलिक/क्षेत्रीय बैंको के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तथा खादी संस्थाओं एवं पीएमईजीपी के उद्यमी ने स्वयं के उत्पादित समानों को प्रर्दशन उपस्थिति पदाधिकारीगण के समक्ष किया। आज खादी और ग्रामोद्योग महोत्सव 2024-25 में डिर्जेण्ट पावडर निर्माण, फिनाईल निर्माण, अगरबत्ती निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, साथ ही साथ रेड कास के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# भारत रत्न व जननायक कर्पूरी ठाकुर समाजवाद के सच्चे योद्धा थे: प्रो.गौरी शंकर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुईः-भारत रत्न एवं बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व.कपूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर ह्यजननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों व सिद्धांतों की प्रासंगिकता तथा उपादेयता विषय पर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.(प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में एक परिचर्चा कार्यक्रम मे बोलते हुए कहा कि स्व. कर्पूरी ठाकुर समाजवाद के सच्चे योद्धा थे। वे शिक्षा सुधार के जनक, लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षक, आरक्षण के प्रणेता, सामाजिक-आर्थिक समानता के समर्थक, नैतिक राजनीति के मार्गदर्शक, दलित-पिछड़ों के मसीहा, सादगी एवं ईमानदारी की प्रतिमूर्ति तथा आम जनता के मुख्यमंत्री थे। ऐसे महान राजनेता को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत कर केंद्र सरकार ने राष्ट्र की ओर से उनके प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि दी और कृतज्ञता प्रदान की है। कर्पूरी ठाकुर के विचार और सिद्धांत समाज के वंचित वर्गों तथा अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके सिद्धांतों से यह सीख मिलती है कि राजनीति का उद्देश्य समाजवाद की बेहतरी और हर व्यक्ति को सामान अवसर प्रदान करना है। कर्पूरी ठाकुर के विचारों की प्रासंगिकता वर्तमान में और ज्यादा बढ़ जाती है, जब सामाजिक समानता विषमता का रुप अख्तियार कर लिया है, भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है, ईमानदारी का जनाजा निकल रहा है। राष्ट्रीयता विलुप्ति की ओर अग्रसर है, नैतिकता के कवर हट चुके हैं यानि नैतिक मूल्यों का तेजी से अवमूल्यन हो रहा है। ऐसे में उनके विचार और सिद्धांत प्रासंगिक और उपादेय हैं। प्रो.पासवान ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर शिक्षा में बदलाव तथा राष्ट्रभाषा हिंदी के सबसे बड़े पैरोकार थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए मैट्रिक की परीक्षा में गुलामी का प्रतीक अंग्रेजी भाषा की अनिवार्यता खत्म कर दी और सभी विभागों में हिंदी में कार्य करना अनिवार्य कर दिया था। उनका कहना था कि अंग्रेजी में काम न होगा, फिर से देश गुलाम न होगा ह्य। स्वर्गीय ठाकुर का मानना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है। इसके लिए अंग्रेजी हटाओ नीति और हिंदी को बढ़ावा देने की नीति अपनाई, जिसका उद्देश्य सभी को समान शैक्षिक अवसर प्रदान करना था। उन्होंने गरीबों और वंचितों के लिए शिक्षा को सुलभ बनाया। वे आजीवन कमजोर और शोषित वर्गों के लिए संघर्ष करते रहे। उनके नेतृत्व में सामाजिक-समरसता और समानता को नई पहचान मिली।

कर्पूरी ठाकुर का बिहार के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने न्याय पर भी काफी बल दिया था। गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए कई आर्थिक और नीतिगत सुधार किया। उनका कार्यकाल उनके विचारों और जनता के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।, आज के जनता एवं राजनेताओं को कपूर्री जी के जीवन से सीख लेने, उनके पदचिन्हों पर चलने तथा उनके विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। केकेएम कॉलेज कार्यालय सहायक श्री रवीश कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. कर्पूरी ठाकुर समाजवाद के महान स्तंभ थे। वे पिछड़ों के अधिकारों के संरक्षक और स्वतंत्रता सेनानी भी थे। ईमानदारी और नैतिकता उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी। वे जनता के सच्चे हितैषी मुख्यमंत्री थे। हमेशा शिक्षा समानता की बातें करते थे। उनका कहना था कि- राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी की संतान, भंगी हो या फिर कोई सबकी शिक्षा एक समान। वे बिहार राजनीति के नक्षत्र थे, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और निष्ठा से जनता के दिलों में अमिट छाप बनाया है। कर्पूरी ठाकुर एक शिक्षक के रूप में अपना करियर किया था, और देखते ही देखते फर्श से अर्श तक पहुंच गए। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में अपने शासनकाल में अनेक साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लिया था। कर्पूरी ने सन 1978 में पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण लागू किया था, जो सामाजिक और न्याय की दिशा में मिल का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता, ईमानदारी जैसे मूलभूत मूल्यों की प्रासंगिकता को उजागर करते हैं। उनके सिद्धांत और नेतृत्व आज के नेताओं और समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हमें उनके बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। मौके पर सुशील कुमार, कृष्णागिरी, बटेश्वर यादव, रामचरित्र मानस आदि कई लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर तारापुर थाना में की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर( मुंगेर )। गुरुवार के दोपहर बाद गणतंत्र दिवस सह 26 जनवरी के सफल कार्यक्रम करने को लेकर तारापुर थाना में राजेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में जनप्रतिनिधि प्रेस मीडिया के साथी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पिछले वर्ष की भांति झंडोत्तोलन करने का समय यथवत रखा गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर की मुख्य सड़कों से गुजरने वाली भारी वाहनों पर पूरी तरह से दिन के 11:00 तक आवागमन नहीं होने का निर्णय लिया गया। मुख्य समरोह स्थल आर एस कॉलेज तारापुर, शहीद स्मारक, थाना भवन, सहित शहर की सड़कों के किनारे साफ सफाई की जिम्मेदारी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा गया। इतना ही नहीं शहीद स्मारक एवं थाना के आस पास अतिक्रमणक पूरी तरह से हटाने का निर्णय सामूहिक रूप से लिया गया लेते हुए इसकी जिम्मेदारी थाना अध्यक्ष के साथ-साथ कार्यपालक पदाधिकारी तारापुर को दिया गया। झंडोतोलन के दिन शहीद स्मारक एवं गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि करने कराने की व्यवस्था करने की ज़िम्मेदारी भी नगर पंचायत को दिया गया। मुख्य समारोह स्थल पर एम्बुलेंस फायर ब्रिगेड की गड़ियां तैनात किए जाने का भी निर्णय लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

# स्कार्पियो ने बाइक में मारी टक्कर बाइक पर सवार दो लोग हुए घायल

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] शुक्रवार की दोपहर में सिमुलतला झाझा मुख्य मार्ग स्थित के जंगल मे बने चिरैया पुल के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने घायलों का इलाज किया। घायल की पहचान टेलवा पंचायत के बरोडीहा गांव के संतोष यादव और टेलवा बाजार रहने वाले मुकेश कुमार के रूप में हुई। घायलों की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने दोनो घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। संतोष ने बताया कि मैं और मेरे साथी एक बाइक पर बैठकर जमुई जरूरी कार्य से अपनी बाइक को सामान्य गति से लेकर जा रहा था तभी चिरैया पुल के पास पहुंचने पर सामने से आ रही तेज गति से स्कार्पियो सीधे मेरे बाइक में आकर टक्कर मार दिया और मौके स्थल से फरार हो गया।

# बड़ा बदलाव लाना है तो बड़ा कदम उठाना होगा: डॉ अमित

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। स्नातकोत्तर गांधी विचार विभाग, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय और गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र, भागलपुर के संयुक्त तत्वाधान में ह्लस्वतंत्रता आंदोलन और सुभाष चंद्र बोसह्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संदर्भ में कहा कि एक व्यक्ति एक विचार के लिए मर सकता है, लेकिन वह विचार उसकी मृत्यु के बाद हजारों व्यक्तियों के जीवन में अवतरित होता है। अगर आप बड़ा बदलाव लाना चाहते हैं, तो बड़ा कदम उठाना जरूरी है।

मुख्य वक्ता के रूप में टीएनबी कॉलेज के इतिहास विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. रवि शंकर कुमार चौधरी ने गांधी और सुभाष चंद्र बोस के संबंध में कई प्रसंगों को विस्तार से बताया और उनके भागलपुर से जुड़े संस्मरणों पर चर्चा की। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस को उग्र राष्ट्रीय भक्त बताया। उन्होंने नेताजी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके त्याग और बलिदान से सीख लेने की बात कही। गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव एनुअल होदा ने कहा कि नेताजी का मुख्य उद्देश्य इस मुल्क को आजाद करना था। मंच संचालन सह आगत अतिथियों का स्वागत डॉ. उमेश प्रसाद नीरज ने किया। स्वागत भाषण और विषय प्रवेश करते हुए उन्होंने सुभाष और गांधी के रिश्ते के कटु-मधुर अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस द्वारा आजाद हिंद फौज के संबोधन के क्रम में गांधी को राष्ट्रपिता पुकारे जाने और सुभाष बोस की दुर्घटना में मृत्यु के बाद गांधी द्वारा सुभाष चंद्र बोस को देश का सबसे बड़ा देशभक्त बताए जाने के संदर्भों को उद्धृत किया। उन्होंने इस बात को सामने रखा कि आजादी की लड़ाई के दौरान जो भी नेतृत्व करते थे, उनके बीच असहमति रहती थी लेकिन मनभभेद नहीं होता था। एक-दूसरे के प्रति असहमति के बावजूद सम्मान का भाव बना रहता था। यही कारण है कि आजादी के महानायकों को पढ़ने के बाद हमें यह प्रेरणा मिलती है कि देश की बेहतरी के लिए आपसी मनभेद को भुलाकर आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर मनोज कुमार दास ने किया। इस मौके पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा कुमारी, श्री नरेन नवनीत (जेआरएफ), गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र के संजय विनोवा, वासुदेव भाई, मोहम्मद शाहबाज, राजकुमार, शोधार्थी सुनील कुमार, नवनीत कुमार, मांडवी कुमारी, अनूप कुमार, राजीव कुमार, नीरज कुमार निर्मल, छात्र प्रिंस कुमार, सुनील कुमार, मोहम्मद खान, संजीव रविदास, कन्हैया कुमार, गौरव कुमार, मिश्रा विशाल कुमार, निर्मल कुमार, मधुकांत, किशन कुमार, कौशिक कुमार, शंकर कुमार, रमेश कुमार, सोनू कुमार गुप्ता, विजय कुमार, सोनी कुमार, सरस्वती कुमारी, श्रवण कुमार, राहुल कुमार यादव, आदित्य राज, माधुरी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, अंजली कुमारी, शाजिया जमीन, रीना परवीन, तेजस्विनी कुमारी, प्रीति कुमारी आदि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शोधार्थी, एवं कार्यालय सहायक उमेश कुमार, रामचंद्र रविदास आदि मौजूद थे।

### जयंती पर जननायक को सपाईयों ने किया याद

मुंगेर। समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में बेलन बाजार स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय में शुक्रवार को महान समाजवादी नेता भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती समारोह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जहां उपस्थित सपाईयों ने जननायक की तस्वीर पर माल्यार्पणय कर श्रद्धांजलि निवेदित किया एवं बिहार की दुर्गति कर प्रगति यात्रा पर निकले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मुंगेर आगमन पर विरोध करने का निर्णय लिया है। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि जननायक कपूर्री कबीर की तरह राजनीतिक जीवन शैली अपनाकर देश के शोषितों पीडितों के लिए जीवनपर्यन्त लडते रहे लेकिन बने उनके सानिध्य में राजनीति करने वाले समाजवाद के छद्म चेहरे बिहार के मुख्यमंत्री सुबे की दुर्गति कर प्रगति यात्रा पर है और व्यवस्था का हालत यह है कि एक तरफ मुंगेर की अंचल पदाधिकारी कार्यालय में लुट खसोट की दुकान सजाए बैठी है तो दूसरी तरफ जमालपुर सहित जिले के अन्य अंचल कार्यालय में खुलेआम आम आदमी का शोषण हो रहा है।

# महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर का101वां जयंती मनया गया

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। नगर परिषद क्षेत्र के प्राचीन काली मंदिर के निकट बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न देश के महान समाजवादी नेता जननायक कपूर्री ठाकुर का 101 वां जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस की अध्यक्षता जदयू के जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल मंडल ने किया संचालन जिला सचिव मो इनाम हसन कर रहे थे। मुख्य अतिथि जिला जदयू उपाध्यक्ष श्री मति रेखा सिंह चौहान ने कहा की जननायक कपूर्री ठाकुर जी का सही सपना को साकार रूप नितीश कुमार ने दिया है। श्री कुमार ने महिला को 50,प्रतिशत का आरक्षण देकर बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने जो काम किया इसके लिए मुख्यमंत्री जी को बहुत बहुत आभार व्यक्त करती हूं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला जदयू प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने कहा कि भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर एक नाम नहीं थे एक विचारधारा थे, कपूर्री के मुख्यमंत्री कार्यकाल में खड़गपुर सिंचाई विभाग को अधीक्षण अभियंता का कार्यालय देने का काम किया, प्रवक्ता रघु ने कहा की महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ हुआ था। कपूर्री जी तत्काल कॉलेज की पढ़ाई का परित्याग कर ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संचालित आंदोलन में कूद पड़े जननायक कपूर्री ठाकुर जी का राजनीति जीवन का शुभारंभ 1942 को अगस्त क्रांति से हुआ था, वही प्रवक्ता रघु ने बताया कपूर्री ठाकुर के कार्यकाल में शोषित वंचित दलित पिछड़ा अतिपिछड़ा पिछड़ा समाज को 27% आरक्षण देकर मुख्य धारा में लाने का काम किया इस कार्य को आगे बढ़ाने में बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने उनके बताए हुए रास्ते को अपना आदर्श मानते हुए सभी शोषित वंचित दलित पिछड़ा अतिपिछड़ा समाज को आरक्षण देकर विकास के माध्यम से मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया कपूर्री जी का सपना था महिलाओं को भी मुख्य धारा में लाने का उनके सपना को साकार करने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया महिला को 50% आरक्षण स्थानीय निकाय पंचायती राज एवं सरकारी नौकरी में 35% आरक्षण देकर जननायक कपूर्री ठाकुर के सपना को साकार करने का काम किया।

## कसे कहेंगे घुसपैठिया

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान अस्पताल से घर लौट आए हैं। राजनेताओं की भाषा के मुताबिक, सैफ टनाटन और बिल्कुल स्वस्थ नजर आ रहे हैं। हमले के मात्र पांच दिन बाद ही सैफ बिल्कुल ठीक हो गए, उनके गहरे जख्म भी भर गए, वाह! चमत्कार हो गया। यही हमारी राजनीति की भाषा है। हमारे नेताओं के ऐसे वाहियात और बेमानी विश्लेषण हैं कि वे सैफ पर जानलेवा हमले और बांग्लादेशी अभियुक्त को लेकर सवाल कर रहे हैं। बहरहाल हम इस मुद्दे को यहीं छोड़ते हैं, क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियों को सम्यक जांच करने की पूरी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। यह नेताओं के संदेहों और सवालों का क्षेत्र भी नहीं है। हमारा बुनियादी सरोकार यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा एकदम राष्ट्रीय बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बाकायदा राज्य के गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। सैफ के हमले ने यह मुद्दा एक बार फिर गरमा दिया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गए हैं। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं। वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं। कानूनन वे भारतीय हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं। ऐसे में किसे घुसपैठिया करार देंगे और किस पर अवैध प्रवासी का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं। अधिकतर सीमाएं खुली हैं। हालांकि करीब 77 फीसदी सीमा पर बाड़बंदी का काम किया जा चुका है, लेकिन दोनों देशों के बीच कुछ सीमा-विवाद हैं, कुछ इलाके नदियों से सटे हुए हैं, जहां फेंसिंग नहीं की जा सकती। इन इलाकों के लोग भी बाड़ का विरोध करते रहे हैं। लिहाजा बांग्लादेश से त्रिपुरा, असम, बंगाल के जरिए लोग आते-जाते रहे हैं। पकड़े जाने पर वे खुद को असम, त्रिपुरा के निवासी बताते हैं। दस्तावेज भी होते हैं, तो प्रशासन और पुलिस उन्हें हिरासत में कैसे रख सकते हैं? हमारे देश में ऐसे भी गिरोह सक्रिय हैं, जो फर्जी कार्ड और दस्तावेज बनवा देते हैं। यह भी नए किस्म का भ्रष्टाचार और देशद्रोह है। चूंकि सैफ अली खान वीआईपी शख्स हैं, लिहाजा उनके घर में घुसने और हमला करने का यह मामला सुर्खियों में आ गया। अभी तक की जांच में बांग्लादेशी घुसपैठिए को ही हमलावर माना जा रहा है, लिहाजा यह मुद्दा नए सिरे से राष्ट्रीय बन गया। आरएसएस इस मुद्दे को दशकों से उठाता रहा है। संघ के आकलन भी सामने आते रहे हैं कि देश में 2 करोड़ से ज्यादा बांग्लादेशी अवैध रूप से घुस चुके हैं और नकली भारतीय बनकर रह रहे हैं। ऐसे घुसपैठियों में आतंकवादी और तस्करों के एजेंट भी पाए गए हैं। गिरफ्तारी होती है, जांच होती है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष शून्य रहा है। बीते 11 साल से केंद्र में मोदी सरकार है, जो चेतना से संघवादी है। इस मुद्दे पर खूब राजनीति भी होती रही है। अब दिल्ली चुनाव में भाजपा के आरोप हैं कि केजरीवाल की पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के दस्तावेज बनवा रही है और उन्हें दिल्ली में ही बसा रही है, ताकि वे आप के ही वोटर बने रहें। बेशक यह भी गंभीर जांच का विषय है। अब देखते हैं कि यह मुद्दा राष्ट्रीय फोकस में आने के बाद किस अंजाम तक पहुंचता है।

## भाजपा सबसे धनवान- जो सत्ता में वहीं सिकन्दर

भारत के दो प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच उम्र व अनुभव के हिसाब से भले ही दादा और परपौते सा रिश्ता हो, क्योंकि कांग्रेस डेढ़ सौ वर्ष से भी अधिक उम्रदराज है और भारतीय जनता पार्टी महज पैंतालीस साल की, कांग्रेस का जन्म 1885 के करीब एक विदेशी ए.ओ. म दादा माने जाते है, जब पूर्व जनसंघ की कोंख से भाजपा का जन्म 1980 में हुआ, इस प्रकार इन दोनों प्रमुख दलों में उम्र के हिसाब से एक सौ साल से भी अधिक साल का अंतर है, कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद अर्धशताब्दी से भी अधिक समय तक राज किया और इस नई सदी के साथ ही भाजपा का सितारा चमक पाया, किंतु कांग्रेस का नेहरूवंश साथ ही उतार-चढ़ाव में रहा और आज जब नेहरू खानदान (सोनिया-राहुल) राजनीति में उन्नीसे सिद्ध हो रहे है, तब कांग्रेस भी अस्तांचल की ओर जाती नजर आ रही है। आज वह जहां देश में दूसरे क्रम की पार्टी मानी जाती है, वही कुशल व अनुभवी नेतृत्व के अभाव में अस्तांचल की ओर जाती नजर आ रही है। अर्थात आज भारतीय राजनीतिक परिवार का मुखिया (परदादा) कांग्रेस नही बल्कि (परपौता) भाजपा है और परदादाजी धीरे-धीरे मृत्यु शैय्या की ओर कदम बढ़ाते नजर आ रहे है। वैसे भारतीय राजनीति का अब तक का उसूल ही ऐसा रहा है, कि-जो जीता वही सिकन्दरऔर यहां कांग्रेस ने चाहे पचास साल से भी अधिक राज किया हो, किंतु पिछली एक चैथाई शताब्दी से तो भाजपा का ही बोल बाला है, वह भी देश के विशेषकर हिन्दी भाषी राज्यों व केन्द्र में। ....और चूंकि भाजपा व उसके सहयोगी देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों पर अपना प्रभुत्व जमाए हुए है, इसलिए आज भाजपा सिर्फ सियासी हिसाब से नही बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अपने परदादासे काफी आगे है। यदि आर्थिक दृष्टि से ही देखा जाए तो आज जितना धन भाजपा के पास है, उसका दसवां हिस्सा भी कांग्रेस के पास नही है। भाजपा के पास दो हजार दो सौ चवालीस (2244) करोड की राशि सिर्फ चन्दे के रूप में उपलब्ध है, तो कांग्रेस के पास 289 करोड़ रूपए और भारतीय राजनीतिक दलों के बीच आर्थिक दृष्टि से तीसरे क्रम पर बी.आर.एस. है, जिसके पास 580 करोड़ है, देश में सबसे गरीब राजनीतिक दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) है, जिसके पास मात्र 6 करोड़ रूपए है। राजनीतिक दलों के ये आर्थिक आंकड़े हाल ही में चुनाव आयोग ने जारी किए है। अर्थात देश की सबसे धनवान पार्टी भाजपा है, जिसकों चन्दें में अन्य दलों से 212 प्रतिशत से अधिक धन चंदे के रूप में प्राप्त हुआ है। वैसे सरसरी तौर पर देखा जाए तो आर्थिक वर्ष 2023-24 में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के ही कोष में बढ़ौत्तरी देखी गई, भाजपा को पूर्व के मुकाबलें तीन गुना अधिक राशि की आमद हुई, वहीं कांग्रेस को भी पूर्व वर्ष के मुकाबलें अधिक धनराशि मिली। सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह उभर कर आया है कि उत्तरप्रदेश पर कभी राज करने वाला बहुजन समाज पार्टी दल को विवादित वर्ष में केवल बीस हजार रूपए का ही चन्दा प्राप्त हो पाया, इसलिए आर्थिक दृष्टि से यह दल सबसे निचले पायदान पर है। इसी बीच मौजूदा दौर में एक यह भी सचाई सामने आई है कि समय के साथ राजनीतिक दलों का भी सितारा ऊपर-नीचे होता है, देश में जहां कांग्रेस का सितारा लगातार पांच दशक तक बुलंदी पर रहा तो पिछले पच्चीस सालों से भाजपा का सितारा बुलंदी पर है, ये सब समय-समय का खेल है, जो मानव के भाग्य से राजनीति के भाग्य तक चलते रहते है। आज जहां सबसे धनवान सत्तारूढ़ दल अपने प्रमुख प्रतिपक्षी दल के कोष पर खर्च करने की पाबंदी लगाने पर आमादा है, तो स्वयं चुनावों के दौरान ह्यधन

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता।





**ललित गर्ग**

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। ह्यमतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैंह्व जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्वह्व ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।


किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्यअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगेह्व इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें। इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्कया टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये।

# कांग्रेस को तय करनी होगी अपनी प्राथमिकता

कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। राजनीतिक टीका-टिप्पणी से इतर देखें तो सच यही है कि दोनों अपनी राजनीति बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब 2023 में दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दलों ने अपना मोर्चा-आइएनडीआइए बनाया था तो मंच पर बैनर टंगा था: यूनाइटेड वी स्टैंड। एक और बैठक में मंच पर स्लोगन लिखा था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। फिलहाल सीधी जंग कांग्रेस और आप के बीच है, जबकि अन्य घटक दर्शक दीर्घा से अपनी पसंद के पक्ष का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। जब चुनावी जंग अन्य राज्यों में पहुंचेगी तो वहां भी ऐसे परिदृश्य की संभावना से इन्कार नहीं। गठबंधन बनने के समय ही यह तथ्य रेखांकित किया गया था कि घटक दलों में मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है।





**राज कुमार सिंह**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

कांग्रेस का नया चुनावी नारा: हाथ बदलेगा हालात, न हरियाणा में हालात बदल सका और न ही महाराष्ट्र में। हां, उसके नेतृत्व वाले गठबंधन के हालात अवश्य बदल गए। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद आइएनडीआइए के नेतृत्व को लेकर उठे सवालों पर चुप्पी साधने वाली कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव में तेवर बता रहे हैं कि हाथ ने अपने हालात बदलने का मन बना लिया है। लगभग छह महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जिस आप के साथ युगल गीत गाते हुए वोट मांग रही थी, अब वह उसे एंटी नेशनल, भ्रष्ट और धोखेबाज दिखने लगी है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय माकन ने अरविंद केजरीवाल को एंटी नेशनल बताते हुए आप से दोस्ती को गलती माना। इसके बाद आप और कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ गई। दिल्ली में चुनाव प्रचार शुरू करते हुए राहुल गांधी ने तो केजरीवाल को मोदी की तरह झूठे वादे करने वाला करार दिया। इस पर केजरीवाल ने जवाब दिया कि राहुल कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। राजनीतिक टीका-टिप्पणी से इतर देखें तो सच यही है कि दोनों अपनी राजनीति बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब 2023 में दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दलों ने अपना मोर्चा-आइएनडीआइए बनाया था तो मंच पर बैनर टंगा था: यूनाइटेड वी स्टैंड। एक और बैठक में मंच पर स्लोगन लिखा था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। फिलहाल सीधी जंग कांग्रेस और आप के बीच है, जबकि अन्य घटक दर्शक दीर्घा से अपनी पसंद के पक्ष का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। जब चुनावी जंग अन्य राज्यों में पहुंचेगी तो वहां भी ऐसे परिदृश्य की संभावना से इन्कार नहीं। गठबंधन बनने के समय ही यह तथ्य रेखांकित किया गया था कि घटक दलों में मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है, उलटे उनमें दलगत हितों और महत्वाकांक्षाओं का तल्ख टकराव है। दो लोकसभा चुनावों में हाशिये पर रहे विपक्षी दल तीसरे चुनाव के लिए एक साथ तो आए, पर मकसद पूरा न होने पर वापस अपनी-अपनी राह चलने को बेताब हैं। लोकसभा चुनाव में भी बंगाल, केरल और पंजाब में मित्र दल आपस में ही जोर आजमाइश कर रहे थे। अब यदि दिल्ली में भी कांग्रेस और आप ताल ठोंकते दिख रहे हैं तो आश्चर्य नहीं। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के प्रयास का मन बना लिया है। इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं। दशकों तक देश और प्रदेशों पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस की दुर्दशा अचानक नहीं हुई। बेशक उसका ऐतिहासिक चुनावी पराभव 2014 में हुआ, लेकिन अपनी कमजोरियों-गलतियों से वह बहुत पहले से जर्जर होने लगी थी। कांग्रेस लंबे समय से तमिलनाडु और बंगाल में अकेले दम पर चुनाव लड़ने लायक भी नहीं रह गई है। दो बड़े राज्य उत्तर प्रदेश और बिहार उसके शक्ति स्रोत थे, लेकिन अब वहां भी वह दशकों से क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है। आंध्र, झारखंड में भी यही स्थिति है। यह सब हाल-फिलहाल नहीं हुआ। दरअसल सत्ता पाने के खेल में कांग्रेस इतनी आत्ममुग्ध हो गई कि संगठन खोखला होता गया। जनाधार वाले क्षत्रपों के बजाय आलाकमान की पर्चियों से मुख्यमंत्री बनने लगे। जैसे नेता आगे बढ़े, उन्होंने वैसे ही कार्यकर्ता भी आगे बढ़ाए। नतीजतन उसकी नींव के पत्थर हिलने लगे। आप समेत ज्यादातर क्षेत्रीय दल न केवल कांग्रेस के बिखरते जनाधार पर खड़े हैं, बल्कि कांग्रेस से ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। देश पर शासन को अपना एकाधिकार समझने वाली कांग्रेस की अहमन्यता उसकी दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण है। इसके चलते उसकी रणनीति एक कदम आगे-दो कदम पीछे वाली हो गई। 2013 में आप ने ही दिल्ली की सत्ता से कांग्रेस को बेदखल किया, लेकिन उसने भाजपा को रोकने के लिए उसी की सरकार बनवा दी। फिर भला 2015 और 2020 के चुनाव में मतदाता उस पर कैसे विश्वास करते? अब डेढ़ साल साथ रहने के बाद दोनों फिर आमने-सामने हैं। कांग्रेस सिर्फ दिल्ली में दिशाहीन नहीं रही। जिस उत्तर प्रदेश से चुनाव जीत कर नेहरूजी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने, वहां कांग्रेस कभी सपा से गठबंधन करती रही, तो कभी बसपा से, जबकि दोनों पार्टियां उसके परंपरागत वोट बैंक रहे जनाधार पर खड़ी हैं। जिन अखिलेश यादव की सरकार को जंगलराज बताते हुए राहुल गांधी विरोध में पदयात्रा कर रहे थे, उन्हीं से फिर गठबंधन भी कर लिया। नेताओं के लिए इस तरह मौके के मुताबिक हाथ मिला लेना मुश्किल नहीं होता, पर जो कार्यकर्ता दशकों तक एक-दूसरे के विरुद्ध संघर्ष करते हैं और राजनीतिक विरोध की कीमत चुकाते हैं, वे अचानक कैसे गलबहियां कर युगल गीत गाते हुए मतदाताओं के बीच जाएं? ऐसा नहीं है कि कांग्रेस के लिए सब कुछ खत्म हो चुका है। आखिर भाजपा भी तो दो लोकसभा सीटों से 303 तक पहुंची ही, पर कांग्रेस को अपने हालात बदलने के लिए सबसे पहले यह तय करना होगा कि उसे जुगाड़ से सत्ता चाहिए या फिर संगठनात्मक सक्रियता से जनाधार वापस पाकर अपने बल पर।

# अफगानिस्तान में पश्तूनावली की चेतना

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

यही मूल अंतर है जिसे पाकिस्तान के लोग तो शायद समझ रहे हैं, लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण वहां के हुक्मरान नहीं समझ रहे। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने देश के लोगों को इस्लाम के नाम पर उनकी सनातन सांस्कृतिक चेतना से तोड चाहते हैं। पश्तून इसके लिए तैयार नहीं हैं। न तो डूरंड रेखा के इस ओर के पश्तून और न ही उस ओर के पश्तून। यही कारण है कि दशकों तक तालिबान की मदद के बावजूद आज फिर पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार आमने-सामने हैं और और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तालिबान सरकार के विदेश मंत्री से सार्थक बातचीत कर रहे हैं। पाकिस्तान को पश्तूनावली की सांस्कृतिक चेतना को पहचानना होगा। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पश्तून अपने आपको पाकिस्तान की बजाय भारत के ज्यादा नजदीक समझता हैङ्क अफगानिस्तान की सरकार को किसी भी देश की सरकार ने मान्यता नहीं दी है। चीन सरकार पिछले कुछ अरसे से जरूर उससे पींघे बढ़ा रही थी। पाकिस्तान पिछले लंबे अरसे से अफगानिस्तान को अपने इलाके का पिछवाड़ा मान कर उसके साथ व्यवहार कर रहा था। उसका प्रमुख कारण अफगानिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति कही जा सकती है। अफगानिस्तान पर रूस के हमले ने पाकिस्तान की स्थिति प्रासंगिक बना दी थी। अमेरिका को हर हालत में मध्य एशिया के इस अंतिम देश, जो अभी तक रूस की छत्रछाया में आने से बचा हुआ था, उसको रूस की इस प्रेतछाया से मुक्त करना था। उसे इसके लिए पाकिस्तान का साथ चाहिए था। उसके लिए अमेरिका ने पैसा और हथियार दिया और पाकिस्तान ने पश्तूनों (पठानों) को नए हथियारों का प्रशिक्षण दिया। तालिबान के नाम से पश्तून योद्धाओं की एक नई पौध तैयार हो गई। इसकी तैयारी और प्रशिक्षण में इस्लाम को केन्द्र बनाया गया। यानी रूस के हमले से अफगानिस्तान खतरे में पड गया है। किसी ने यह सवाल नहीं पूछा कि अफगानिस्तान में इस्लाम की रक्षा के लिए आखिर अमेरिका इतना व्याकुल क्यों है? खैर, रूस ने तो अफगानिस्तान को छोड़ दिया। फिर नई सरकार बनी जिस पर आरोप था कि वह अमेरिका की समर्थक है। तालिबान के प्रशिक्षण में जो पाठयक्रम पढ़ाया गया था, उसमें देश की रक्षा के साथ-साथ इस्लाम की रक्षा के भी अध्याय थे। अमेरिका जिस पश्चिमी सभ्यता का रहनुमा है, वह इस्लाम विरोधी है, इसकी भनक भी तालिबान को अब तक लग चुकी थी। इसलिए तालिबान का नया निशाना नई सरकार ही थी। अमेरिका को यह नई सरकार बनानी ही थी ताकि उसका वर्चस्व अफगानिस्तान में बना रहे। उसे इस देश को नियंत्रण में रखना था, जहां तीन साम्राज्य भारत, चीन और रूस मिलते हैं। अब उसे फिर पाकिस्तान की जरूरत थी। इस बार अफगानिस्तान के शहरों में केवल अमेरिका की फौजें ही नहीं थीं, बल्कि उसके साथ अमेरिका के सहयोगी यूरोप के अन्य देशों की फौजें भी थीं। पाकिस्तान की स्थिति और भी प्रासंगिक हो गई। वह ओसामा बिन लादेन को छिपा भी रहा था और मरवा भी रहा था। तालिबान को भी पाकिस्तान की जरूरत थी। अमेरिका को तो थी ही। लेकिन इस लम्बी लड़ाई में जब हर रोज अमेरिकी सैनिकों के ताबूत वाशिंगटन डीसी में पहुंचने लगे तो अमेरिका के लोग ही नक्शे में अफगानिस्तान की तलाश करने लगे और उसे अमेरिका से इतनी दूर देख कर सवाल करने लगे कि आखिर इतने दूर के देश में हम अपने जिंदा सैनिकों को लाशें में, क्या प्राप्त करने के लिए तबदील कर रहे हैं? इस सवाल का जवाब सरकार के लिए आम जनता को देना मुश्किल था। जब जवाब देना मुश्किल हो गया तो ह्यसैम अंकलह्व ने पश्तूनों के देश से निकल आने का ही फैसला कर लिया। जाहिर है वे सत्ता तालिबान को सौंप कर ही आते। तालिबान से समझौता करने में फिर पाकिस्तान की जरूरत थी। अपने सारे हथियार वहीं छोडकर अमेरिका तो 2021 में काबुल से चला गया। अब राष्ट्रपति अब्दुल गनी की सरकार और तालिबान की सेना आमने-सामने थी। जाहिर है पाकिस्तान तालिबान के साथ था या यूं कहा जा सकता है कि वह अब्दुल की सरकार को उखाडकर पाकिस्तान समर्थक सरकार बनाने का प्रयास कर रहा था। अगस्त 2021 में अब्दुल गनी को भागना पड़ा और काबुल में तालिबान की सरकार बन गई, जिसे पाकिस्तान गलती से अपनी सरकार मानने लगा। अपनी सरकार यानी भारत विरोधी सरकार। दरअसल काबुल की सरकार को वह अपनी सरकार दो कारणों से मान रहा था। पहला कारण तो यह था कि पाकिस्तान ने तालिबान का निर्माण किया था और दूसरा यह कि तालिबान भी इस्लाम की रक्षा के लिए लड़ रहा था और पाकिस्तान का तो जन्म ही इस्लाम की रक्षा के लिए हुआ था। सब देशों ने अपने दूतावास काबुल में बंद कर दिए। भारत ने प्रतीकात्मक रूप से अपना दूतावास बनाए रखा।

## संक्षिप्त खबरें

### छपरा में मल्टी स्पोर्ट्स इंडोर स्टेडियम का होगा निर्माण

छपरा कार्यालय। नए साल में सारण के खेल प्रेमियों के लिए एक और खुशखबरी है। छपरा में शीघ्र ही मल्टी स्पोर्ट्स इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी अमन समीर की पहल से इंडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा गया था। खेल विभाग,बिहार द्वारा 566.47 लाख (5 करोड़ 66 लाख 47 हजार) रुपये के तकनीकी प्राक्कलन के आलोक में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत इस इंडोर स्टेडियम का निर्माण गर्ल्स स्कूल छपरा के परिसर में कराया जाएगा। इस स्टेडियम में चार बैडमिंटन कोर्ट के साथ-साथ मल्टी यूटिलिटी जिम एवं अन्य इंडोर खेलों की भी व्यवस्था होगी।

### चोरी की बाईक के साथ आरोपी गिरफ्तार

छपरा सदर। गुरुवार को दिघवारा थाना पुलिस टीम के द्वारा अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से पीरगंज चौक के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस चेकिंग को देख कर एक मोटरसाइकिल सवार गाड़ी घुमाकर भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्त से मोटरसाइकिल के संबंध में पूछ-ताछ किया गया। पकड़ाए व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल के संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तथा बताया गया कि यह मोटरसाइकिल चोरी का है, जिसका नंबर प्लेट बदल कर बेचने जा रहे थे। तत्पश्चात चोरी की मोटरसाइकिल जप्त करते हुए बाइक सवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अपराधी दरियापुर थाना क्षेत्र का मोहन कोठिया गांव निवासी स्व गरीब राय का पुत्र किशन कुमार बताया जाता है। जिसका गड़खा एवं वैशाली थाना में भी अपराधिक केस दर्ज है। उसकी गिरफ्तार टीम में दिघवारा थानाध्यक्ष अंकित कुमार सिंह, पु०अ०नि० राज कुमार सिंह, पु०अ०नि० विक्रम प्रसाद एवं थाना के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### रास्ट्रीय मतदाता दिवस पर दो बीएलओ सम्मानित होंगे

मकेर । उपनिर्वाचन पदाधिकारी सारण ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मकेर के दो बीएलओ को सम्मानित करने का आदेश निर्गत किया है ।उप निर्वाचन पदाधिकारी ने मकेर प्रखंड के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार शर्मा एवम शिक्षा सेवी अलाउदीन मियां को उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित करने का पत्र जारी किया है ।मालूम हो कि सारण जिलामें दस बीएलओ को सम्मानित करने के लिए नामित किया गया है ।उनलोगों को सारण जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रेक्षा गृह में सम्मानित किया जाएगा ।

### पूर्व जिला पार्षद व भाजपा नेता के घर में चोरी

मांझी। गुरुवार की देर रात मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के मांझी उत्तर टोला स्थिपूर्व जिला पार्षद व भाजपा नेता अभिषेक सिंह उर्फ पंकज सिंह द्वारा मांझी थाना मेंत एक घर का ताला तोड़ कर इन्वर्टर बैट्री तथा पैसन प्रो बाइक चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में पूर्व जिला पार्षद व भाजपा नेता अभिषेक सिंह उर्फ पंकज सिंह द्वारा मांझी थाना में एक आवेदन देकर चोरों के खिलाफ कारवाई की माँग की गई है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि गुरुवार कीरात्रि को मेरे दलान से चोरों द्वारा ताला तोड़ कर बैट्री एवम पैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि चोरों द्वारा चोरी करने के बाद घर मे आग लगाने के उद्देश्य से बिस्तर में अगरबत्ती जलाकर छोड़ दिया गया था। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँची मांझी थाना की पुलिस ने मामले की सघन जाँच शुरू कर दी है।

### एक कुर्की वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

परसा।वर्षों से फरार चल रहे एक कुर्की वारंटी को पुलिस ने शुक्रवार छापेमारी करते हुए प्रसादी गाव से गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार कुर्की वारंटी स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रसादी गांव निवासी लक्ष्मी साह का पुत्र नरेश साह बताया जाता है. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि वर्षों से पुलिस के पकड़ से फरार चल रहा था. इसके बाद न्यायालय द्वारा कुर्की वारंटी निकाली गई थी. जिसके बाद भी पुलिस के पकड़ से फरार चल रहा था. वही गुप्त सूचना के आधार पर प्रसादी गांव में छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया और शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है.

### तीन शराबी गिरफ्तार

परसा।थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवो में शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन शराबियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार के भेजा जेल. गिरफ्तार शराबियों में दरियापुर थाना क्षेत्र के नीती लालू टोला गाँव निवासी लक्ष्मी नारायण का पुत्र नीतीश कुमार तथा परसा थाना क्षेत्र के मिजापुर गांव निवासी किशुन देव सिंह का पुत्र शिवदयाल सिंह एवं योगेंद्र सिंह का ओम प्रकाश सिंह बताया जाता है।

थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सभी गिरफ्तार शराबियों को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

# डीएम की जनता दरबार में 37 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान



प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण, बेतिया के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 37 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें कमलेश कुमार राम, कफील अहमद, प्रियतमा कुमारी शर्मा, रामप्रभा देवी, राजेन्द्र राम, उर्मिला देवी, मधुसूदन चौबे, हीरालाल साह, माला देवी, अनिल साह आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सारण जिला पदाधिकारी ने की लोक शिकायत के 12 मामलों की सुनवाई



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी, सारण अमन समीर के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा शुक्रवार को लोक शिकायत के कुल 12 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 08 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 04 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एमडीए कार्यक्रम, आईएचआईपी एवं एमएमडीपी किट के उपयोग पर आयोजित हुआ जिलास्तरीय प्रशिक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता




बेतिया। फाइलेरिया मुक्त अभियान के अन्तर्गत बेतिया के निजी सभागार में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ नवल किशोर की अध्यक्षता में एमडीए कार्यक्रम के सफल संचालन एवं एमएमडीपी किट के उपयोग के साथ आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करने को लेकर जिलास्तरीय प्रशिक्षण कराया गया।

उन्होंने बताया कि नाईट ब्लड सर्वे ( रात्रि रक्त पट संग्रह ) के दौरान जिन व्यक्तियों का माइक्रो फाइलेरिया दर पॉजिटिव आया है, उनकी सूचि को सबसे पहले आईएचआईपी पर अंकित करना सुनिश्चित करें। साथ ही माइक्रो फाइलेरिया दर पॉजिटिव आये हुए व्यक्तियों की सूचना को अंकित करने के बाद प्रखंडों में उपलब्ध फाइलेरिया मरीजों की सूचि को भी अंकित करना है। भारत सरकार के निदेर्शानुसार आईएचआईपी पोर्टल में फाइलेरिया कार्यक्रम से संबंधित सभी आंकड़ों को भरना है। आईएचआईपी में दर्ज आंकड़ों से पूरे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। भीबीडीएस/सीएचओ व स्वास्थ्य कर्मियों को माइक्रोप्लान बनाने, स्वीकृति एप्प पर एमडीए राउंड के दौरान प्रतिदिन का डाटा अपलोड करने एवं मॉनिटरिंग करने की जानकारी भी दी गई। ताकि 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

पिरामल के जिला प्रतिनिधि राजू कुमार सिंह, प्रकाश कुमार और सुजीत कुमार भीबीडीएस, पिरामल बीसी श्यामसुन्दर कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। हाथी पाँव के मरीजों को कैसे एमएमडीपी किट का उपयोग करना है, यह भी बताया गया। प्रकाश कुमार ने कहा कि 10 फरवरी से 17 दिनों के लिए कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस दौरान आशा व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करते हुए अपने सामने दवा खिलाएगी। प्रतिदिन कितनी दवा खिलाई गई, इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन विभाग को दी जाएगी। सभी कार्यकलाप रजिस्टर में लिखित दर्ज की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। लोगों को अगर सर्वजन दवा से दुष्प्रभाव होता है तो उससे बचाव के लिए रैपिड रेस्पोंस टीम लगाई जाएगी। इस मौके पर डीभीडीसीओ डॉ नवल किशोर, भीडीसीओ रमेश मिश्रा, प्रशांत कुमार, गणेश कुमार गोप, सुशांत कुमार अदि थे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 51 मेधावी बालिकाओं को नि:शुल्क नामांकन




प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सीपीएस स्कूल ने एक बार फिर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कदम उठाया है। इस वर्ष भी, 51 गरीब और मेधावी बालिकाओं को निःशुल्क प्रवेश देने की योजना बनाई गई, जिसमें से प्रथम चरण 26 बालिकाओं को आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर स्कूल की प्रातःकालीन सभा में निःशुल्क प्रवेश प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सीपीएस के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, ह्वहमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बालिका आर्थिक कठिनाइयों के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे। यह प्रयास ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व के संदेश को सशक्त करने के लिए है।ह्व इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य श्री मुरारी सिंह ने भी बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन और समन्वय डॉ. विकाश कुमार सिंह द्वारा किया गया। अब तक, इस पहल के तहत स्कूल ने 250 से अधिक बालिकाओं को निःशुल्क प्रवेश देकर उनके जीवन में नई उम्मीदें और अवसर पैदा किए हैं।

इस वर्ष की योजना के अनुसार, शेष 25 बालिकाओं का चयन 8 फरवरी को आयोजित होने वाली ह्वबालिका मेधा परीक्षाह्व के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी स्कूल कार्यालय से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

सीपीएस स्कूल की इस पहल के तहत इस वर्ष अभी अब तक 8 लाख रुपये से अधिक की प्रवेश शुल्क माफ की गई है। यह कदम समाज में शिक्षा के अधिकार और समानता की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

डॉ. हरेंद्र सिंह और उनकी टीम का यह प्रयास समाज में बालिकाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने और शिक्षा के महत्व को प्रोत्साहित करने के लिए एक अनुकरणीय कदम है।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों वाहन चालकों व कंडक्टरों के नेत्रों की हुई जांच

**सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत बस स्टैंड, बेतिया के परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन**

प्रातः किरण, संवाददाता




बेतिया। सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत आज बस स्टैंड, बेतिया के परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर में विभिन्न बसों के सैकड़ों चालकों एवं कंडक्टरों के नेत्र की जांच की गयी एवं उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया ।जिला परिवहन पदाधिकारी, अरूण प्रकाश द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत चरणवार/तिथिवार विभिन्न प्रकार के सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला परिवहन विभाग का उदेश्य दुर्घटना की संख्या में कमी लाना एवं सड़क सुरक्षा के नियमों को जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों को जागरूक करना है ।उन्होंने बताया कि जन-जागरूकता के साथ-साथ यातायात नियमों का सख्ती के साथ अनुपालन भी कराया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लायी जा सके ।निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी अरूण प्रकाश सहित एमवीआई, इएसआइ, नेत्र विशेषज्ञ सहित जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

# खरीका बाजार में बनाई जायेंगी जननायक कर्पूरी ठाकुर की भव्य प्रतिमा: डॉ पंकज

प्रातः किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर ।सोनपुर प्रखंड के खरीका बाजार में बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई गई ।उपस्थित सभी लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की व कपूर्री ठाकुर जी को याद किया ।इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के नेता थे,उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित समुदायों के लिए संघर्ष में लगा दिया ।लोगों ने काफी चिंता जताई की दुर्भाग्य की बात है की पूरे सोनपुर विधानसभा में एक भी ऐसी प्रतिमा नहीं है जहां एकत्रित होकर कपूरी ठाकुर जी के सम्मान में उन्हें याद किया जा सके ।वहीं समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ पंकज कुमार सिंह ने कपूर्री ठाकुर जी को मरणोपरांत 2024 में भारत रत्न देने के लिए भारत सरकार व माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को विशेष धन्यवाद प्रेषित किया व साथ ही लोगों की मांग को पुरा करने का आश्वासन दिया और कहा की खरीका में ही कर्पूरी ठाकुर जी की भव्य प्रतिमा को वो अपने निजी खर्च पर लगवायेंगे ।उन्होंने कहा की जननायक कपूर्री ठाकुर जी हमेशा गरीब,किसान,मजदूर और समाज के वंचित लोगों के लिए आवाज बुलंद करते रहते थे ।इस अवसर पर ब्रजकिशोर सिंह चंद्रवंशी पूर्व मुखीया खरीका,उमा ठाकुर,रामायण ठाकुर, प्रदीप ठाकुर सरपंच रसूलपुर, राजेन्द्र ठाकुर, हरेंद्र प्रसाद ठाकुर,आनंदी ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर,उपेंद्र ठाकुर,सुरेंद्र ठाकुर,विजेंद्र कुमार,तारकेश्वर ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकली भव्य कलशयात्रा

दिघवारा नगर। नगर पंचायत दिघवारा के सैदपुर अवस्थित श्री श्री 1008 नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा हाथी,घोडे और बैंड-बाजे के साथ मंदिर परिसर से शुरू होकर मानुपुर,ईशुपुर के रास्ते होते हुए आमी गंगा घाट पहुंची ।जहां प्रकांड विद्वान सुबोध पाण्डेय द्वारा मंत्रोच्चारण के बाद गंगा जल कलश में लेने के बाद यात्रा एन.एच.-19 के रास्ते चकनूर अवस्थित बाबा गुप्तेश्वरनाथ नाथ मंदिर होते अनंत मिजार्पुर के रास्ते पुनः मंदिर परिसर पहुंची। जहां ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण के बाद अष्टयाम की शुरूआत हुई।

# भारतीय खाद्य निगम अधिकारियों का दो दिवसीय लेखा समीक्षात्मक बैठक संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता




बगहा। भारतीय खाद्य निगम बिहार प्रदेश अधिकारियों की बैठक वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर सभागार में दो दिवसीय लेखा व समीक्षात्मक बैठक कई मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद संपन्न हो गई। बैठक 23 जनवरी से 24 जनवरी तक चला ।इस बैठक में शुभारंभ लेखा उप महाप्रबंधक विनय कुमार खाद्यान्न महाप्रबंधक संकलन तेजनारायण सिंह,सहायक महाप्रबंधक अंकेक्षण अभिषेक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।बतादें की बैठक में पूरे बिहार भर के 12 मंडल क्षेत्र कार्यालय के अधिकारी शामिल हुए जिसमे लेखा और ऑडिट की समीक्षा की जा रही है ।इस बैठक का आयोजन मोतिहारी मंडल कार्यालय के द्वारा किया गया ।मोतिहारी खाद्य निगम लेखा में कार्यरत अनित श्रीवास्तव ने बताया कि लेखा प्रबंधक अरुण कुमार,स.क्षेत्र सेकेंड अजित कुमार अकेला,स.क्षेत्र तृतीय दिलीप महतो ने अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक का लेखा सही समय पर समिट करें और आगामी वित्तीय वर्ष का लेखा सही समय पर समिट किया जाए।

# शहीद विवेक कुमार वॉलीबॉल स्मृति टूर्नामेंट का हुआ समापन

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा।एसएसबी 21 वीं बटालियन बगहा के द्वारा मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया सुरेश सुब्रमण्यम,कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय शहीद विवेक कुमार स्मृति वॉलीबॉल चल रहे प्रतियोगिता का समापन हुआ ।इस वॉलीबॉल टूनार्मेंट में सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल, 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,बिहार

पुलिस,वाल्मीकिनगर, हरनाटाड़, गदीदीन, लौकरिया व रामपुरवा की कुल 09 टीमें शामिल हुईं। टूनार्मेंट का प्रारम्भिक मैच सशस्त्र प्रहरी बल,नेपाल वर्सेज 21वीं वाहिनी के बीच खेला गया जो कि एक फ्रेंडली शो मैच था। तदोपरांत प्री क्वॉर्टर फाइनल व क्वॉर्टर फाइनल मैचों का आयोजन हुआ जिसमें सेमी फाइनल मैच के लिए चार टीमें अंक के आधार पर चयन हुए।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें पहले सेमीफाइनल मैच में हरनाटांड की टीम व दूसरे सेमीफाइनल मैच में 21वीं वाहिनी की टीम को हराकर क्रमशः 65 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल व रामपुरवा की टीमों ने फाइनल मैच के लिए अपनी जगह सुरक्षित की ।शुक्रवार को टूनार्मेंट के फाइनल रोमांचक मुकाबले में 65 वीं वाहिनी की टीम को हराकर रामपुरवा की टीम ने शहीद विवेक कुमार स्मृति वॉलीबॉल टूनार्मेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। रामपुरा टीम के ऋतिक ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया और मैन ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया ।इस आयोजन के दौरान 21वीं वाहिनी के कमान्डेंट तपेश्वर संबित राउत,उमा शंकर नाशना, उप-कमान्डेंट, एम टी मेरन, उप-कमान्डेंट,भोलानाथ, उप-कमान्डेंट, भूषण चंद्र राय, उप-कमान्डेंट, जिष्णु एम, सहायक कमान्डेंट चिकित्सा, आदर्श चौहान, सहायक कमान्डेंट संचार, एवं बलकर्मियों ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का पूरे टूनार्मेंट के दौरान लगातार उत्साहवर्धन किया।

# पिंटू को मिला मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का सहारा, स्वस्थ होने से चेहरे पर आयी मुस्कान

**अहमदाबाद में हुआ दिल के छेद का नि:शुल्क ऑपरेशन**

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया। जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत बगहा 01 प्रखंड के बड़गाँव, नौका टोला निवासी रंजना शर्मा के 05 वर्षीय पुत्र पिंटू जो की हृदय में छेद रोग से पीड़ित था, जिसका पता उसके घरवालों को भी नहीं था,पिंटू की माँ रंजना ने बताया की जन्म के कुछ वर्ष बाद से ही पिंटू को दौड़ने, तेज चलने यहाँ तक की खाने पीने पर भी हाँफने लगता था, उसे कमजोरी व कभी कभी चक्कर आने लगता था, जिसे हमलोग आम बीमारी समझे थें एकदिन पास के आँगनबाड़ी केंद्र पर चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का जाँच किया जिसमें इसे हृदय में छेद बताया गया, आगे इसे जीएमसीएच रेफर किया गया, वहाँ जाँच कराने के बाद मैं सभी कागजात के साथ आरबीएसके जिला समन्वयक रंजन मिश्रा से मिली, उन्होंने सहायता की बच्चे को एम्बुलेंस से पटना आईजीआईसी भिजवाया जहाँ बच्चे का दवा चला उसके कुछ माह बाद उसके हृदय के छेद का निःशुल्क ऑपरेशन सत्य साईं हॉस्पिटल, अहमदाबाद में सफलतापूर्वक हुआ

ऑपरेशन के बाद अब पिंटू काफी खुश है कि बिना डरे वह अब खेल और दौड़ रहा है ।उसको अब परेशानी नहीं है।

**बाल हृदय योजना के बारे में लोगों को जागरूक करती है रंजना**

पिंटू की माँ ने बताया की बच्चे के इलाज में लाखों रुपए खर्च होते लेकिन बिहार सरकार की योजना से निःशुल्क इलाज सम्भव हुआ। उन्होंने कहा की मेरे परिवार के लिए योजना वरदान साबित हुआ है। इलाज के 1 माह बाद पिंटू जिला स्वास्थ्य समिति जाकर डीसी रंजन मिश्रा से मिला व चिकित्सकों से मिला जहाँ उसका स्वास्थ्य जाँच होने के बाद स्थिति सामन्य पाया गया ।पिंटू की माँ ने कहा मेरा बेटे को सरकार से सहायता मिली है। वर्ना हमलोगों से प्राइवेट में इसका बेहतर इलाज करा पाना सम्भव नहीं हो पाता। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि बच्चे के इलाज के साथ ऑपरेशन में होने वाले सारे खर्च के अलावा हवाई जहाज का टिकट, अहमदाबाद में खाने से लेकर रहने तक का सारा इंतजाम राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम के तहत सूबे में 43 तरह की बीमारियों का इलाज निःशुल्क होता है।

# जदयू जिला कार्यालय छपरा में जननायक कर्पूरी ठाकुर के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया

**शोषित वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रत्यनशील रहे और संघर्ष करते रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर: अल्ताफ**

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जदयू जिला कार्यालय जिला परिषद मार्केट छपरा में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जयंती पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई ।जदयू जिला अध्यक्ष ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तत्वि के प्रति आकर्षित हो जाते थे।

बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति-पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जयप्रकाश यादव, अरशद परवेज मुन्नी,महेश सिंह,पशुपतिनाथ पटेल,भोला सिंह, ई॰ प्रभास शंकर,दिलीप ठाकुर,चंद्रभूषण पंडित,अशोक सिंह ,कुसुम देवी ,संतोष पटेल,अजय प्रसाद ,शकीला बानो,सकील सिद्दीकी, सुधाकर भारद्वाज,सीपी सिंह,मुस्तफा कमाल,रमेश किशन कुशवाहा, सत्यानारायण सिंह,अंकिता सिंह,सादाब आलम मुन्नू,आदि उपस्थित थे।

# नेहरू युवा केंद्र छपरा के द्वारा मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह सह जागरूकता कार्यक्रम

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। नेहरू युवा केंद्र सारण (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वधान में यातायात पुलिस छपरा, सड़क परिवहन विभाग छपरा, राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपरा के सहयोग से सड़क सुरक्षा सप्ताह सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता एवं लेखापाल सह कार्यक्रम सहायक सत्यनारायण प्रसाद यादव के निदेर्शानुसार माय भारत के स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 जनवरी से 23 जनवरी तक थाना चौक छपरा, म्युनिसिपल चौक छपरा , दारोगा राय चौक आदि स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए। 17 जनवरी 2025 को कार्यक्रम का उद्घाटन यातायात पुलिस विभाग छपरा के सब इंस्पेक्टर अविनाश झा द्वारा सभी स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को साझा कर किया गया ।स्वयंसेवक के द्वारा प्रस्तुत की गई नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों को मानकर सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है ।बिना हेलमेट बाइक राइडर्स अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है । ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम अपनी औरों के जीवन क्षति को बचा सकते है।

23 जनवरी 2025 को उक्त कार्यकर्म के समापन में मुख्य अतिथि की भूमिका में ट्रैफिक थाना के ए एस आई शिवनाथ प्रसाद , अतिथि के रूप मे ट्रैफिक अधिकार संतोष कुमार एवं राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपरा की प्राचार्य किरण कुमारी उपस्थित थी।

नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में खुशी कुमारी, अमिषा कुमारी पांडेय, विकाश कुमार, संजीव कुमार, सुधांशु कुमार, ऋतिक कुमार यादव, दीक्षा राज, अंशु कुमार, पायल कुमारी , पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रितेश कुमार यादव एवम रोशन कुमार इत्यादि शामिल थे। मुख्य अतिथि अतिथियों द्वारा सभी कलाकारों को टी शर्ट, टोपी, प्रमाणपत्र एवम ट्रॉफी से सम्मानित किया गया ।

## विश्वविद्यालय कुलपति के आगमन को लेकर महाविद्यालय तैयारी में जुटा

बिक्रमगंज (रोहतास)। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा के कुलपति प्रो. डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी का 27 जनवरी सोमवार को स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में होगा आगमन।

जिनके आगमन को लेकर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में समस्त महाविद्यालय कर्मी युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटे हैं। आयोजित कार्यक्रम के संबंध में सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा सह वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि माननीय कुलपति के आगमन होते ही उनका भव्य स्वागत फूल माला पहना गाजे-बाजे घोड़ों के साथ महाविद्यालय में किया जायेगा। जिसके बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा कुलपति प्रो॰ शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी महोदय के करकमलों द्वारा महाविद्यालय के परीक्षा विभाग, पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष एवं प्रयोगशाला का उद्घाटन समारोह प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो॰ रणविनय कुमार भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# नौ कुख्यात बंदियों का स्थानांतरण

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर हुआ एक्शन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर के मंडल कारा, आरा में बंद नौ कुख्यात बंदियों को दूसरे जेलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। एसपी राज की अनुशंसा पर कारा आईजी की मुहर लगने के बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से लिया यह निर्णय लिया गया है।

इसमें दो बंदी भागलपुर तृतीय खंड एवं दो केंद्रीय कारा मुजफ्फरपुर शिफ्ट किए गए है। जबकि, पांच अन्य को बक्सर, मोतिहारी, गया एवं पूर्णिया के जेलों में शिफ्ट किया गया है।

भोजपुर एसपी ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से कुल 30 बंदियों को दूसरे जेलों में स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव भेजा है। पहले चरण में नौ बंदियों को स्थानांतरित किए जाने की स्वीकृति मिली है। इसमें अधिकांश हत्या, लूटपाट, पुलिस पर हमला, हत्या के प्रयास, गोलीबारी जैसे गंभीर कांड में चार्जशीटेड रहे हैं। एक पूर्व मुखिया का पुत्र भी है। हिस्ट्रीशीटर रहे बंदियों में गोरख महतो एवं ऋषि चौधरी उर्फ ऋषिकेश चौधरी को विशेष केन्द्रित कारा, भागलपुर, तृतीय खंड, रितिक सिंह एवं मंटू कहार उर्फ मंटू समीर दोनों को शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा, मुजफ्फरपुर।

विद्यासागर गुप्ता उर्फ वीडियो एवं नंदन कुमार सिंह को केन्द्रीय कारा मोतिहारी, सरोज राय को केंद्रीय कारा बक्सर, श्रीराम बिंद उर्फ चोलिया बिंद को केंद्रीय कारा पूर्णिया एवं पप्पू सम्राट को केंद्रीय कारा गया स्थानांतरित किया गया है। इसमें गोरख महतो का नाम मिथिलेश पासवान एवं धर्मेन्द्र राय हत्याकांड में भी आया था। कार्रवाई के जद में आने वाले बंदियों में आरा के इब्राहिम नगर, आनंद नगर, उदवंतनगर के बेलाउर, बड़हरा के चातर एवं तियर के अंधारीबाग समेत अन्य जगहों के शामिल है।

दूसरी ओर सूत्रों की मानें तो आरा जेल में बंद 21 और कुख्यात बंदियों पर दूसरे जेलों में स्थानांतरित किए जाने की तलवार लटक रही है, जो प्रक्रियाधीन है। एसपी राज ने कुल 30 बंदियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से दूसरे जेलों में स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव भेजा है। डीएम तनय सुल्तानिया ने भी स्वीकृति प्रदान करते हुए कारा महानिरीक्षक, पटना के पास भेज दिया है।

# डीएम राष्ट्रीय बालिका दिवस पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा ,समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला पदाधिकारी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उन्हें केंद्र और बिहार सरकार की नारी सशक्तिकरण योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व जैसी प्रमुख योजना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पोशाक योजना, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, प्रोत्साहन राशि, और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही हैं।

जिला पदाधिकारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता और शिक्षा ही सफलता की नींव हैं। उन्होंने मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, और छात्राओं से भी परिवार, जिला, और देश के लिए योगदान देने की अपेक्षा की। उन्होंने यह भी बताया कि कई विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है और उनकी प्रतिक्रिया भी ली गई है।कार्यक्रम के अंत में छात्राओं के बीच सेनेटरी किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (डीआरडीए), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सिविल सर्जन, जिला मिशन समन्वयक, फाउंडर सैनिट्रस्ट बायोडिग्रेडेबल पैड एवं छात्राएं मौजूद थे।

# सब्जी मंडी का स्थान होगा शिफ्ट

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड स्थित थाना चौक पर प्रत्येक शुक्रवार को सब्जी मंडी लगती है। सड़क के किनारे सब्जी मंडी लगने से आए दिन बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। दोपहर होते ही किसान सड़क के दोनों किनारे सब्जी बाजार लगाकर सब्जी बेचते हैं जिसे खरीदने के लिए सैकड़ो लोग सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी में आते हैं। जिससे दुर्घटना एवं सड़क जाम की समस्या बनी रहती है। मालूम हो कि लगभग आधा दर्जन गांव के किसान इस बाजार में सब्जी लाकर थोक और खुदरा व्यापार करते हैं।दौलतपुर,राजापुर,धनडीहां ,कुल्हड़िया,चंदा से आये किसान प्रत्येक शुक्रवार को कोइलवर चौक स्थित बाजार लगाकर व्यापार करते हैं। मालूम हो कि कोइलवर के इस सर्विस रोड से रोजाना हजारों बालू लदे ट्रकों का आवागमन होते है ऐसे में सड़क किनारे बाजार लगने से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क के दोनों तरफ बाजार लगने से जहां सब्जी खरीदने वाले ग्राहकों को ट्रक के चपेट में आने का भय सताता रहता है वही सब्जी विक्रेता भी डर के साये में जीते हैं। प्रखण्ड के व्यवसायी संघ के सचिव शहाबुद्दीन खान ने बताया कि सड़क किनारे बाजार लगने से जहां सब्जी बेचने वाले किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही ग्राहकों को भी सब्जी की खरीदारी करने में डर सताता रहता है। इसलिए हमने सब्जी विक्रेताओं से बात किया है अगले शुक्रवार से सब्जी मंडी को ब्लॉक रोड़ में शिफ्ट किया जायेगा। यहां से सब्जी मंडी को वही ले जाया जायेगा।

# कर्पूरी जयन्ती का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर सबकाविकासमहासंघ, बिन्द-बेलदार विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान तथा फिसरमैन चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट पटना के संयुक्त तत्वावधान में इसके कार्यालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी, पटना में कपूर्री जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों द्वारा दीप एवं पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम में गाँधी मैदान ,पटना में आयोजित होने वाले मछुआरा-पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक अधिकार महासम्मेलन के प्रचार-प्रसार तथा लोगों को पटना लाने का आह्वान किया गया ।कार्यक्रम का एक वृत्तचित्र संलग्न किया जा रहा है। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयन्ती समारोह का आयोजन संस्था/ट्रस्ट के कार्यालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी, पटना में किया जाएगा जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं।

# बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति ने जिला समाहरणालय के समक्ष दिया एक दिवसीय धरना

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति पटना के आह्वान पर जिला शाखा भोजपुर के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश कमिटी द्वारा पांच सूत्री मांगों लेकर जिला प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा गया।इस धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविनंदन पंडित और संचालन युवा जिला संयोजक शंकर पंडित के द्वारा किया गया जिसमें पूरे जिला से प्रत्येक प्रखंड से प्रजापति बंधु उपस्थित हुए। मुख्य मांगे राजनीति भागीदारी, माटीकला बोर्ड का गठन, अनुसूचित जाति में शामिल,स्किल डेवलप्मेंट,और संविधान निमार्ता सदस्य रतनप्पा कुम्हार का आदमकद प्रतिमा का स्थान करना।जिसमें मुख्य रूप से जिला सचिव सुरेन्द्र प्रजापति,हरेंद्र पंडित,युवा जिला सचिव उमाशंकर पंडित,रविन्द्र पंडित,राजू पंडित,धर्मेंद्र कुमार शशि,उमेश पंडित दिनेश प्रजापति, परशुराम प्रजापति,महेंद्र पंडित,विनीता देवी, संध्या देवी,लीला देवी युवा अध्यक्ष रंजन पंडित,रमाकांत पंडित, मुना पंडित,संजीत प्रजापति,सनोज प्रजापति आदि थे।

# टॉप 10 कुख्यात अपराधी प्रहलाद को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनामुल हक मैगनु के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने एसटीएफ एवं जिला पुलिस के सहयोग से टॉप 10 के कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया उक्त बातों की जानकारी देते हुए कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ एवं जिला पुलिस के सहयोग से कुख्यात अपराधी प्रहलाद को गिरफ्तार किया गया उक्त अपराधी के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं गिरफ्तार प्रहलाद कुमार जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना अंतर्गत दयालचक गांव निवासी बताया जाता है जो पूर्व में कुर्था बाजार स्थित माया आलू भंडार में लूटपाट की घटना का अभियुक्त था जिसे एसटीएफ ब जिला पुलिस के सहयोग से कुर्था थाना क्षेत्र के सिकरिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया हालांकि उन्होंने कहा कि पुलिस उक्त अपराधी को लेकर पुलिस कई दिनों से रेकी कर रहा था और अंतत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दीअरवल पुलिस की बड़ी कार्रवाई एसटीएफ के सहयोग से एक टॉप-10 अपराधी को गिरफ्तार किया गया एसटीएफ टीम पटना एवं अरवल जिला पुलिस के सहयोग से अरवल जिला के टॉप-10 अपराधकर्मी प्रहलाद कुमार, पिता-नन्दकिशोर सिंह, सा०-दयालचक, थाना-शकुराबाद, जिला-जहानाबाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त 15 फरबरी 2023 को कुर्था बाजार के आलू व्यवसायी से पांच लाख दस हजार रू० लूट के मामले में अंकित कुर्था थाना कांड सं0-55/2023, दिनांक-25.02.2023, धारा-395 भा०द०वि० एवं 27 शस्त्र अधिनियम में फिरार थे। इसके पूर्व कांड में संलिप्त अन्य छः (06) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। टॉप 10 अपराधी का अपराधिक इतिहास कुर्था थाना कांड सं0-55/2023, 25.02.2023, धारा-395 भा०८०वि० एवं 27 शस्त्र अधिनियम शकुराबाद थाना काण्ड सं० 169/23, /323/307/337/338/427 भा०८० वि०धारा-147/148/149/160/341 जहानाबाद थाना काण्ड सं0 597/18, धारा-302 भा०८०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट।

गौरीचक थाना काण्ड सं0 284/18, दिनांक 21.08.2018, धारा-399/402 भा०८०वि० एवं 25 (1-बी) / 26/35 आर्म्स एक्ट

गौरीचक थाना काण्ड सं0 285/18, दिनांक 21.08.18, धारा-115/34 भादवि ।

# धूमधाम से मनाई गई जननायक कर्पूरी की जयंती

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। कुर्था विधानसभा क्षेत्र के पंचतिर्थ गांव जो नाई एवं चंद्रवंशी समाज के लोग निवास करते हैं उनके बिच अरवल जिला राष्ट्रीय जनतादल किसान प्रकोष्ठ की ओर से जन नायक करपुरी ठाकुर जयंती समारोह मनाया गया इस मौके पर सैकडों ग्रामीण लोग उपस्थित होकर फूल माला चढ़ाकर नमन किया इस कार्यक्रम के आयोजक एवं अध्यक्षता किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने किया मौके पर पूर्व उप प्रमुख सह युवा प्रखंड अध्यक्ष वंशी श्री दयानंद सिंह यादव राजद कार्यकर्ता श्री रविन्द्र ठाकुर समाजवादी पार्टी के छात्र प्रदेश सचिव बिहार रिषिकेश कुमार निर्मल कुमार ग्रामीण सुरेश चंद्रवंशी परशुराम चंद्रवंशी विजय चंद्रवंशी रामा कांत चंद्रवंशी अजय ठाकुर रामएकवाल ठाकुर कैलाश ठाकुर नागेंद्र ठाकुर मेघनाथ ठाकुर एवं महिला किरण देवी गोरी देवी अरमिला देवी शांति देवी आदि लोग उपस्थित थे सुनील कुमार यादव ने कहा तेजस्वी यादव भारत रत्न जन नायक करपुरी ठाकुर के अधुरे कार्यो को आगे ले जा रहें हैं एक मात्र समाजिक न्याय के हितैषी श्री लालू प्रसाद यादव जी है जो कपूर्री ठाकुर के पद चिन्हों पर चलकर बिहार के पिछले दलित अतिपिछड़ा समाज के लड़ाई लड़कर न्याय दिलाया अब तेजस्वी यादव अति पिछड़ा वर्ग के लिए संघर्ष कर रहे जातिगत जनगणना करा कर उचित हिस्से दारी दिलवाने का काम किया सरकारी नौकरी एवं शिक्षा उच्च शिक्षा संस्थानों में कल्याण हेतु आरक्षण सिमा बढ़ाकर 65% किया जब 17 महिने की सरकार में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दिये तिन लाख लोगों को नियमित किया उसके अलावा आंगनबाड़ी तालीम मकरज आशा ममता जिविका दिदी लोगों नियमित करवाएं आगे हम सभी से अपील करते हैं कि 2025 में तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए गठबंधन को जिताएं उन्होंने बादा किया है कि हम भाई-बहन मान योजना से हम 2500 महिलाओं को देंगे वृद्धावस्था पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 रुपए किया जाएगा किसानों को 200 युनिट बिजली फ्री दि जाएगी छात्रों को छात्रवृत्ति दिया जाएगा हम सभी लोगों से आग्रह करते हैं बिहार में महागठबंधन सरकार बनाए सरकारी कार्यालयों से धुष खोरी बंद कराए बिहार से भ्रष्टाचार मिटाए तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाए हम भारत रत्न जन नायक करपुरी ठाकुर को नमन करते हुए कुर्था विधानसभा के महान जनता को अभिवादन करते हैं करपुरी ठाकुर अमर रहे।


# राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।शुक्रवार को भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह सारण में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन संकल्प जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्रीमती बसंती टुडू , जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला युवा पदाधिकारी नेहरू युवा केन्द्र, सारण के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिसमें सीडीपीओ इसुआपुर, जलालपुर, एकमा, जिला मिशन समन्वयक के द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती बसंती टुडू ने समाज मे बालिकाओं का महत्व एवं उनके संबंधित विकास के मुद्दों पर वृहद रूप से प्रकाश डाला। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस कुमारी अनुपमा ने सभी बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बालिका भ्रूण हत्या एवं बालिकाओं के विद्यालय से ड्रॉपआउट होने की समस्या पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बालिकाओं के बीच गायन भाषण समूह गायन एवं विज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। समूह गायन में प्रथम स्थान सारण अकैडमी छपरा, द्वितीय स्थान सुनंदा ग्रुप तथा तृतीय स्थान राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छात्राओं को मिला। एकल गायन में प्रथम स्थान डोली कुमारी, दूसरा स्थान निशि कुमारी तथा तृतीय स्थान अंकिता रानी को प्राप्त हुआ। क्विज कॉन्टेस्ट में प्रथम स्थान पर तरुणा गुप्ता, द्वितीय स्थान पर रेखा कुमारी तथा तृतीय स्थान पर खुशी कुमारी रही।

# गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड के पूर्वाभ्यास का जिला अधिकारी व एसपी ने किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रमना मैदान में आयोजित होने वाले परेड के पूर्वाभ्यास एवं समारोह सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु तैयारियों का निरीक्षण जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को शाम 3 बजे से किया गया।डीएम एवं एसपी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाग लेने वाले सभी प्लाटून का निरीक्षण किया गया। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु उपस्थित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## यूपी से चोरी की पीक-अप वैन अमनौर के फिरोजपुर में लावारिस हालात में हुई बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के एस एम पी ईट भट्टा के पास लावारिस रुप से खड़ा एक पीक-अप वैन को ग्रामीणों ने देखा।

पिककप गाड़ी का नम्बर नही लगी है महिंदा कम्पनी का है।पिककप के पिछला दोनो चक्का खुला हुआ है।बॉडी पर विराट इंटर प्राइजेज लिखा हुआ है।ग्रामीणों को लगा कि शराब धंधेबाज शराब का खेप उतार खड़ा कर छुपे हुए है।वही चालक हत्या की आंशका हुई।लोगो ने आस पास झड़ी में देखने लगे परन्तु कुछ नही मिला।लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का मनाया गया जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती मना कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

प्रधान स्टडी सेंटर जगदेव नगर में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता कुमुद पटेल ,आरा विधानसभा से भावी प्रत्याशी बिकु सिंह प्रधान, एनएसयूआई छात्र नेता अविनाश मिश्र, वाइस प्रेसिडेंट बिहार राज्य जूडो एसोसिएशन सुमित यादव,राजवीर सागर हिमांशु तिवारी अमित सिंह एवं अन्य लोगों के द्वारा कपूर्री ठाकुर के स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात बिहार के वंचितों शोषितों एवं उपेक्षितों के लिए कपूर्री ठाकुर द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत व्याख्या एवं विचार विमर्श किया गया।

# बिहार के पूर्व सीएम भारत रत्न, जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती की 101 वीं वर्षगांठ पर मना जन्मोत्सव

प्रातः किरण संवाददाता



आरा , स्थानीय लोकनायक जय प्रकाश नारायण मुक्ता मंच पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न, जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती की 101 वीं वर्षगांठ पर जन्मोत्सव समारोह का आयोजन जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भोजपुर जिला अध्यक्ष भोला शंकर पाल की अध्यक्षता में स्थानीय लोकनायक जयप्रकाश नारायण मुक्ता कला मंच पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम जननायक कपूर्री ठाकुर की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ने जननायक कपूर्री ठाकुर शिक्षक, समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया , जेपी के संपूर्ण क्रांति और विधायक, विरोधी दल के नेता दो बार मुख्यमंत्री, सांसद की व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सहयोगी बनकर राजनीति में सजग प्रहरी बन 1952 से लेकर 1988 तक संसाधन विहीन , जाति विहीन सर्वमान्य नेता रहते हुए समाजवादी चिंतक बनकर अपना राजनीतिक जीवन सादगी और ईमानदारी पूर्वक सत्ता में बने रहे और उन्होंने वंचितों और बेसहारों के भीड़ से घिरे रहे और उनके उत्थान में अहम भूमिकाओं में व्यस्त रहे और अपने विचारों को साझा किया और अपने चादर को ह्न ज्यों की त्यों धर दिन्ही चादरिया ह्न के लिए अपना राजनीतिक जीवन प्रेरणा श्रोत और लोकतंत्र में उनका व्यक्तित्व प्रासंगिक हैं। दूसरे तरफ डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने अति पिछड़ा वर्ग को 2025 का बिहार विधान सभा चुनाव में फिर से नीतीश कुमार सर्वमान्य नेता माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का बल जननायक कपूर्री ठाकुर का सकारात्मक सपना को साकार के लिए हम सभी सम्मानित साथी को जिले के गांव गरीब के बीच जाने और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं और विकास कार्यों को विस्तार से बताने के प्रति जनजागरण संवाद यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम बनाने पर बल दिया।

दूसरे तरफ अति पिछड़ा प्रकोष्ठ भोजपुर जिला अध्यक्ष भोला शंकर पाल ने कहा कि दिनांक 27 जनवरी को जिला भोजपुर में होने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में अति पिछड़ा वर्ग की भागीदारी होनी चाहिए। अति पिछड़ा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष माया शंकर ने कहा कि शहर की भागीदारी काफी रहेगी और सम्मेलन सफल होगी। प्रमुख साथी_ अधिवक्ता राम धनी भारती ,नगर सेठ कुमार अभिषेक सागर ,रवि नंदन पंडित, चंद्रमा चंद्रवंशी,अशोक ठाकुर,सरोज कुमार , जय चंद सिंह आदि ।

# भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर का मनाया गया 101वां जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन, में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी नेताओं और कार्यकताओं ने बारी बारी से उनके तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि कपूर्री ठाकुर सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तत्वि के प्रति आकर्षित हो जाते थे।

प्रांत के मुख्यमंत्री के होने के नाते बिहार को प्रगति-पथ पर लाने और उसके विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। कपूर्री ठाकुर जी दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। कपूर्री जी का वाणी पर कठोर नियंत्रण था। वे भाषा के कुशल कारीगर थे। उनका भाषण आडंबर-रहित, ओजस्वी, उत्साहवर्धक तथा चिंतनपरक होता था। कड़वा से कड़वा सच बोलने के लिए वे इस तरह के शब्दों और वाक्यों को व्यवहार में लेते थे, जिसे सुनकर लोग तिलमिला जाते थे। उनका चिर परिचित नारा था..

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 25 जनवरी, 2025


# डीसी की जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का दिया गया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया। शुक्रवार को आयोजित जिला पदाधिकारी का जनता दरबार में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने सुबह 11 बजे से संध्या 03 बजे तक लगातार उपस्थित लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है ।कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त,डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए।

उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है।

इसके साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी,पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे ।कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है, उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें है। जनता दरबार मे मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना संबंधित वंचित आवेदक आये देख, डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया है कि आवेदनों को जांच करते हुए पात्रता रखने वाले आवेदकों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलवाए।

# जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के निर्वाचन एवं स्वागत अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा पार्टी कार्यालय में औरंगाबाद जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निर्वाचन एवं स्वागत अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं वन्दे मातरम के साथ शुरूआत किया गया। उसके बाद बिहार सरकार के मंत्री संतोष सिंह के द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के रूप में विजेन्द्र चन्द्रवंशी का नाम घोषित किया गया। मंत्री संतोष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और यह कार्यकर्ता का ही देन है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।आज नए जिलाध्यक्ष के रूप में युवा का नाम घोषित किया गया है।भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है तो उसमें संगठन की सबसे बड़ी भूमिका है।भाजपा संगठन को कार्यकर्ताओ के लिए एक उदाहरण बताते हुए कहा कि भाजपा भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में इकलौती ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर का एक साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।इस मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नए दायित्वों के लिए बधाई दी है।पूर्व सांसद ने इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग के सर्वोच्य नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए प्रदेश पार्टी ने अत्यंत पिछड़े समाज के एक गरीब परिवार के नौजवान के ऊपर भरोसा जताकर एक सम्मानित पद से नवाजते हुए एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।आशा है यह नौजवान भाजपा के विचारधारा को जन जन तक ले जाएगा और पार्टी संगठन को भाजपा परिवार के तरह सबको सम्मान देते हुए साथ लेकर चलेंगे।नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि पार्टी ने जो मुझपर विश्वाश जताते हुए जो दायित्व दिया है मैं उसे सभी कार्यकताओं का सम्मान देते हुए सभी को साथ लेकर चलूँगा और पार्टी को मजबूत करूँगा।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह,निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा,पूर्व जिलाध्यक्ष पुरषोतम सिंह,जिला महामंत्री संजय गुप्ता,मुकेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह,विशाल वैभव उर्फ टैगोर,जुलेखा खातून,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा,जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा,कैमूर महामंत्री संतोष सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,भाजपा नेता कौशल कुमार,अरुण सिंह,भरत सिंह,राजीव विद्यार्थी,राम विलाश सिंह,दिपक सिंह,बिट्टू कुमार,अभिषेक सिंह उर्फ वशु,टनटन सिंह,लवकुश कुमार,भाजपा नेत्री गुड़िया सिंह,रेखा पासवान,करिश्मा सिंह,अनिल कुमार,सुबोध सिंह,युवा भाजपा नेता ऋषि सिंह,पप्पू अग्रवाल,लाला शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को बधाई दी ।

## 6 बिहार बटालियन एनसीसी के बैनर तले मनाई गई नेता सुभाषचंद्र बोस की जयंती

गया। 6 बिहार बटालियन एनसीसी 1/6 और 3/6 बॉयज एंड गर्ल्स कंपनी ईकाई गया कालेज द्वारा गया कालेज गया में सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन ,पराक्रम दिवस प्राचार्य डा सतीश चंद्र की अध्यक्षता में मनाया गया है। इस अवसर पर सहाइअध्यापक डा अशोक कुमार ने सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुये उनके जीवन पर प्रकाश डाला है। इस क्रम में एन एस एस समन्वयक डा राजेश मिश्रा ने देश के लिये उनके योगदान को कैडेट के समक्ष रखा है।आजाद हिंद फौज के निर्माण व भारत की आजादी के लिये किए उनके संघर्षो को विस्तार से उन्होने बतलाया है।मुख्य वक्ता डॉ अनूपपति तिवारी ने नेताजी के दार्शनिक आयामों , प्रशासकीय कौशलों, नेतृत्वक्षमता और विद्वता की ख्याति से कैडेटों को अवगत कराया।अध्यक्षीय संबोधन देते हुये प्राचार्य ने कैडेटों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन,स्वाध्याय, अनवरत परिश्रम एवं निष्ठा से आगे बढने का आह्वान किया है। कार्यक्रम में कालेज की महिला एन सी सी अधिकारी डा प्रियंका भी उपस्थित रही है।

# कर्पूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री के दौरान समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध थे: मनीष पंकज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भारत रत्न से सम्मानित जन-जन के प्रिय नेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूरी ठाकुर की 101बी जयंती के अवसर पर कपूरी सभागार में स्थापित प्रतिमा पर भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनके प्रतिमा पर माला और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कपूरी ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा जनसेवा और समर्पण के कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे गरीबों, वंचितों और शोषितों की आवाज थे। उनका जीवन संघर्ष, सादगी और ईमानदारी का प्रतीक था।कपूरी ठाकुर जी बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए। विशेष रूप से, पिछड़े और दलित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए उन्होंने आरक्षण नीति लागू की, जो सामाजिक न्याय की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल थी। इस अफसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कपूरी ठाकुर जी का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने न केवल अपनी सादगी से जनता का दिल जीता, बल्कि अपनी नीतियों से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त किया। उनके नेतृत्व में बिहार में सामाजिक समरसता और विकास को प्राथमिकता दी गई।यह भी कहा कि कपूरी ठाकुर का योगदान केवल बिहार तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने पूरे देश को सामाजिक न्याय और समानता का संदेश दिया है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि हम सब उनके आदर्शों पर चलकर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में काम करें। उनका जीवन और कृतित्व हमें सिखाता है कि सच्ची राजनीति वही है, जिसमें जनसेवा सर्वोपरि हो। भाजपा मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा जन-जन के नेता वंचित शोषित और गरीबों की आवाज गुडरी के लाल जननायक कपूरी ठाकुर के देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री से नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा भारत रत्न से 100बी जयंती पर से सम्मानित होना गौरव की बात है उनका त्याग ईमानदारी और सादगी प्रेरणादायक है उपस्थित नेताओं ने जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि गया शहर के प्रमुख चौराहे पर जननायक कपूरी ठाकुर जी का प्रतिमा स्थापित की जाए आज के कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह दीपक पांडे सुनील बंबईया बबलू गुप्ता सुनील सिन्हा कपूरी ठाकुर विचार मंच के अध्यक्ष नीतू ठाकुर भोला सरकार आदि थो।

# मांगों को लेकर प्रजापति समन्वय समिति ने दिया धरना

प्रातः किरण संवाददाता




अरवल। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति पांच सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया जिसका संचालन समाज सेवी डॉ ज्योति प्रसाद उर्फ शत्रुघ्न पंडित ने किया इस दौरान धरना स्थल पर जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई गई वही संविधान निर्माण समिति के सदस्य स्वतंत्रता सेनानी पदम श्री डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की तेलचित्र पर माल्यार्पण कर प्रखंड कार्यालय से सम्हरणालय तक मार्च भी निकला गया इस अवसर पर डीएम के द्वारा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को एक पांच पेज का पत्र सौंपा गया जिसमें कुम्हार प्रजापति जाति को अनुसूचित जाति/ जनजाति सूची में शामिल करना,बिहार माटी कला बोर्ड की स्थापना का गठन करना, 2024 जाति जनगणना के आधार पर कुम्हार प्रजापति समाज को आबादी के अनुरूप सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करना, कुम्हार समाज के बच्चों को कौशल विकास के लिए मुफ्त प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा कुम्हारी उद्योग संस्थान की स्थापना करना,इसके साथ ही संविधान निर्मात्री सभा के सचिव रहे स्वतंत्रता सेनानी पदम श्री देशभक्त डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की आदमकद प्रतिमा एवं संग्रहालय पटना में स्थापित करने की मांग की गई पत्र में बताया गया है कि राज्य में प्रजापति पुश्तैनी कारोबार मिट्टी के बर्तन बनाकर जीविकोपार्जन करती है लेकिन वर्तमान में मिट्टी के बने बर्तनों की महत्ता काफी कम हो गई है जबकि मिट्टी के बर्तनों के उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बैजनाथ पंडित सचिन डॉक्टर सत्येंद्र पंडित विनय पंडित सुरेंद्र पंडित विमल पंडित विजय बाबा ज्योतिषाचार्य रामनाथ पंडित मुकेश पंडित राजेंद्र पंडित गिरजा पंडित रंजीत प्रजापति नारायण पंडित लाल बहादुर पंडित कृष्ण पंडित बच्चन पंडित प्यार प्रजापति राजेंद्र पंडित अनिल पंडित बृजनंदन पंडित रामाशीष पंडित गंगा पंडित अरविंद पंडित मोतीलाल पंडित राजेश्वर पंडित सुनील पंडित सरिता देवी बजरंगी पंडित राजहंती देवी अनीता देवी सुनीता देवी अरुण पंडित अरविंद पंडित सुदामा पंडित महेश पंडित रविंद्र पंडित सुरेंद्र पंडित राजेश्वर प्रजापति आदि सैकड़ो की संख्या में शामिल थे

# डीपीएस स्कूल में क्लास 10 के छात्र-छात्राओं को विदाई हेतू फेयरवेल पार्टी का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। तेजपुरा बैदराबाद स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को क्लास 10 के छात्र-छात्राओं को विदाई करने के लिए स्कूल मैनेजमेंट ने एक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। फेयरवेल पार्टी का विधिवत उद्घाटन स्कूल के दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमितेश कुमार मंटू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर की विदाई में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से संगमा बांध दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए ग्रुप डांस, सिंगिंग, म्यूजिकल गेम्स, बेस्ट बिहेवियर अवार्ड शो, रैंप वॉक, अवार्ड शो, केक सेरेमनी आदि की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बने रहे। मंच का संचालन कर रहे दसवीं क्लास के छात्र आराधना एवं निखिल नंदिनी किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने 10 के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना दिया। साथ ही क्लास 10 युवराज सिंह ,प्राची कुमारी, मुस्कान कुमारी, युक्ति कुमारी, सोनू, कुमार अमन पियूष, पंकज, गुलशन कुमार,दीपिका कुमारी ,अंशिका, प्रिया नंदनी कुमारी,प्रिंस कुमार, दिनेश कुमार,अनिशा कुमारी, राशि कुमारी, आयुषी कुमारी, आदि को स्कूल मैनेजमेंट ने आदि सभी को सम्मानित भी किया। शिक्षिका अलीशा कुमारी अमीषा कुमारी सौरभ कुमार हरबंस कुमार शंकर कुमार रवि कुमार उर्मिला कुमारी प्रीति कुमारी अहम भूमिका निभाई।

# चार धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा साइकिल से करने वाले सोनू सिंह को समकालीन जवाबदेही ने किया सम्मानित



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप हनुमान मंदिर के प्रांगण में चार धाम 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा साइकिल से पूरी कर अपने गांव पहुंचे सोनू सिंह को समकालीन जवाबदेही परिवार के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र के आह्वान पर प्रबंध संपादक सुरेश विद्यार्थी ने उन्हें पत्रिका का प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह औरंगाबाद जिले के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है बहुत बड़ी उपलब्धि है जो ग्रामीण परिवेश में रहने वाला एक शख्स द्वारा इस तरह हजारों किलोमीटर की यात्रा साइकिल से पूरी कर चार धाम एवं 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा की गई है। सोनू सिंह ने इस संदर्भ बताया कि उन्हें बचपन से ही कुछ नया करने का जुनून था तो उन्होंने इस कार्य को चुनौती ली और इस कार्य को मूर्त रूप प्रदान किया। मौके पर समाजसेवी रामसेवक शर्मा,मूर्ति कलाकार सुमित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## +2 बालिका उच्च विद्यालय अरवल में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया




अरवल। बाल विवाह मुक्त भारत, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, एक्सेस टू जस्टिस, एवं विकास पथ विक्रम के बैनर चले राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा सभी बच्ची को बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है बाल विवाह करने से हमारे समाज पर बहुत बुरा असर पड़ता है उन्होंने बताया कि बचपन में शादी करने पर बच्ची के शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है इसे रोकने के लिए हम सभी को मिलकर हम सभी को मिल कर कम करना होगा साथी विकास पथ विक्रम के सचिव सत्येंद्र कुमार शांडिल्य कहा कि ज्यादातर शादी शिक्षा एवं जानकारी के अभाव में माता-पिता अपने बच्चों को बचपन में शादी कर देते हैं समाज में सबसे पहले शिक्षा की जरूरत है तत्पश्चात गार्जियन के साथ बैठकर उन्हें इस बात को बताने की जरूरत है की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई एवं अपराध है हमें अपने बच्ची को 18 वर्ष के बाद एवं बच्चों को 21वर्ष बाद शादी करें।

## पिरामल फार्मा ने ब्रांड लिटिल के लिए यामी गौतम को बनाया ब्रांड एंबेसडर

Piramal Pharma Limited

पटना। पिरामल फार्मा लिमिटेड के इंडिया कंज्यूमर हेल्थकेयर (आईसीएच) ने अपने प्रमुख बेबी केयर ब्रांड लिटिल के लिए अपने नए अभियान #स्विचटूसॉफ्टर की शुरूआत की घोषणा की। इस अभियान में अभिनेत्री यामी गौतम को ब्रांड के नए एंबेसडर के रूप में दिखाया गया है और लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट पेश किए गए हैं, जो 12 घंटे के अवशोषण को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर आयातित सामग्रियों से तैयार किए गए हैं। पिरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के सीईओ साई रमना पोनुगोटी ने कहा कि भारत में नई माताओं की शिशु देखभाल उत्पादों के लिए अपेक्षाएं काफी बढ़ गई हैं। आज नई माताएं ऐसे डायपर की मांग करती हैं, जो न केवल अवशोषण की गारंटी देता हो बल्कि नाजुक शिशु की त्वचा की रक्षा के लिए कोमलता भी प्रदान करता हो। लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट को आराम, सुरक्षा और नवीनता के साथ इन जरूरतों को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। ब्रांड अपने नए ब्रांड एंबेसडर यामी गौतम के साथ उक्त अभियान के माध्यम से इस संदेश को दृढ़ता से व्यक्त करता है।

# एनडीए की ऐतिहासिक रैली की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गांधी मैदान, गया में एनडीए की विशाल रैली आयोजित होने वाली है, जिसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए भाजपा जिला कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक भाजपा पूर्वी जिला के अध्यक्ष विजय कुमार मांझी की अध्यक्षता में और पश्चिमी जिला के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में गया जिला के सभी वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारीगण, और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे हैं। आज के बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने कहा कि पूरे बिहार में एनडीए लहर चल रहा है गया के गांधी मैदान भाजपा कार्यकर्ता पाट देगा गया रैली ऐतिहासिक होगा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पश्चिमी प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि य प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी एनडीए नेताओं को भव्य स्वागत किया जाएगा, गया जिला संगठन के द्वारा कार्यकताओं का उत्साह से लगता है कि ऐतिहासिक एनडीए का रैली होगा ।इस

बैठक में एनडीए की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक चर्चा और रणनीति बनाई गई है। पूर्व सांसद हरि मांझी और रामजी मांझी ने रैली की अहमियत पर प्रकाश डाला और कहा कि यह रैली न केवल गया बल्कि पूरे बिहार में भाजपा और एनडीए के लिए एक नई दिशा तय करेगी। क्षेत्रीय प्रभारी धनराज शर्मा ने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस रैली में शामिल करने के लिए काम करें।इस बैठक के दौरान लघु प्रकोष्ठ।के प्रभारी शंभू केसरी एबं नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया है। उन्होंने जनता तक एनडीए के संदेश को पहुंचाने और इस रैली को जनसैलाब में बदलने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। नेताओं ने इस रैली को सफल बनाने के लिए जनसम्पर्क अभियान, सोशल मीडिया प्रचार और क्षेत्रीय संवाद बैठकों का आयोजन करने की योजना बनाई ।गया के गांधी मैदान में होने वाली यह रैली एनडीए के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां पार्टी के शीर्ष नेता जनता को संबोधित करेंगे और बिहार के विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। इस बैठक में मौजूद सभी नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर इस रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है।

इस रैली की सफलता से एनडीए के प्रति जनता का विश्वास मजबूत होगा और आगामी चुनावों में गठबंधन को और मजबूती मिलेगी। गांधी मैदान, गया 1 फरवरी को जनता और पार्टी कार्यकताओं से खचाखच भरा होगा, यह सभी की आशा और विश्वास है। आज के बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता प्रेम प्रकाश चिंटू, पूर्व अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन,डा मनिष पंकज मिश्रा,जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव पप्पू चंद्रवंश, सुधांशु मिश्रा,विनोद सिंह धर्मेंद्र यादव, त्रिमोहन मोहनी, प्रदेश का समिति सदस्य संतोष सिंह ,संजू सांव ,गया जिला पूर्व महामंत्री मंजय सिंह दयानंद गिरी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष करुणा कुमारी अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष देवानंद पासवान पुरुषोत्तम कुमार कार्यलय मंत्री राजेश कुमार, सत्यशील दिवाकर कुमार आदि थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की ईमानदारी एवं सादगी बेमिसाल थी:सत्येन्द्र रंजन

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल।जिला मुख्यालय के एक निजी रेस्टोरेंट में महान स्वतंत्रता सेनानी , कुशल राजनीतिज्ञ , समाजिक न्याय के पुरोधा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई । जयंती समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । उन्होंने जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की ईमानदारी एवं सादगी बेमिसाल थी , उन्होंने बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित करते हुए ईमानदारी एवं सादगी से बिहार के विकास के लिए कार्य करते रहे । उन्होंने कभी भी अपने को मुख्यमंत्री के रूप में प्रदर्शित नही किया ।

वे समान्य नागरिक के तरह अपने लोगों से मिलते जुलते थे । भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता भी रहे , वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे । राजनीति में इतना लंबा सफर बिताने के बाद भी जब वे मरे तो अपने परिवार को विरासत में देने के लिए उनके पास एक मकान भी नही और नहीं एक इंच जमीन था ।

भारतरत्न जननायक कपुरी ठाकुर का चिर परिचित नारा था , अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो , पग पग पर अड़ना सिखों , जीना है तो मरना सिखों । जयंती समारोह में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव , जिला मुख्य प्रवक्ता बिरेन्द्र पटेल , जिला महासचिव राजेन्द्र तिवारी , जिला कोषाध्यक्ष इमरान अहमद , जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला सचिव अमित कुमार , प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीराम पांडेय , अरुण पासवान , राजा कुमार , मनीष कुमार , दीनबंधु केशरी सहित अन्य लोग शामिल हुए ।

## वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायता की विस्तृत जानकारी दी गई : आरती कुमारी

गया।राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वावधान में जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार वन स्टॉप सेंटर और जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी के द्वारा वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायता की विस्तृत जानकारी दी गई है। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या,बाल विवाह आदि के रोकथाम के लिए जागरूक किया गया है। उनके द्वारा बालिकाओं और महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा के लिए बनाए गये कानून और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर 181 की जानकारी दी गई है।डीएचडब्ल्यू के जेंडर विशेषज्ञ के द्वारा सरकार के महत्वपूर्ण योजनाएं यथा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या को भी जानकारी दी।

# प्रयागराज-वाराणसी एनएच-2 पर डेहरी रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत में तेजी की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

प्रयागराज-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) पर स्थित डेहरी रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की खराब स्थिति के कारण यातायात में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। यह पुल रेलवे के अधीन आता है और वर्तमान में इसकी क्षतिग्रस्त स्थिति के कारण वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। रेलवे के अनुसार, इस पुल के सुपरस्ट्रक्चर (बो-स्ट्रींग स्टील गर्डर) और डेक-स्लैब को पूरी तरह से हटाकर नए सिरे से पुनर्निर्माण किया जाएगा, लेकिन अब तक इस काम का कोई आवंटन नहीं हुआ है।

इस पुल के पुनर्निर्माण से एनएच-2 पर यातायात सुचारू हो जाएगा। इससे भारी वाहनों को सुरक्षित और तेज मार्ग मिलेगा, और ग्रामीण सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा। यह केवल एक यातायात समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति देगा।

स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और परियोजना प्रबंधन रेलवे अधिकारियों से इस कार्य को शीघ्र शुरू करने की अपील कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने रेलवे मंत्री और संबंधित विभागों से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

रेलवे को जल्द से जल्द इस परियोजना का कार्य आवंटित करना चाहिए। स्थानीय प्रशासन को इसकी प्रगति की निगरानी करनी चाहिए और वैकल्पिक मार्गों का निर्माण कर ग्रामीण सड़कों पर दबाव कम करना चाहिए।

डेहरी रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत से न केवल यातायात सुचारू होगा, बल्कि यह क्षेत्र के विकास में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# प्योर ईवी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में क्रांति लाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 किया गया लॉन्च

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निमार्ताओं में से एक प्योर ईवी ने आज एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूजर एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है। थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। यह फीचर इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शन में नए मानक स्थापित करता है।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, ह्लएक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की शुरूआत के साथ, हम एडवांस एआई तकनीकों को सहजता से एकीकृत करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति के अगले चरण में कदम रख रहे हैं। यह प्लेटफॉर्म प्योर ईवी के लिए अद्वितीय है और भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की हमारी महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। हम अपने वाहनों को न केवल परिवहन के साधन के रूप में देखते हैं, बल्कि एक इंटेलिजेंट, कनेक्टेड डिवाइस के रूप में भी देखते हैं, जो मोबिलिटी की अवधारणा को फिर से परिभाषित करती है, और हमारे ग्राहकों को एक बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्लेटफॉर्म एडवांस प्रिडिक्टिव एआई से लैस है, जो राइडर के व्यवहार से सीखता है और बदलती स्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने बिहार के 168 विशेष अतिथि दिल्ली रवाना

पटना। राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 26 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। जिस में बिहार से 168 विशेष अतिथि भी शामिल होंगे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है या सरकार की विभिन्न योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग किया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस 2025 के परेड का गवाह बनने को विविध पृष्ठभूमि वाले भारत के उन स्वर्णिम निमार्ताओं को आमंत्रित किया गया है जिन्होंने सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

जिन सरपंचों के गांवों ने चुनिंदा सरकारी पहलों में लक्ष्य हासिल किए हैं, उन्हें आमंत्रित किया गया है।

# लाभुकों को ससमय खाद्यान मिले इसे हर हाल में करें सुनिश्चित : डीएम

## जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया । जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि नियमित रूप से नियत समय पर खाद्यान्नों का उठाव एवं वितरण हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि लाभुकों को ससमय खाद्यान मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवेदन करने वाले योग्य लाभुकों का नियमानुसार राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इससे संबंधित लंबित आवेदनों को त्वरित गति से निष्पादित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि आधार सीडिंग का कार्य ससमय शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं।

समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री कुमार रविन्द्र द्वारा एजेंडावार (राशन कार्ड निर्माण/ई केवाईसी/आधार सीडिंग/अनाज वितरण और धान अधिप्राप्ति) विस्तृत जानकारी जिला पदाधिकारी को दी गयी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डोर स्टेप डिलीवरी को ससमय कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एमओ नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली की दुकानों का विभागीय नियमानुसार निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मुकरेड़ा में प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुए जवानों का बना शहीद स्मारक

## दिल्ली इंडिया गेट पर स्थित स्मारक पर है इन सपूतों का नाम

प्रातः किरण संवाददाता

रिविलगंज। रिविलगंज प्रखंड के मुकरेड़ा गांव में मुखिया मनोज कुमार व उप मुखिया रोहित कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह के प्रयास से प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुए मुकरेड़ा निवासी लाल साहेब सिंह व राम बहाल सिंह के पुण्य स्मृति में शक्ति स्थल के नाम से भव्य शहीद स्मारक बनाया गया है।स्मारक के आसपास फूलों से सजाया गया।मुखिया मनोज कुमार व मुखिया रोहित कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह ने बताया गया कि स्थानीय बुजुर्गों के मानो तो प्रथम विश्व युद्ध में इस गांव के 26 जवानों ने शिरकत की और दो शहादत पाई,इसी स्मृति में यह स्मारक अंग्रेजों ने गांव में लगवाया,स्मारक में लगे पत्थर में अंकित हैं- मुकरेड़ा फ्रांम दिस विलेज 26 मेन वेंट टू ग्रेट वार 1914 - 1919 ऑफ दिज गेव अप दीयर लाइव्स। इतिहास के पन्नों से झांकता ये पंक्तियां इस गांव के लोगों के साहस और वीरता का मिसाल है,उन्होंने ने कहा कि बुजुर्ग बताते हैं कि गांव के बाहरी छोर पर स्मारक बनाने के पीछे भी अंग्रेजों का खास कारण था, वह जब भी कभी गांव में आते थे तो पहले स्मारक के पास जाकर सलामी देते थे, फिर गांव में प्रवेश करते थे, युद्ध में शामिल लाल साहब सिंह व राम बहाल सिंह की चौथी पीढ़ी के वंशज यहां रहते हैं,हालांकि युद्ध में शामिल होने वाले जवानों के बारे में गांव के लोग कुछ खास नहीं बता पाते।शहीद स्मारक ग्रामीणों के देख रेख नहीं करने से लुप्त होने के कगार पर था स्मारक ढह -भस गया था,जिसे गांव के ही रामजी सिंह समाजवादी ने स्मारक का पुरानी पर चुकी ईटो के बीच लिखी हुई इबारत पत्थर को सुरक्षित अपने घर में रखें हुए थे,और वो स्थानीय लोगों और जन प्रतिनिधियों से हमेशा कहते थे इस गांव के वीरता और साहस का प्रतीक स्मारक को बनाया जाए,ताकि ग्रामीण जांबाजों की वीरता की यह निशानी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सके।इस सपूतों का नाम दिल्ली इंडिया गेट पर स्थित स्मारक पर भी है,वही रिविलगंज प्रखंड प्रमुख डॉ राहुल राज,रामजी सिंह समाजवादी,कौशल किशोर सिंह,जितेंद्र सिंह,बबन सिंह,राजदेव सिंह,पताली सिंह,बिपिन सिंह,पप्पू सिंह,सतेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह,सतीश सिंह,राम जन्म महतो,देवनाथ राय,देवेंद्र सिंह,नुनु सिंग, कून्नू सिंह,पिंटू सिंह आदि ग्रामवासियों ने मुखिया मनोज कुमार व उप मुखिया रोहित कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह के कार्यों का सराहना करते हुए कहा कि यह एक एतहासिक उपलब्धी पूर्ण कार्य हुआ है.शहीद स्मारक स्थल सौंद्रयीकरण से मुकरेरा का एतिहासिक पहचान बन गया है. मुकरेड़ा पंचायतों के विकास में यह एक एतहासिक उपलब्धी पूर्ण कार्य माना जाएगा।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को दी गई विदाई



प्रातः किरण संवाददाता

परसा। जिंदगी की यही वसूल है जिंदगी चली जाती है, समय बदल जाता है, लेकिन यादें नहीं बदलती।ये बातें रामअशीष बिगेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारवे परसौना के प्रधानाध्यापक रम्भा कुमारी के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ने कही।आरबी हाई स्कूल बारवे परसौना के प्रागंण में आयोजित समारोह में सभी आगन्तुक अतिथि व शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका रम्भा कुमारी को फूल-माला पहनाकर ,अंगवस्त्र प्रदानकर व उपहार देकर विदाई दी गई।

वक्ताओं ने उनकी सेवा काल में किए गए कार्यों की सराहना की। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका रम्भा कुमारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि नौकरी में आने वाले लोगों को एक दिन सेवानिवृति का सामना करनी ही पड़ती है। हम इनकी कमी को कभी भुला नहीं पायँगी। किसी भी सरकारी सेवक का सरकारी सेवा में अपने कार्यकाल में विभागीय नियमों का अनुपालन करते हुये अपनी छवि को बेदाग रख सेवानिवृत हो जाना बड़े ही सौभाग्य की बात है। मैं उनकी भावी जीवन की मंगलकामना करती हूं।साथ हीं उन्होंने मौजूद सभी शिक्षकों से अपील किया कि आप सभी शिक्षक भी अपने विद्यालय में बच्चों को ऐसे हीं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें।जिससे शिक्षा जगत में एक नया उजाला हो सके।इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी,धर्मनाथ प्रसाद,मुख्य अतिथि सह जमीन दाता आसनी कुँअर,प्राचार्य अशोक कुमार, रमेश लाल साह, नागेंद्र शर्मा,राखी कुमारी,दिलीप कुमार,संजय कुमार पुष्क आदि मौजूद रहे।

## जननायक कपूरी ठाकुर की मनाई गई 101वीं जयंती, जदयू नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

चौसा (मधेपुरा) ।चौसा प्रखंड के घोषई पंचायत के केलाबरी नुनु बाबू पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को जेडीयू नेताओं ने कपूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कपूरी ठाकुर की 101वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। चौसा के केलाबरी नुनु बाबू पैट्रोल पंप पर आयोजित कार्यक्रम में जेडीयू पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जेडीयू प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज प्रसाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेडीयू के प्रदेश सचिव सुनील निषाद और जेडीयू विधायक प्रतिनिधि अबू साले सिद्दकी व जेडीयू सांसद प्रतिनिधि कुंदन कुमार बंटी, जेडीयू नेता अमित कुमार अन्य ने कपूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती मनाई गई। प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज प्रसाद ने कहा कि उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक की उपाधि मिली।

# विजय कुमार सिंह और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पहुंचे मोकामा मंदिर में, की पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता



मोकामा। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह मोकामा प्रखंड के हाथीदह पहुंचे जहां भाजपा के नए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद और मुखिया संघ के अध्यक्ष शशि शंकर शर्मा के द्वारा स्वागत किया गया उसके बाद उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह दुखहरन बाबा मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना की गई जबकि गिरिराज सिंह ने कहा कि बाबा दुखहरण मंदिर का अभय निर्माण किया जाएगा।

इसको लेकर विभाग को चिट्ठी लिखी जाएगी वही विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि स्टेशन के सामने वाली सड़क को भी पूरी तरह से दुरुस्त किया जाएगा ।

ताकि यहां भी गंगा स्नान के लिए लोग पहुंचेंगे और बाबा का आशीर्वाद लोगों को मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मिलेगा इस दौरान काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे। मौके पर पवन सिंह, टुनि सिंह सहित अन्य लोग रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया संविधान गौरव अभियान

मसौढ़ी। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मसौढ़ी नगर मुख्यालय स्थित संघतपर मुसहरी में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा में सचेतक जनक सिंह व बिहार प्रदेश महामंत्री ललन मंडल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक लेकर जाना है।बाबा साहेब सच्चे राष्ट्रवादी थे। इन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया।उसके साथ ही पाली रोड स्थित कपूरी चौक के समीप भारत रत्न कपूरी ठाकुर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर बिहार के मुख्यमंत्री रहने तक शोषित-वंचित समाज की लड़ाई लड़ते रहे।इस मौके पर पूर्व सांसद रामकृपाल यादव वार्ड पार्षद मुन्ना मांझी शंकर आदि थे।

# सृजन दर्पण के कलाकारों ने बेटी की पुकार नामक नाटक से दिया संदेश

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार तथा जिलाधिकारी, मधेपुरा के निदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन कारी अनंत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधैली बाजार, शंकरपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा, संस्कृति बाल विवाह के साथ साथ समाजिक कुर्तियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले बच्चियों एवं महिलाओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी तेजप्रताप त्यागी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विवेक यादव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंद्रकला कुमारी, कारी अनंत उच्चतर माध्यमिक विधालय मधैली बाजार के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार यादव, डी.पी.एम अमन कुमार झा, प्रशिक्षण आयुक्त जयकृष्ण यादव, मिशन समन्वयक मो. इमरान आलम, केंद्र प्रशासक कुमारी शलिनी एवं लैंगिक विशेषज्ञ राजेश कुमार ने संयुक्त रुप से पृजवलीत कर किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा, संगीत, खेल इत्यादि क्षेत्रों मे जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतिनिधि करने वाली बालिकाओं यथा तनिषा भागत, कीर्ति सिंह, जाह्नवी चौधरी, अंशु राज, अनुप्रिया भारती, सुरभि कुमारी, काजल कुमारी, अनुपम कुमारी, खुशबू कुमारी, ब्यूटी कुमारी, अंशु राज, मौसम कुमार को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी ने कहा की बालिकाओं को अपने अधिकार के लिये आगे आना होगा।

# पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कर्पूरी ठाकुर का योगदान अहम है। इसे कभी नहीं भुलाया जा सकता : राजू वर्णवाल

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।गया जीबी रोड स्थित स्थित जदयू महानगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल एवं जदयू के पदाधिकारी गणों के साथ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी कपूरी ठाकुर जी की 101 वीं जयंती मनाई गई है।इस दौरान बरनवाल एवं जदयू के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने जननायक कपूरी ठाकुर के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। उनके कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

इस कार्यक्रम के दौरान बरनवाल ने कहा कि वे समाज के पुरोधा, सादगी की मिशाल थे, वे सच में जनता के नायक थे। बिहार में गरीबों दलितों और पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कपूरी ठाकुर जी का योगदान अहम है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली उनसे हद तक मिलती है और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कपूरी के सपनों का शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का काम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने किया है। अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना का शुरूआत कर विकास के मुख्य धारा में जोड़ा गया है। जननायक कपूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय खोला गया है। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना अंतर्गत संचालित छात्रावासों में आवासीय छात्र-छात्राओं को खदान, गेंहू एवं चावल की आपूर्ति कि जा रही है। जदयू के पदाधिकारीगणों ने भी कपूरी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य और सादगी का एक प्रतिमूर्ति है। उन्होंने अपनी जीवन काल में हमेशा गरीब शोषित वंचित के हक और उनके अधिकार के लिए आवाज बनकर लड़ते रहे। अपने जीवन के अंत तक में भी विरासत के रूप में अपने परिवार को देने के लिए एक मकान भी नहीं था। कपूरी जी देश के सच्चे लाल थे। वह सच्चे समाजवाद के प्रणेता रहे।सबों को उनकी जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

इस कार्यक्रम में मगध प्रभारी अरुण कुशवाहा ,नगर प्रभारी अरमान उर्फ गुड्डू , लालजी प्रसाद, शंभू अग्रवाल, अमर दास, अजीत जैन, बम बम चंद्रवंशी, गोपाल प्रसाद, अमर चंद्रवंशी, ओम प्रकाश, राजकुमार शर्मा, श्याम प्यारे, बादशाह, श्रीकांत प्रसाद, वीरू कुमार, शिवकुमार, डॉ एसके सिन्हा, मिंता देवी आदि थे।

## तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से बाइक सवार हुआ घायल, छपरा रेफर

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के कर्णकुदरिया रेलवे ढाला नहर के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक ब्यवसायी गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया. घायल ब्यवसायी की पहचान सिवान जिले के लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डबछू गांव के म हसनयन के पुत्र इमादुद्दीन के रूप में हुई है.घायल व्यवसायी का डुमरसन बाजार में जुता-चप्पल का दुकान है. दुकान से घर जाने के दौरान कर्णकुदरिया- 40 आरडी नहर के पास अनियंत्रित पिकअप भान की चपेट मे आ गया. घटना के बाद आस पास के लोगो ने निजी अस्पताल पहुचाया. थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

## मशरक सीएचसी के टीवी डिपार्टमेंट का सारण डीपीसी ने किया औचक निरीक्षण

मशरक। मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के टीवी विभाग का औचक निरीक्षण सारण डीपीसी टीवी डिपार्टमेंट हिमांशु शेखर और रतन संजय लिपिक ने किया।निरीक्षण के दौरान ट्रनेटलैब,टीवी यूनिट दवा को सरकार के तरफ रोगियों के लिए दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं संचारी रोग के बारे में जानकारी ली, और मरीजों को होने वाली दिक्कतों का जायजा लिया। उन्होंने इस विभाग में सभी कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया कि मरीजों को दवा और जांच की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

## मशरक बीआरसी में संचालित स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम का हुआ समापन

मशरक। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बीआरसी मे संचालित पांच दिवसीय गैर आवासीय विद्यालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्ग 06 से लेकर 12 तक के बच्चों को स्वास्थ एवं कल्याण के साथ साथ स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने सहित विभिन्न बातों को गंभीरता पूर्वक चर्चा कर बताया गया।इसमें प्रखंड क्षेत्र के अधिक से अधिक मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालयों से एक शिक्षिका और एक शिक्षक को सामिल किया गया था। ये सभी शिक्षार्थी हेल्थ एंड वेलनेस एमबासडर एम्बासडर के रूप में जाने जाएंगे।इसमें प्रशिक्षक कार्यक्रम में मुख्य रूप रूप से चंदन कुमार सिंह डॉ ललिता शामिल हुई।

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की श्रद्धापूर्वक मनाई गई जयंती

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित दमयंती कन्या उच्च विद्यालय में शुक्रवार भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की श्रद्धापूर्वक 101वीं जयंती मनाई गई। मौके पर विधायक निरंजन कुमार मेहता समेत जदयू कार्यकताओं ने कपूरी ठाकुर के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान विधायक श्री मेहता ने कहा कि कोशी की धरती समेत बिहार में जननायक कपूरी ठाकुर जी ने जो मिशाल कायम किया है वह भुलाया नहीं जा सकता। कपूरी ठाकुर जी सपना था कि देश के मानचित्र पर बिहार की एकता एवं अखंडता हमेशा बरकरार रहे। समाजिक मुख्य धारा से सभी समुदायों के लोगों को जोड़कर उन्हें अपना अधिकार मिल सके। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कमलेश्वरी मेहता, राजकुमार साह, मिथिलेश राम, बबलू यादव, देवनारायण राम, वार्ड पार्षद अजय मंडल, निलेश यादव, राजीव साह, राजेन्द्र साह, विद्याकर सिंह, राजीव मंडल, अरविंद महतो, पवन सहनी, सत्यनारायण मंडल, कैलाश शर्मा आदि थे।

# मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र द्वारा किया गया कंबल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



पटना । मनुष्य के प्रति दयालु होना ही ईश्वर के प्रति दयालु होना होता है, क्योंकि ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति में निवास करते हैं। इसीलिए कहा भी जाता है कि जीव सेवा से बेहतर कोई सेवा नहीं है। असहाय एवं लाचार लोगों की मदद करने से बढ़कर कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं हो सकता। उक्त उद्गार मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र, पटना के संस्थापक ठाकुर अरुण कुमार सिंह ने बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला इंग्लिश गांव में गरीब एवं लाचार लोगों के बीच कंबल वितरण समारोह में शुक्रवार को व्यक्त कर रहे थे। कड़ाके की ठंड को देखते हुए मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र, कंकड़बाग द्वारा पटना जिला अन्तर्गत बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला इंग्लिश गांव में सभी समुदाय के जरुरतमंदों के बीच 50 कंबल वितरित किए गये।

मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र समाज के दबे-कुचले लोगों के उत्थान के लिए हर समय तत्पर रहती है और कई वर्षों से समाज के असहाय लोगों की मदद करने में लगी हुई है। खास करके कोरोना काल में एक महीने तक भूखे लोगों के बीच भोजन एवं कच्चे अनाज संस्था की ओर से वितरित किया गया था। संस्था कभी विकलांग लोगों के बीच ट्रायसाइकिल देकर उन्हें सबलता प्रदान करती हैं तो कभी भूखे -नंगे और लाचार लोगों के बीच वस्त्र और खाने की वस्तुएं बांटकर उनकी तकलीफों को कम करने का प्रयास करती हैं।

कंबल वितरण से पहले संस्था के संस्थापक अरुण कुमार सिंह ने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गुरुदेव सदैव कहा करते थे, आप यदि जरूरतमंदों को मदद करने में सक्षम है, तो उनकी मदद अवश्य करें। इससे ईश्वर आप पर प्रसन्न होंगे और आपके मनोरथ को पूरा करेंगे। गुरुदेव जी की हार्दिक इच्छा थी कि इस क्षेत्र के लाचार और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित करेंगे, लेकिन उनकी यह इच्छा अधूरी रह गई। लेकिन उनके संकल्प और अधूरी इच्छा को पूरा करने के उद्देश्य से ही यहां आए हैं। आप सभी समर्थवान लोगों से अनुरोध है कि लाचार एवं असहाय लोगों की मदद कर यश के भागीदार बनें।

कड़ाके की ठंड को देखते हुए बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला इंग्लिश गांव में 50 असहाय एवं लाचार लोगों के बीच कंबल बांटा गया। कंबल का वितरण संस्था के संस्थापक ठाकुर अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष मुरारी शर्मा, महासचिव सतीश कुमार सिंह, सचिव सुरेंद्र कुमार , संयुक्त सचिव मनोज कुमार, राम शरणागत सिंह, अविनाश सिंह, संयुक्त सचिव प्रसादी रजक, रोहित कुमार एवं सुरेन्द्र कुमार रंजन के द्वारा किया गया। जिन लोगों में कंबल वितरित किया गया उनमें संगीता देवी, बासमती देवी, शीतल दास, कैलू पासवान, राम प्रवेश राम, नरेश राय, शंभू साह उल्लेखनीय है।

कंबल वितरण समारोह को अनुशासित रुप से सफल बनाने में जिन लोगों ने सहयोग दिया उनमें विशुद्धानंद, वेदप्रकाश, गुंजन कुमार, रंजन कुमार, चन्द्र मोहन कुमार, गुड्डू सिंह, सबल सिंह, राजेश कुमार पूर्व मुखिया संतोष कुमार सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

उक्त अवसर पर गुंजन कुमार, चन्द्र मोहन कुमार, वेदप्रकाश एवं विशुद्धानंद ने संयुक्त रूप से संस्था के सदस्यों को शॉल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# अनंत ने किया कोर्ट में किया आत्मसमर्पण सोनू और रोशन भी हुए गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मोकामा। मोकामा पचमहला ओपी थाना क्षेत्र के हमजा गांव में शुक्रवार अली सुबह एक बार फिर गोलियों की ताड़ाहत से इलाका गूंज उठा। दरअसल इस बार मुकेश सिंह के घर पर गोलीबारी की गई आरोप लगाया गया कि सोनू मोनू गिरोह के द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है मिली जानकारी के अनुसार 15 से 20 राउंड की फायरिंग की गई है जबकि पुलिस को चार धोखे भी बरामद हुए हैं तीसरे दिन हुए इस गोलीबारी के बाद इलाके में लोगों का गुस्सा भी देखने को मिला लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की गिरफ्तारी और मामले का निपटारा करने की अपील की गई।जबकि मीडिया से बातचीत में पीड़ित मुकेश सिंह ने बताया कि 7 से 8 लोग आए थे और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगे और फायरिंग कर खिड़की भी तोड़ने लगे। मकान पर भी फायरिंग की गई। जबकि घटना के बाद बाढ़ के एएसपी राकेश कुमार भी दलबल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी हासिल की और पीड़ित परिवार वालों से भी मुलाकात किया वहीं पीड़ित मुकेश सिंह परिवार वालों को जानकारी देते हुए बताया कि मामले में पुलिस के द्वारा सोनू कुमार और रोशन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एएसपी राकेश कुमार ने लोगों को बताया कि जो भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लगा पुलिस उस पर शक्ति से कार्रवाई करेगा । किसी भी सूरत में अपराधी बक्सा नहीं जाएंगे पुलिस उसको जेल भेज कर ही रहेगी। यह सब चल ही रहा था कि बाढ़ कोट में मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए और कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया। अनंत सिंह ने कहा कि वह सरकार के नियमों और कोर्ट कोशिश मानते हैं लिहाजा उनका कोर्ट पर भरोसा है मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह को 14 दिनों के न्याय हिरासत में भेज दिया गया है ।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर एक दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन

मसौढ़ी फुटबॉल क्लब मसौढ़ी की टीम ने 3- 1से ली बढ़त कप पर जमाया कब्जा मसौढ़ी।नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128 वीं जयंती के मौके पर गुरुवार को मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मसौढ़ी फुटबॉल क्लब मसौढ़ी बनाम भी टी फुटबॉल क्लब जहानाबाद के बीच एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।जिसमें मसौढ़ी फुटबॉल क्लब मसौढ़ी की टीम ने 3,1 से बढ़त बना कर कप पर कब्जा जमा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता के क्लब के सचिव वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र नाथ शर्मा व मंच का संचालन विश्वरंजन सिंह व दैनिक भास्कर संवाददाता अरविंद कुमार ने की.वही कार्यकम का उद्घाटन बिहार सरकार खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने की.

# सुभाष चन्द्र बोस आज भी युवाओं के दिल पर राज करते हैं : अर्पणा बाला

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। सुभाष चन्द्र बोस आज भी युवाओं के दिल पर राज करते हैं उक्त बातें

राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान की सचिव अर्पणा बाला ने गुरुवार को सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर कही।

उन्होंने सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सुभाष चन्द्र बोस आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्होंने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस नारे को देने वाले महान स्वतंत्रता सेना युवाओं के दिलों पर आज भी राज करते हैं।

श्रीमति बाला ने कहा है उन महान क्रांतिकारी सुभाष चन्द्र बोस, जो नेताजी के नाम से पूरी दुनियां में विख्यात हुए थे और आज भी हैं। सुभाष चन्द्र बोस की एक आवाज पर अंग्रेजी हुकूमत कांप जाती थी, वैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की जरूरत आज भी देश को है।

उक्त अवसर पर राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान की कोषाध्यक्ष जनक नंदनी सिन्हा ने कहा कि नेताजी ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी और सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी। उन्होंने दिल्ली चलो का नारा दिया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजाद हिंद फौज की कमांडर बनकर उन्होंने अपने सैनिकों को वर्दी में परेड कराया था। उस समय उनके सैनिकों में लगभग 12000 सिपाही (सैनिक) शामिल थे। उस समय नेताजी ने आजाद हिंद फौज के साथ युद्ध की घोषणा कर दी थी।

जनक नंदनी सिन्हा ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस अपने सैनिकों से कहा था कि गुलाम लोगों के लिए चलो दिल्ली..., सैनिकों मैं सुख-दुख, धूप-छांव हर समय तुम्हारे साथ रहूंगा। मैं तुम्हें भूख-प्यास और मौत के अलावा कुछ नहीं दे पाऊंगा, लेकिन आप मेरा अनुसरण करेंगे तो मैं आपको आजादी और जीत की ओर ले जाऊंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे विचार व्यक्त करते थे नेता जी।

उक्त अवसर पर जानकी प्रगति सेवा संस्थान की सदस्य शाकंभरी, अंशुमाली, शिवम् जी सहाय, सुंदरम, पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राखी देवी संतोषी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।



साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में तीन भारतीय

# रोहित-विराट और अश्विन को जगह नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने शुक्रवार को साल 2024 के लिए पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम के एलान के बाद सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का भी एलान कर दिया है। इस टीम में भारत के तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है, लेकिन इनमें न तो रोहित शर्मा हैं और न ही विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन। टीम की कमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को सौंपी गई है। सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं। वहीं, भारत के तीन और न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया का सिर्फ एक खिलाड़ी इस टीम में है, जबकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम का कोई खिलाड़ी इस टीम में नहीं है।

**फैव-4 में से सिर्फ दो को मिली जगह-** टीम में मौजूदा दौर के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से दो ही को जगह मिली है। इनमें न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन और जो रूट शामिल हैं। स्टीव स्मिथ और विराट कोहली जगह नहीं बना पाए। भारत के जिन तीन खिलाड़ियों को इसमें जगह दी गई है, उनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। बुमराह मौजूदा समय में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज हैं, जबकि जडेजा टेस्ट में शीर्ष रैंकिंग वाले ऑलराउंडर हैं।

### रूट और यशस्वी का रहा है जलवा

रूट पिछले साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं, यशस्वी इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर थे। विलियम्सन ने भी चोट से वापसी करने के बाद शानदार फॉर्म दिखाया था। हालांकि, तीनों की टीमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी हैं। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना जून में ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### टीम में और कौन-कौन

आईसीसी की टीम में ओपनिंग में यशस्वी का साथ इंग्लैंड का बेन डकेट निभा रहे हैं। जबकि तीसरे स्थान पर विलियम्सन और चौथे स्थान पर रूट हैं। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक और छठे स्थान पर श्रीलंका के ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस हैं। विकेटकीपर की जिम्मेदारी इंग्लैंड के जेमी स्मिथ को सौंपी गई है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा कमिंस के अलावा न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और बुमराह के हाथों में होगा।

### आईसीसी की वर्ष 2024 की पुरुष वनडे टीम

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

# हैरी ब्रुक ने पहले टी20 में हार के बाद वापसी की ट्रिक बताई

**चेन्नई (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को कहा कि अगर इंग्लैंड कोलकाता में सात विकेट से मिली करारी हार से उबरकर श्रृंखला बराबर करना चाहता है तो मेहमान टीम को भारत पर लगातार दबाव बनाना होगा। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारत पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

ब्रूक ने दूसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो बैज (ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। हमें उनके गेंदबाजों पर दबाव बनाने और उनकी पारी



के दौरान विकेट लेने की कोशिश करनी होगी। आपको हमेशा थोड़ा और बेहतर करने की जरूरत होती है।

ब्रूक ने ईडन गार्डन्स में कप्तान जोस बटलर के शानदार अर्धशतक से कुछ सीख लेने की उम्मीद जताई जिन्होंने 44 गेंद में 68 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, 'हां, उन्हें निश्चित रूप से भारत में खेलने का काफी अनुभव है। उन्होंने आईपीएल में और जब भी वह इंग्लैंड के लिए यहां खेले हैं तो शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए उन्हें मैदान पर उतरते और रन बनाते देखकर काफी अच्छा लगता है। उन्हें दूसरे छोर से थोड़ी देर तक देखना सुखद था। ब्रूक ने उम्मीद जताई कि वह शनिवार को चेपक में इंग्लैंड की संभावित जीत में और अधिक महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा, 'यह एक आदर्श शुरुआत नहीं थी लेकिन यह सिर्फ एक मैच था। मेरा लक्ष्य जीत में योगदान देना होगा। मैं सिर्फ केवल एक ही चीज के बारे में सोचता हूं, वह है मैच विजेता बनने की कोशिश करना और अगर मैं यहां इस श्रृंखला में से एक या दो मैच भी जिताता हूं, तो मुझे इससे बहुत खुशी होगी।

# 'मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता'

## सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 से पहले साझा किए विचार



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सिर्फ कप्तान नहीं बल्कि ग्रुप के लीडर बनना चाहते हैं। उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले अपने विचारों पर विचार किया। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। मेजबान टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है कि मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता; मैं लीडर बनना चाहता हूं। अगर हम एक ग्रुप के तौर पर कुछ हासिल करना चाहते हैं, तो सभी को एक ही पन्ने पर होना चाहिए। ये छोटी-छोटी बातें हैं जो मैं उन्हें बताता रहता हूं - बुनियादी बातें, मैदान पर और मैदान के बाहर पालन करने की अच्छी आदतें। जब आप मैदान पर उतरें, तो बस अपने शरीर को छोड़ दें और जो हो रहा है उसका आनंद लें।

रोहित शर्मा के टी20आई प्रारूप से संन्यास के बाद सूर्यकुमार को नियुक्त किया गया था। रोहित, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद अपने टी20 करियर को अलविदा कह दिया। भारत के टी20 कप्तान बनने पर अपने विचारों को दर्शाते हुए सूर्यकुमार ने इसे एक भावनात्मक क्षण बताया, जिसे उन्होंने अपने परिवार के साथ मनाया। उन्होंने कहा, यह एक भावनात्मक क्षण था। मैंने अपने परिवार को फोन किया और हमारी अच्छी बातचीत हुई। फिर मैंने एक गहरी सांस ली, उस पल को महसूस किया और जश्न मनाया। हम घर पर बैठे, मेरी पत्नी की मदद से कुछ खाना बनाया और शाम का आनंद लिया। यह मजेदार और बहुत ही खास एहसास था।

# रोहित रणजी ट्रॉफी में वापसी के दूसरे प्रयास में भी फेल, मुश्किल से बना पाए 28 रन

**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

एक दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं।

अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने तुरंत स्क्वायर लेग पर छक्का लगाने के लिए पुल शॉट के साथ जवाब दिया। एक मोटा बाहरी किनारा फिर गली और दूसरी स्लिप में फील्डर के बीच से उड़ गया और अंतिम गेंद पर रोहित ने जोरदार और वाइड शॉट लगाया और गेंद को ऑफ-साइड पर एक और चौका लगा दिया।

रोहित ने एक समय 11 गेंदों पर 21 रन बना लिए थे लेकिन वे ज्यादातर समय सतर्क रहे, हालांकि कुछ मौकों पर वे रन बनाने में विफल रहे। बीकेसी में दूसरे दिन विकेट पर तुलनात्मक रूप से नमी नहीं होने के कारण जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों को भी इसे कड़ा रखने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन वे रोहित को तीन छक्के और दो चौके लगाने से नहीं रोक सके। आखिरकार जम्मू-कश्मीर के आबिद मुश्ताक ने नजीर की गेंद पर मिडविकेट पर एक हाथ से कैच लपका, जिन्होंने रोहित को मैच में दूसरी बार आउट किया जिससे भारतीय कप्तान क्रीज पर नहीं टिक पाए।

# भारत की निगाह शमी की फिटनेस और विजय अभियान जारी रखने पर, ये हो सकती है प्लेइंग 11

### भारत-इंग्लैंड टी-20

चेन्नई (एजेंसी)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी।

भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है।

इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने





चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी।

सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे। भारत को कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे।

असल में सूर्यकुमार पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद 11 पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाए हैं। भारत की अपनी अंतिम एकादश में खास बदलाव करने की संभावना नहीं है। अगर शमी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी की जगह टीम में लिया जाएगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो यहां की परिस्थितियों को देखकर वह युवा स्पिनर रेहान अहमद को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है।

### संभावित प्लेइंग 11

इंग्लैंड - अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

भारत -फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड

**समय - मैच शाम 7 बजे शुरू होगा।**

# कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट टीम में होंगे शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के बाद ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई है। बिग बैश लीग (बीबीएल)दौरान पिछले सप्ताह कुहनेमैन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन फिलहाल गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान वह नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। वह श्रीलंका पहुंचेंगे। गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में कुहनेमैन को हीट और क्वींसलैंड के गेंदबाजी कोच एंडी बिचेल ने आठ ओवर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए आउट किया। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने फील्डिंग करते हुए कुछ कैच पकड़े। गुरुवार को ब्रिस्बेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद कुहनेमैन श्रीलंका में होने वाली आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने को लेकर आशावादी हैं। 28 वर्षीय बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर को होबार्ट हरिकेंस से हारने के बाद ब्रिसबेन हीट के लिए खेलते समय चोट लगी थी। खेल के दौरान अंगूठे पर चोट लगने के बाद कुहनेमैन को टीम के साथी डेनियल ड्रू द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां अव्यवस्था को ठीक किया गया। अगली सुबह सर्जरी में फ्रैक्चर में एक पिन डाली गई। चोट की गंभीरता के बावजूद कुहनेमैन की रिकवरी तेजी से हुई। खेलों के दौरान अपने अंगूठे की सुरक्षा के लिए एक कस्टम-मेड प्लास्टिक स्प्लिंट तैयार किया गया है, जिसे कुहनेमैन अपने प्रदर्शन में बाधा डाले बिना पहन सकते हैं। 2023 में भारत में तीन टेस्ट खेलने वाले कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद गॉल में पहले टेस्ट के लिए ङ्गद्ध में जगह बनाने के दावेदार होंगे।



### श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज

- 29 जनवरी से 2 फरवरी - गॉल
- 6 फरवरी से 10 फरवरी - गॉल

- **ऑस्ट्रेलिया टीम-** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए।

जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।



जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता। जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं: योगी

**लखनउ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं। मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए अपने बधाई संदेश में कहा कि ''बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं।'' इसी पोस्ट में उन्होंने कहा, ''आज 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर सभी माताओं-बहनों का अभिनंदन एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई!'' योगी ने भरोसा दिलाया, ''डबल इंजन की सरकार 'सुरक्षा कवच' के रूप में सदैव मातृशक्ति के साथ है। आपकी प्रगति, उन्नति एवं आपका सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है।'' वर्ष 2008 में की थी। मोदी सरकार ने विभिन्न पहलों से बाल लिंगानुपात को बढ़ाने और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए 2015 में 22 जनवरी को अपनी महत्वाकांक्षी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की।


### कैम्ब्रिज जुड़ेगा भारत के महत्वाकांक्षी वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल से

**भोपाल।** पूरे भारत में रिसर्च एक्सीलेंस और लर्निंग को बढ़ावा देने की योजनाओं की रूपरेखा तैयार कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस भारत सरकार की अभूतपूर्व वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) पहल में शामिल प्रमुख प्रकाशकों में से एक है, जो देशभर में अकादमिक और रिसर्च एक्सीलेंस को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। कैम्ब्रिज अपनी पत्रिकाओं के विशाल भंडार तक पहुँच को बढ़ाएगा, जिससे भारत के अकादमिक समुदाय को हाई-क्वालिटी रिसर्च और पीयर-रिव्यू आर्टिकल्स का लाभ मिल सकेगा। भारत सरकार द्वारा संचालित ओएनओएस पूरे देश में प्रतिष्ठित स्कॉलर्स की क्वालिटी रिसर्च जर्नल्स तक पहुँच सुनिश्चित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस पहल में भाग लेने वाले 30 वैश्विक प्रकाशकों में से कैम्ब्रिज एक है, जो साइंस, टेक्नोलॉजी एंड मेडिसिन और ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस के क्षेत्र के 430 जर्नल्स तक पहुँच प्रदान करेगा। ओएनओएस भारत में सरकारी वित्तीय मदद लेने वाले 6,380 संस्थानों में 1.77 करोड़ से अधिक यूजर्स को हाई-क्वालिटी अकादमिक और रिसर्च सामग्री तक निर्बाध पहुँच प्रदान करता है। यह कदम भारत के आगे बढ़ते विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में महत्वपूर्ण मोड़ बनकर आया है। कैम्ब्रिज ज्ञान के लोकतंत्रीकरण और एक मजबूत रिसर्च इकोसिस्टम को साकार करने के भारत के विजन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस में एकेडेमिक पब्लिकेशन की प्रबंध निदेशक मैंडी हिल ने हाल ही में भारत की अपनी यात्रा के दौरान ओएनओएस सहित विभिन्न पहलों पर चर्चा करने के लिए हितधारकों से बातचीत की।

### श्रीमद भागवत सप्ताह का आयोजन 30 जनवरी से

**भोपाल ।** भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान हैए बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। कृष्ण की अनन्त लीलाओं में से बहुत सी लीलाओं का वर्णन भागवत में है। भोपाल में आयोजित भागवत कथा के यजमान चंद्रप्रकाश मिश्रा ने बताया श्री राधारानी जी की असीम कृपा एवं पितृदेव के अतुलित आशीर्वाद से,कण कण में निहित श्री कृष्ण जी की लीलाओं का रसपान हेतु श्रीमद भागवत सप्ताह का आयोजन 30 जनवरी से 6 फरवरी तक स-479,नेहरू नगर पुरानी पानी की टंकी के पास,भोपाल में किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन बिजेथुआ धाम, कादीपुर, सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश के कथावाचक पंडित कृष्णदेव तिवारी दारा प्रति दिन 3 से 6 बजे तक किया जायेगा । यह कथा केवल एक व्यक्ति के जीवन को नहींए बल्कि उनकी सात पीढ़ियों को मोक्ष प्रदान करने की शक्ति रखती है। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मार्गदर्शक है।

# कांग्रेस के राज वाले कर्नाटक में बदलेगा मुख्यमंत्री? अटकलें फिर हुई तेज



**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कांग्रेस शासित कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा है, लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ताजा बयानों से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कथित तौर पर तय हुआ था कि ढाई साल में सीएम बदले जाएंगे। फिलहाल, इस दौड़ में सबसे आगे उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार नजर आ रहे हैं।

गुरुवार को सिद्धारमैया के बयानों से पहली बार संकेत मिले हैं कि उनके और डिप्टी सीएम शिवकुमार के बीच बातचीत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, अंत में आलाकमान को ही हर बात पर फैसला लेना है। पत्रकारों ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सवाल किया था, जिसका उत्तर सिद्धारमैया ने दिया था। दरअसल, इस बयान को उनके पूर्व की टिप्पणियों से जोड़कर देखा जा रहा है। एक ओर जहां वह पहले पांच साल का कार्यकाल पूरा करने की बात कहते थे और नेतृत्व परिवर्तन की खबरों का खंडन करते थे। इधर, शिवकुमार ने हाल ही में कहा कि वह अपना कर्तव्य करेंगे। साथ ही कहा कि नेतृत्व को लेकर फैसला पार्टी करेगी। हालांकि, रेस में कई और नेता भी दावेदारी पेश करते नजर आ रहे हैं।

साल 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की थी। तब कहा जा रहा था कि शिवकुमार सीएम पद के लिए जोर दे रहे हैं। ऐसे में पार्टी को हस्तक्षेप करना पड़ा और कथित तौर पर 30 महीनों का एक समझौता तैयार हुआ। अब सिद्धारमैया को पद पर रहते हुए 30 महीने पूरे होने जा रहे हैं। दोनों के ही समर्थक अपने-अपने नेताओं का नाम आगे बढ़ा रहे हैं।

**क्या बोले शिवकुमार:** शिवकुमार ने जैन आध्यात्मिक गुरु गुणाधर नंदी महाराज से मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद मिलने के बाद बुधवार को पार्टी के प्रति अपनी वफादारी दोहराई और शीर्ष पद के लिए किसी भी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को खारिज कर दिया। जैन गुरु के आशीर्वाद के बाद राज्य में कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें फिर से तेज हो गई हैं। शिवकुमार ने हुबली हवाई अड्डे पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, आध्यात्मिक नेता अपनी इच्छानुसार आशीर्वाद देने के लिए स्वतंत्र हैं, और हम इसका सम्मान करते हैं। हालांकि, पार्टी के फैसले सर्वोच्च हैं, और हम उनका पालन करेंगे।

शिवकुमार की टिप्पणियों को वर्तमान में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के भीतर आंतरिक तनाव के बारे में अटकलों को शांत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस घटनाक्रम से पार्टी के भीतर संभावित नेतृत्व परिवर्तन के बारे में चर्चाएं तेज हो सकती हैं।

## तलाशी अभियान के बाद हथियार और 60 जिंदा गोला-बारूद बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** सुरक्षाकर्मियों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार, जिरीबाम जिले के जिरीबाम पुलिस थाने के अंतर्गत जैरोल और उचाथोल के जंगल से एक एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 12 बोर सिंगल बैरल बोर गन, 60 जिंदा गोला-बारूद, पांच यूबीजीएल राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए गए.

बुधवार को, भारतीय सेना ने पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ कई सफल संयुक्त अभियानों में चूरचंदपुर सहित मणिपुर के चार जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए. आधिकारिक बयान के अनुसार कि भारतीय सेना ने मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई सफल संयुक्त अभियानों में मणिपुर के थौबल, कांगपोकपी, चुरचंदपुर और टेंग्नुपाल जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से 12 हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए. आधिकारिक बयान के अनुसार, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस द्वारा 11 जनवरी को चूराचंदपुर जिले के मोंगजांग गांव और 13 जनवरी को कांगपोकपी जिले के फेयेंग हिल के सामान्य क्षेत्रों में, 14 जनवरी को कांगपोकपी जिले के कोटलेन गांव से 6 किमी उत्तर में नेपाली बस्ती, जीरो प्वाइंट - पी1 रेलवे साइट रोड, सलाम पटोंग गांव और थौबल जिले के वेथौ में कार्बाइन मशीन गन, सिंगल बोर बैरल राइफल, एके, पिस्तौल, ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए गए. मणिपुर उच्च न्यायालय की ओर से राज्य को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिए जाने के बाद 3 मई, 2023 को अखिल आदिवासी छात्र संघ मणिपुर (ञ्ञस्रू) की एक रैली के बाद मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी.

## कर्नाटक में नए साल में एमपॉक्स का पहला केस सामने आया, पीड़ित दुबई से आया था




**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक में गुरुवार को इस साल का पहला एमपॉक्स का मामला सामने आया, जो मंगलुरु के 40 वर्षीय एक व्यक्ति में पाया गया. कर्नाटक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान पुणे, ने संदिग्ध व्यक्ति के एमपॉक्स की पुष्टि की है. यहीं उसके नमूनों की जांच की गई थी.

उडुपी जिले के करकला का निवासी यह व्यक्ति पिछले 19 वर्षों से दुबई में रहने के बाद 17 जनवरी को मंगलुरु लौटा था. विज्ञप्ति में कहा गया है कि अस्पताल पहुंचने पर उसमें चकत्ते के लक्षण दिखे और दो दिन पहले उसे बुखार भी हुआ था. उसको तुरंत एक निजी अस्पताल में आइसोलेट किया गया और उनके एमपीओएक्स सैंपल को बैंगलोर मेडिकल कॉलेज और उसके बाद एनआईवी, पुणे में भेजा गया. इसमें कहा गया है, उक्त व्यक्ति की हालत स्थिर है और उसे कोई गंभीर जटिलता नहीं है. उसे जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी. वहीं पीड़ित की 36 वर्षीय पत्नी, जिन्होंने उन्हें मंगलुरु हवाई अड्डे पर रिसीव किया था, को प्राथमिक संपर्क के रूप में पहचाना गया है. उन्हें किसी भी लक्षण पर नजर रखने के लिए कुछ दिनों के लिए अलग रहने की सलाह दी गई है.

विभाग ने कहा कि इस बीमारी का उपचार सामान्यतः लक्षणों का प्रबंधन है, जैसे बुखार, बदन दर्द के लिए दवा तथा संक्रमित घावों/चकत्तों से होने वाले द्वितीयक संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक, साथ ही पर्याप्त मात्रा में जलपान, पोषण, आराम आदि सुनिश्चित करना आदि. एमपॉक्स आम तौर पर बहुत करीबी और अंतरंग संपर्क के माध्यम से ही फैलता है. इस बीमारी की संक्रामकता कोविड-19 जितनी गंभीर नहीं है.

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे इस बीमारी की हल्की प्रकृति तथा इसकी कम संक्रामकता को देखते हुए मामले की सूचना मिलने पर घबराएं नहीं. हालांकि लोगों से कहा गया है कि वे इस बीमारी से जुड़े सामान्य लक्षणों जैसे बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, पसीना आना, गले में खराश और खांसी के साथ त्वचा पर चकत्ते आदि पर नजर रखें और जांच कराएं. खासकर यदि उन्होंने इस वायरस के लिए उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा की हो या वे एमपॉक्स से प्रभावित व्यक्तियों के बहुत निकट संपर्क में रहे हों.

## जो हिंदू-मुस्लिम के बीच दुश्मनी फैलाते हैं, वे हिंदू नहीं हो सकते: उद्धव ठाकरे



**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला किया. उन्होंने और कहा कि जो कोई भी सांप्रदायिक विद्वेष फैलाता है, वह हिंदू नहीं हो सकता. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी का हिंदुत्व स्वच्छ है. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को बैलेट पेपर पर चुनाव कराने की चुनौती भी दी. वह शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

ठाकरे ने कहा कि अगर आपको थोड़ी भी शर्म है, तो ईवीएम को किनारे रखें और बैलेट पेपर से चुनाव कराएं. जो कोई भी हिंदू-मुस्लिम दुश्मनी फैलाता है, वह हिंदू नहीं हो सकता. हमारा हिंदुत्व स्वच्छ है. उल्लेखनीय रूप से, 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव शिवसेना (यूबीटी) के लिए बहुत बड़ी हार थी, जो खुद 20 सीटों पर सिमट गई, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों के साथ शानदार जीत दर्ज की.

इस बीच, भारत ब्लॉक के कई विपक्षी नेता चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं. इस महीने की शुरुआत में, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान के लिए पेपर बैलेट पर लौटने के सुझाव को खारिज करते हुए कहा कि पुरानी पेपर बैलेट प्रणाली पर लौटना अनुचित और प्रतिगामी है. ऐसी मांग का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारना है.

इस सप्ताह, दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के उपयोग को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया. याचिकाकर्ता ने ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई थी और तर्क दिया था कि संबंधित कानून की धारा 61-ए के तहत प्रतिवादी (भारत के चुनाव आयोग) को प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम के इस्तेमाल के लिए अलग-अलग औचित्य प्रदान करने की आवश्यकता है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने अपील को खारिज करते हुए कहा कि हमें वर्तमान अपील में कोई योग्यता नहीं मिली, और इसे खारिज किया जाता है.

## महिला बिशप की ट्रम्प से अपील- समलैंगिकों पर दया करें



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार को राजधानी वॉशिंगटन के नेशनल कैथेड्रल चर्च में एक प्रार्थना में हिस्सा लिया था। रॉयटर्स के मुताबिक इस दौरान एपिस्कोपल बिशप राइट रेव मैरिएन एडगर बुडे ने ट्रम्प से समलैंगिक समुदाय और अवैध प्रवासियों पर दया करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा ऐसी बातें न कहें जिसके लिए आपको पछताना पड़े। बिशप का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई ट्रम्प समर्थकों को गुस्सा उन फूड पड़ा। उन्होंने बिशप पर वामपंथी होने का आरोप लगाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प की बेटी टिफनी ने कहा कि विशप के बयान को पागलपन बताया। वहीं ट्रम्प ने कहा कि उनका भाषण काफी उबाऊ और प्रेरणाहीन था।

इसके बाद महिला बिशप ने टाइम मैगजीन को दिए गए इंटरव्यू में कहा- मैं माफी नहीं मांगने जा रही हूं। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से नफरत नहीं करती। मैं वामपंथी भी नहीं हूं। मैं दूसरों के लिए दया मांगने के लिए माफी नहीं मांगने जा रही हूं। कुछ लोगों ने कहा है कि वे मेरी मृत्यु की कामना करते हैं यह दुखद है। सभा में एक दर्जन से अधिक धार्मिक नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिनमें हिंदु, बौद्ध, यहूदी और मुस्लिम धर्मगुरु शामिल थे। वॉशिंगटन नेशनल कैथेड्रल 1933 से अब तक दोनों प्रमुख दलों के राष्ट्रपतियों के लिए 10 प्रार्थना समारोह आयोजित कर चुका है।

15 मिनट के प्रवचन में बिशप बुडे ने कहा- राष्ट्रपति, मैं आपसे एक अंतिम निवेदन करना चाहती हूं। लाखों लोगों ने आप पर भरोसा किया है। और जैसा कि आपने कल (20 जनवरी) देश को बताया कि जब आप पर हमला हुआ था तब आपने अपने साथ एक दैवीय हाथ को महसूस किया। मैं आपसे ईश्वर के नाम पर, उन लोगों पर दया करने के लिए कहती हूं जो डरे हुए हैं। बिशप ने कहा- वे डेमोक्रेटिक, रिपब्लिकन और अन्य परिवारों के समलैंगिक, लेस्बियन और ट्रांसजेंडर बच्चे हैं, जिनमें से कुछ को अपने जीवन का डर है। मारियान एडगर बुडे कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और फोर मैरीलैंड काउंटियों में 86 एपिस्कोपल काउंटी और 10 एपिस्कोपल स्कूलों की स्प्रिचुअल लीडर हैं। वह प्रोटेस्टेंट एपिस्कोपल कैथेड्रल फाउंडेशन की अध्यक्ष भी हैं, जो वाशिंगटन नेशनल कैथेड्रल और कैथेड्रल स्कूलों की देखरेख करने वाला संगठन है। उन्होंने न्यूयॉर्क की रोचेस्टर यूनिवर्सिटी से हिस्ट्री में बैचलर्स किया है। इसके साथ ही वर्जीनिया थियोलॉजिकल सेमिनरी से मास्टर्स इन डिविनिटी और डॉक्टर ऑफ मिनिस्ट्री की डिग्री भी प्राप्त की है।

## पीएम अल्बनीज ने की ग्रीन बैंक के लिए अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा



**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को बढ़ावा देने को देश के ग्रीन बैंक के लिए अतिरिक्त धनराशि की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल्बनीज और जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने गुरुवार को कहा कि संघीय सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा वित्त निगम (सीईएफसी) को अतिरिक्त दो बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.25 बिलियन डॉलर) का निर्देश दिया है।

उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा कि अतिरिक्त निवेश से डी-कार्बोनाइजेशन परियोजनाओं में निजी क्षेत्र के निवेश के अनुमानित छह बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (3.76 बिलियन डॉलर) का लाभ मिलेगा, जिससे नौकरियों, आर्थिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। अल्बनीज ने कहा हम ऑस्ट्रेलिया का भविष्य बना रहे हैं, ऑस्ट्रेलिया को पीछे नहीं ले जा रहे हैं।

सीईएफसी की स्थापना 2012 में सरकार की ओर से डी-कार्बोनाइजेशन अवसरों में निवेश करने के लिए शुरुआती 10 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (6.27 बिलियन डॉलर) के वित्तीय शुरुआत के साथ की गई थी। सरकार के अनुसार, यह दुनिया का सबसे बड़ा समर्पित ग्रीन बैंक है।

## तुर्की के स्की रिजॉर्ट में आग की घटना में मरने वालों की संख्या 78 हुई

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बोलू प्रांत स्थित कार्तलकाया स्की रिजॉर्ट में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। देश के न्याय मंत्री यिलमाज तुनक ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। इस घटना के सिलसिले में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। तुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनमें उप महापौर, अग्निशमन प्रमुख और होटल के मालिक तथा प्रबंधक शामिल हैं। मामले की जांच जारी है।

बारह मंजिला इस होटल में मंगलवार सुबह आग लग गई थी। चौथी मंजिल पर स्थित एक रेस्टोरेंट में यह आग लगी थी जो धीरे-धीरे ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की। कैबिनेट बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में एर्दोगन ने कहा, इस घटना के पीछे जो भी दोषी हैं, जिनकी लापरवाही पाई जाएगी, उन्हें कानून के सामने जवाबदेह ठहराया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने बताया कि 17 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है तथा अन्य घायलों का उपचार जारी है, जिनमें से एक को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया है।

## पाक सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में 6 टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया



**बलूचिस्तान, एजेंसी।**
सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से बलूचिस्तान के झोब जिले में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे छह आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया. इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को यह घोषणा की. डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभियान क्षेत्र में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के बीच चल रही सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए चलाया गया था.

आईएसपीआर के अनुसार कि 22 और 23 जनवरी की रात को, पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के माध्यम से घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे ख्वारिज के एक समूह की गतिविधि को सुरक्षा बलों ने झोब जिले के सामान्य क्षेत्र सांबाजा में पकड़ा. ख्वारिज शब्द प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को संदर्भित करता है.

आईएसपीआर की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमारे सैनिकों ने घुसपैठ की उनकी कोशिश को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया गया. रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया. आईएसपीआर ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया कि अंतरिम अफगान सरकार आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए अपनी तरफ से प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करे. बयान में कहा गया कि पाकिस्तान लगातार अंतरिम अफगान सरकार से सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कह रहा है. अंतरिम अफगान सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने दायित्वों को पूरा करे और ख्वारिज द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी कृत्यों को जारी रखने के लिए अफगान भूमि का उपयोग ना करने दे. बयान में आईएसपीआर ने कहा कि सेना जनता को पाकिस्तान की सीमाओं की सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सेना की निरंतर प्रतिबद्धता का भी आश्वासन दिया. इसने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं की सुरक्षा और देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. झोब में ऑपरेशन पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद का मुकाबला करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है. इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएसपीआर ने खुलासा किया कि सुरक्षा बलों ने 11 जनवरी को झोब में आतंकवाद में शामिल एक अफगान नागरिक को मार गिराया था. डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के मुहम्मद खान अहमदखेल के रूप में पहचाने गए व्यक्ति को प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के बाद अफगान अधिकारियों को सौंप दिया गया. आईएसपीआर ने कहा कि ऐसी घटनाएं पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में अफगान नागरिकों की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं. इस्लामाबाद ने बार-बार अफगान क्षेत्र के उपयोग पर चिंता जताई है. टीटीपी द्वारा पाकिस्तान में हमले शुरू करने की आशंका है. हालांकि, काबुल इन आरोपों से इनकार करता है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव पैदा होता है. सीमा पर लगातार होने वाली झड़पों और अनसुलझे सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129